ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 14 जून 2024
वर्ष 34, अंक 138, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

करण की किल का ट्रेलर रिलीज 16

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : राफेल नडाल 15

एक नजर

पराग दूध आज शाम से दो रुपये प्रति लीटर महंगा

लखनऊ। लखनऊ दुग्ध संघ ने 14 जून की शाम से पराग दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है। कीमतों में वृद्धि सभी वैरायटी में की गई है। इनमें पराग गोल्ड, टोंड समेत सभी तरह के दूध हैं। लखनऊ कार्यक्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों में दूध की ये नई दरें शुक्रवार शाम से प्रभावी हो जाएंगी। कंपनी के महाप्रबंधक विकास बालियान ने बताया कि एक लीटर पराग गोल्ड की नई कीमत अब 68 रुपये होगी। पहले यह 66 रुपये लीटर था। 54 रुपये में मिलने वाला टोंड मिल्क 56 रुपये लीटर मिलेगा। लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में बिक रहे दूध पर नई कीमतें प्रभावी होंगी।

चालू वित्त वर्ष में विकास दर 8% रहने का अनुमान

नई दिल्ली। प्रमुख उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने गुरुवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8% की दर से बढ़ने का अनुमान है] लेकिन इसके लिए अगली पीढ़ी के सुधारों को मिशन मोड में आगे बढ़ाने की जरूरत है। सीआईआई के नव-निर्वाचित अध्यक्ष संजीव पुरी ने यह अनुमान जताते हुए कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान विकास दर 8% को छूने के लिए तैयार है, जो चौथे वर्ष 7% से अधिक की वृद्धि को दर्शाता है।

फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर सुप्रीम रोक

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अन्नू कपूर की फिल्म हमारे बारह की रिलीज पर गुरुवार को रोक लगा दी। फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी। कोर्ट ने फिल्म पर इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली के वकील फौजिया शकील की दलीलों पर बम्बई हाईकोर्ट से याचिका पर शीघ्र निर्णय लेने को कहा।

अजीत डोभाल एनएसए, मिश्रा बने रहेंगे मोदी के प्रधान सचिव

नई दिल्ली, एजेंसी

- 10 जून से ही प्रभावी होगी दोनों की नियुक्ति

भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी अजीत डोभाल को लगातार तीसरी बार राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) नियुक्त किया गया है और डॉ. पीके मिश्रा को दोबारा प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव बनाया गया है।

केन्द्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति के मामलों की समिति ने इन दोनों अधिकारियों की नियुक्ति को गुरुवार को मंजूरी दे दी। समिति ने सेवानिवृत आईएएस अधिकारियों अमित खरे और तरुण कपूर को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में सलाहकार नियुक्त किया है। केन्द्रीय कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने गुरुवार को बताया कि डोभाल और डॉ. मिश्रा की नियुक्ति 10 जून से प्रभावी होगी और प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल या अगले आदेश जो भी पहले हो तब तक रहेगी।

अजीत डोभाल डॉ. पीके मिश्रा

अकबर नगर में बनेगी देश की पहली नाइट सफारी

प्राणि उद्यान भी होगा शिफ्ट, केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से मिली अनुमति, डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट की जा रही तैयार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: कामगारों की बस्ती के रुप में पहचान रखने वाले अकबर नगर का नाम विश्व पटल पर दर्ज होने जा रहा है। यहां देश की पहली और दुनियां की पांचवीं नाइट सफारी बनाने का खाका तैयार हो गया है। लखनऊ चिड़ियाघर भी यहीं पर स्थापित किया जाएगा। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से नाइट सफारी की अनुमति मिलने के बाद इसका डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार किया जा रहा है।

योगी सरकार कुकरैल वन क्षेत्र को

ईको टूरिज्म हब बनाने जा रही है। रहीमनगर, भीखमपुर और अकबर नगर से अवैध निमार्ण को हटाकर जगह खाली कराया जा रहा है। यहां के 855.07 एकड़ क्षेत्र में परियोजना विकसित की जाएगी। यह परियोजना अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर आएगी, जिससे विदेशी पर्यटक भी आकर्षित होंगे। नाइट सफारी क्षेत्र में इंडियन वॉकिंग ट्रेल, इंडियन फुटहिल, इंडियन वेटलैंड, एरिड इंडिया व अफ्रीकन वेटलैंड की थीम पर विकसित किए जाने वाले क्षेत्र मुख्य आकर्षण होंगे। नाइट सफारी में 42 इनक्लोजर में 54 प्रजातियों के जानवरों को रखा जाएगा। सफारी की अधिकतम क्षमता 8 हजार व्यक्ति प्रति रात्रि होगी। पर्यटकों के सैर के लिए 5.5 किमी ट्राम-वे व 1.92 किमी का पाथ-वे बनेगा। सफारी में एशियाटिक लॉयन, घड़ियाल, बंगाल टाइगर, उड़न गिलहरी, तेन्दुआ, हायना आदि जीव आकर्षण का केंद्र होंगे। कुकरैल नदी के दोनों तरफ सुंदर पार्क विकसित किए जाएंगे और एडवेंचर एक्टिविटी भी होंगी।

गोमती के अस्तित्व के लिए कुकरैल का निर्मल होना जरूरी, खोया वजूद होगा कायम

वर्ष 1904 में प्रकाशित लखनऊ के गजेटियर के अनुसार कुकरैल महोना में अस्ती गांव के उत्तर से निकलती है। यह शहर के ठीक नीचे भीखमपुर के पास गोमती नदी में मिल जाती है। गजेटियर के अनुसार कुकरैल का पानी अपनी शुद्धता के लिए प्रसिद्ध हुआ करता था। बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में पर्यावरण विज्ञान के प्रोफेसर वेंकटेश दत्ता का कहना है कि गोमती के अस्तित्व के लिए अविरल निर्मल कुकरैल नदी आवश्यक है। क्योंकि यह गोमती की सहायक है। कुकरैल नदी मध्य लखनऊ शहर से गुजरते समय बड़ी मात्रा में पानी लाती रही है। 1962 में तटबंध के निर्माण से पहले, कुकरैल नदी बैराज के नीचे की ओर (जहां वर्तमान ताज होटल और अंबेडकर पार्क स्थित है) गोमती से मिलती थी। लेकिन तटबंध के निर्माण के बाद यह हिस्सा नदी की मुख्यधारा से कट गया। कुकरैल के रिपेरियन बफर को बांधों, नालों और अनियोजित शहरीकरण से काफी नुकसान हुआ है।

नीट-यूजी: ग्रेस मार्क्स रद, दोबारा होगी 1563 अभ्यर्थियों की परीक्षा

छात्रों को विकल्प देने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति

नई दिल्ली, एजेंसी

मेडिकल स्नातक स्तर की पढ़ाई के लिए पांच मई को आयोजित की गई विवादित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) के दौरान देर से प्रश्नपत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) पाने वाले 1563 विद्यार्थियों को 23 जून को दोबारा परीक्षा देने का विकल्प दिया गया है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की सुप्रीम कोर्ट की अवकाशकालीन पीठ ने शिक्षक अलख पांडे और अन्य की याचिकाओं पर पुनः परीक्षा कराने के फैसले से संबंधित केंद्र सरकार के हलफनामे पर विचार के बाद गुरुवार को यह अनुमति दी। नीट-यूजी 202 विवाद मामले में एनटीए ने सुनवाई शुरू होते ही पीठ के समक्ष कहा कि जिन 1563 विद्यार्थियों को देर से प्रश्न पत्र मिलने के बदले अतिरिक्त अंक (ग्रेस मार्क्स) दिए गए थे, उनके प्राप्तांक (स्कोर-कार्ड) रद करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही उन्हें दोबारा परीक्षा देने का विकल्प देने का फैसला किया गया है। अदालत के समक्ष एनटीए ने यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले 1563 विद्यार्थियों में जो दोबारा परीक्षा में शामिल होने का विकल्प अपनाएंगे, उन्हें इस परीक्षा में प्राप्त अंक वाले अंक पत्र जारी किए जाएंगे। यह भी कहा कि क्षतिपूर्ति अंक पाने वाले जो विद्यार्थी दोबारा होने वाली परीक्षा में शामिल नहीं होंगे, उन्हें पहले दिए गए क्षतिपूर्ति अंक काटकर अंक पत्र जारी किए जाएंगे। न्यायमूर्ति नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की दलीलों पर विचार के बाद दोबारा परीक्षा आयोजित कर परिणाम घोषित करने की अनुमति दी, लेकिन स्पष्ट किया कि काउंसलिंग प्रक्रिया जारी रहेगी। शीर्ष अदालत के समक्ष एनटीए ने कहा कि केवल 1563 उम्मीदवारों के लिए पुनः परीक्षा 23 जून और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू की जाएगी। केंद्र की ओर से पेश अधिवक्ता कनु अग्रवाल ने कहा कि दोबारा परीक्षा का निर्णय एक समिति की सिफारिश पर लिया गया है। कोर्ट ने कहा कि नकल की शिकायतों से संबंधी याचिकाओं पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी।

- 23 जून को आयोजित होगी परीक्षा 30 जून को घोषित होंगे परिणाम

प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं : प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि इन दावों की पुष्टि के लिए कोई सबूत नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सुनिश्चित कर रही है कि किसी भी छात्र का नुकसान नहीं हो। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने चार जून को नीट-यूजी के परिणाम घोषित किए। प्रधान ने दूसरी बार केंद्रीय शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभालने के बाद संवाददाताओं से कहा कि नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई सबूत नहीं है। एनटीए में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं।

कांग्रेस संसद में उठाएगी नीट में धांधली का मुद्दा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने नीट-यूजी, 2024 में कथित धांधली को लेकर केंद्र सरकार पर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का आरोप लगाया और कहा कि 24 जून से आरंभ हो रहे संसद के सत्र के दौरान इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। कांग्रेस इस मामले में सीबीआई जांच चाहती है, लेकिन अगर सरकार इसके लिए तैयार नहीं है तो फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच होनी चाहिए। कांग्रेस ने यह मांग भी की है कि एनटी के महानिदेशक को उनके पद से हटाया जाए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि इस सरकार में 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है। खरगे ने एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट में केवल कृपांक की समस्या नहीं थी। धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है।

येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर जमानती वारंट जारी

बेंगलुरु। बेंगलुरु की अदालत ने गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट (एनवीडब्ल्यू) जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) के मामले की जांच कर रहे सीआईडी ने पहले पूछताछ को बुलाया था। येदियुरप्पा ने जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों के अनुसार भाजपा नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है।

- भाजपा नेता पर लगा है नाबालिग के यौन उत्पीड़न का आरोप

पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा पर 17 वर्षीया किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और आईपीसी की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया।

कानपुर में 5वीं मंजिल से गिरी महिला डॉक्टर, मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : स्वरूप नगर थाना क्षेत्र में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (जीएसवीएम) के परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल से बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में गिरने से महिला एमबीबीएस डॉक्टर की मौत हो गई। बरेली निवासी डॉक्टर अपने दो साथी पुरुष डॉक्टरों के साथ पांचवीं मंजिल पर पार्टी कर रही थी। परिजनों ने दोनों डॉक्टरों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं। पोस्टमार्टम में महिला डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटों का पता चला है। पेट में अल्कोहल भी मिला है। आंतरिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के ग्राम अजनौरा निवासी रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर बरेली में तैनात रहे। इस दौरान बरेली के थाना बारादरी के सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने वाले उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी अपनी पत्नी अनीता, पुणे में इंजीनियर बेटे मयंक तिवारी और इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी (24) के साथ रह रहे हैं। पिता के अनुसार बेटी दीक्षा ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस किया था। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। 25 जून से उसे नौकरी पर रेगुलर होना था। वह अपना सामान लेने कानपुर गई थी। पुलिस ने बताया कि दीक्षा अपने बैचमेट डॉक्टर मयंक और हिमांशु के साथ बुधवार रात करीब 1 बजे कॉलेज कैंपस में परीक्षा भवन में गए और पांचवीं मंजिल पर पार्टी शुरू की। तभी दीक्षा स्लैब तोड़ते हुए डक्ट में नीचे जा गिरी। दोनों डॉक्टरों की सूचना पर पुलिस पहुंची और लहूलुहान अवस्था में दीक्षा को लेकर हैलट अस्पताल पहुंची। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एसीपी शिखर और डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम पहुंचे और दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया। पिता प्रदीप तिवारी, मौसा अरुण दुबे, फुफेरे भाई गौरव ने साथी डॉक्टरों पर दीक्षा की हत्या का आरोप लगाया है।

- मेडिकल कॉलेज की छत पर दो बैचमेट के साथ कर रही थी पार्टी, दोनों पर हत्या का आरोप
- सुरेश शर्मा नगर बरेली की थी रहने वाली, मेरठ मेडिकल कॉलेज में 25 जून को थी ज्वाइनिंग

पीड़ितों की सहायता के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्यमंत्री

कुवैत के जाबेर अस्पताल में एक घायल का हाल लेते विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह।

दुबई/कुवैत सिटी, एजेंसी

कुवैत में एक इमारत में लगी भीषण आग में घायल हुए लोगों की सहायता के लिए किए जा रहे कार्यों की निगरानी करने और इस घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को शीघ्र भारत भेजने के लिए विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह गुरुवार को कुवैत पहुंचे। कुवैत के दक्षिणी शहर मंगाफ में छह मंजिला एक इमारत में बुधवार को भीषण आग लग गई थी जिसमें 195 प्रवासी श्रमिक रहते थे। इस घटना में 49 विदेशी कामगारों की मौत हो गई और 50 घायल हो गए थे। कुवैत के प्रथम उपप्रधानमंत्री शेख फहद के मुताबिक 48 शवों की पहचान कर ली गई है जिसमें 45 भारतीय और 3 फिलीपीन के हैं। एक शव की पहचान के प्रयास जारी है।

कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह आग हादसे में घायल हुए लोगों की सहायता के प्रयासों और हादसे में मारे गए लोगों के पार्थिव शरीरों की शीघ्र वतन वापसी के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के लिए कुवैत पहुंचे हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को नई दिल्ली में कहा कि कुवैत के अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। भारतीयों के पार्थिव शरीर वापस लाने के लिए भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है।

मंगाफ अग्निकांड

- शवों का हो रहा डीएनए परीक्षण वायुसेना का विमान तैयार
- छह मंजिला इमारत में आग लगने से मारे गए थे 40 भारतीय

मृतकों में तीन यूपी के

लखनऊ। कुवैत में आग की घटना में मरने वाले 45 भारतीयों में तीन उत्तर प्रदेश के हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य के आलाधिकारी विदेश मंत्रालय और कुवैत स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं। मृतकों में प्रवीण माधव सिंह (वाराणसी), जयराम गुप्ता और अंगद गुप्ता (गोरखपुर) के हैं।

जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नई दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है।

लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 को

नई दिल्ली। लोकसभा 26 जून को नए अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को बताया कि 18वीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र 3 जुलाई को समाप्त होगा। कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को नोटिस दे सकते हैं। अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं।

कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे को लगाएं पूरी ताकत

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद गुरुवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल करने का निर्देश दिया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई और सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई।

- प्रधानमंत्री ने कई आतंकी घटनाओं के बाद की जम्मू-कश्मीर में स्थिति की समीक्षा, दिए निर्देश

सूत्रों ने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया। बैठक में प्रधानमंत्री को क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी स्थिति और वहां चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों से अवगत कराया गया। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे आतंकवाद से निपटने की हमारी क्षमताओं का पूरा इस्तेमाल करने को कहा। पिछले चार दिनों में जम्मू एवं कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर आतंकवादियों के हमले में नौ तीर्थयात्री मारे गए तथा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक जवान भी शहीद हो गया। इन हमलों में सात सुरक्षाकर्मी तथा कई अन्य घायल हो गए।

जम्मू-कश्मीर के स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से करें। बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया कि मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं। जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है कि कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं।

ऑनलाइन मंगाई आइसक्रीम निकला मांस का टुकड़ा

मुंबई। मुंबई के मलाड इलाके में एक व्यक्ति ने ऑनलाइन कोन आइस्क्रीम मंगाई और उसे कोन में मांस का टुकड़ा मिला। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि संदेह है कि मांस का टुकड़ा मनुष्य की कटी अंगुली है, इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि मलाड पश्चिम में रहने वाले एक डॉक्टर ने यम्मो कंपनी की आइसक्रीम ऑनलाइन मंगाया था। खाने को खोला तो कोन से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था। एमबीबीएस की पढ़ाई कर रहे डाक्टर ने आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत की। कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने पुलिस थाने में शिकायत की।

25 प्रतिशत तक कम होंगी फ्लैट्स की कीमतें

उप्र. के विभिन्न शहरों में विकास प्राधिकरणों के मकानों के लिए नई कास्टिंग गाइडलाइन तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में अलग-अलग आय समूहों के लिए तैयार प्राधिकरणों के फ्लैट्स की कीमतें 15 से 25 प्रतिशत तक कम हो सकतीं हैं। कीमतें कम करने के मद्देनजर कम्पाऊंड चार्ज कम करने के सुझाव के साथ एक कास्टिंग गाइड लाइन तैयार कर शासन को भेजी गई है।

मार्च में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने भी ओवरहेड और कंटीजेंसी चार्ज कम कर 1000 फ्लैट बेचने की योजना बनाई थी, आने वाले समय में पूरे राज्य में यह प्रयोग लागू हो सकता है। दरअसल, राज्य में फिलहाल सम्पत्तियों की कीमतों की गणना साल 1999 में बनी कास्टिंग गाइडलाइन पर आधरित है। इसमें कई ऐसे चार्ज जुड़े हैं जिससे सम्पत्तियों की कीमतें बढ़ जाती हैं। अलग-अलग आय समूहों के लिए बने फ्लैट्स के बेसिक मूल्य पर कंटीजेंसी और ओवरहेड चार्ज लिया जाता हैं। एलडीए उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बनी कमेटी ने कास्टिंग गाइड लाइन में बड़ा सुधार करने का सुझाव दिया है। प्रस्ताव शासन के पाले में है, अगर इस पर मुख्यमंत्री की सहमति मिली और बाद में इस प्रस्ताव को कैबिनेट से पारित करा लिया गया तो फलैट्स की कीमतें दो से पांच लाख रुपये तक कम हो सकतीं हैं।

अगर कैबिनेट से प्रस्ताव पारित हो गया तो एचआईजी, एमआईजी और एमएमआईजी श्रेणी के मकानों के कंटीजेंसी शुल्क में 8 जबकि ओवरहेड चार्ज में 7.50 फीसद की कमी हो जाएगी। इतना ही नहीं, भूखण्डों पर लगने वाली ब्याज दरों में भी कमी होगी। इस कड़ी में शासन को भेजी गई गाइडलाइन में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी पर सात, एमआईजी पर आठ, एचआईजी पर 9 जबकि व्यावसायिक भवन भूखण्ड होने पर 11 फीसद ब्याज लेने का सुझाव दिया गया है। विलम्ब से भुगतान करने पर 2 फीसद अतिरिक्त ब्याज देना होगा।

इसी तरह लीज होल्ड भवनों में भूमि के अतिरिक्त भवनों के निर्माण लागत पर फ्री होल्ड चार्ज न लेने का सुझाव दिया गया है। वहीं, आवंटी को 45 दिन में एकमुश्त भुगतान पर छह, 60 दिन में पूरे पैसे जमा करने पर पांच फीसद छूट जैसी सुविधा भी दी जाएगी।

- कमेटी की तैयार रिपोर्ट शासन के पाले में, कैबिनेट से मंजूरी के बाद लागू किया जाएगा

> मुख्यमंत्री की मंशानुरुप जनहित से जुड़ी तमाम योजनाओं को लेकर दिए सुझाव व्यापक अर्थों में हैं। कैबिनेट से पास हो जाने पर आगे इसे लागू करने पर अमल किया जाएगा। – **नितिन रमेश गोकर्ण**, अपर मुख्य सचिव आवास

एक नजर

चोर दरवाजे से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा कारॅपोरेशन

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाते हुए कहा कि पावर कॉरपोरेशन 'चोर दरवाजे' से दरें बढ़ाने की कोशिश कर रहा है, पर किसी तरह दरों में बढ़ोतरी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के पक्ष में निकल रहे 33,122 करोड़ के एवज में अगले पांच सालों तक बिजली दरों में आठ प्रतिशत की कमी किए जाने की मांग की। मालूम हो की नोएडा पावर कंपनी की ओर से पिछले दो साल से उपभोक्ताओं को दस प्रतिशत की छूट दी जा रही है।

बिजली दरों पर पावर कॉरपोरेशन ने आयोग में पेश नहीं किया प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ कहा, दरों पर आयोग स्वयं ले निर्णय

अमृत विचार : प्रदेश में नई बिजली दरों के निर्धारण को लेकर इस बार उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने राज्य विद्युत नियामक आयोग में उपभोक्ता श्रेणीवार विस्तृत प्रस्ताव पेश नहीं किया। कॉरपोरेशन ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता का उल्लेख करते हुए आयोग से स्वतः दरों के निर्धारण की मांग की है।

आयोग के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन समेत प्रदेश की बिजली कंपनियों ने वार्षिक राजस्व आवश्यकता से संबंधित आंकडे समाचार पत्रों में प्रकाशित कराये, पर बिजली दरों में न तो बढोतरी का और न ही कमी का कोई उल्लेख किया गया। बिजली कंपनियों ने आयोग में प्रस्ताव दाखिल कर बिजली लागत व खर्च के बीच अंतर को देखते हुए बिजली दर पर स्वतः उचित फैसला लेने की मांग की।

यह पहला मौका है कि जब आयोग के निर्देश के बाद भी कॉरपोरेशन ने उपभोक्ता श्रेणीवार प्रस्ताव पेश नहीं किया। हर साल कॉरपोरेशन अपने विस्तृत प्रस्ताव में घरेलू, वाणिज्यिक, उद्योग समेत विभिन्न श्रेणी की नई बिजली दरों का प्रस्ताव पेश करता रहा है। साथ ही, कॉरपोरेशन की ओर से बिजली दरों में बढ़ोतरी की मांग की जाती रही है। हालांकि, उपभोक्ताओं के विरोध के कारण दरें नहीं बढ़ सकी हैं।

खुर्जा व बुलंदशहर को मिलाकर गठित होगा नया प्राधिकरण

मुख्यमंत्री ने कहा, सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना आवश्यक, तैयार करें कार्ययोजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : खुर्जा और बुलंदशहर विकास प्राधिकरणों को मिलाकर नया प्राधिकरण गठित होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को सरकारी आवास पर हुई उच्च स्तरीय बैठक में खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद विकास प्राधिकरणों की जीआईएस आधारित महायोजना-2031 के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया और सुनियोजित विकास के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा और बुलंदशहर दो अलग-अलग विकास प्राधिकरण के रूप में गठित हैं, जबकि दोनों ही विकास प्राधिकारणों में आर्थिक, वाणिज्यिक, औद्योगिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरूपता है। पूरा क्षेत्र एक ही जिले बुलंदशहर के अंतर्गत आता है। विकास के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को बनाने व उनके सुगम क्रियान्वयन के लिए यह आवश्यक है कि दोनों प्राधिकरणों को मिलाकर एक बड़े विकास प्राधिकरण का गठन किया जाए।

उन्होंने कहा कि सभी नगरों में इनर रिंग रोड का विकास करना जरूरी है, इसके लिए कार्ययोजना तैयार करें। सीमा विस्तार में शामिल नए गांवों को महायोजना में आबादी के रूप में ही दर्ज करें, ग्रीन बेल्ट के रूप में दर्ज न किया जाय। नदियों, पोखरों व अन्य जलाशयों पर अतिक्रमण न होने दिया जाय। लखनऊ की कुकरैल नदी की तर्ज पर कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि महायोजना में मेडिसिटी, स्पोर्ट्स सिटी, एजुकेशन सिटी, कन्वेशन सेंटर आदि के लिए स्पष्ट क्षेत्र चिन्हित किये जायं। जनसमस्याओं के निस्तारण में तेजी लाएं व नक्शा पास कराने जैसी सामान्य कार्यों में अनावश्यक विलम्ब न हो।

सरकारी आवास पर आवास विभाग की लंबित महायोजनाओं के प्रस्तुतीकरण की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी।

▸▸ खुर्जा, बुलंदशहर व मुरादाबाद के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने किया महायोजना पर विचार

सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि खुर्जा का सिरेमिक उद्योग देश-विदेश में विशेष पहचान रखता है। वर्ष 2021 में 23 मिलियन यूएस डॉलर मूल्य के सिरेमिक उत्पाद निर्यात किए गए। इस सेक्टर में अभी बहुत संभावना है। आवश्यकता है कि इससे जुड़े उद्यमियों, शिल्पियों की अपेक्षाओं के अनुसार सुविधाओं का विस्तार किया जाए। उन्हें मार्केट उपलब्ध कराएं। सिरेमिक हाट का निर्माण कराएं।

भीषण गर्मी में टूटा रिकॉर्ड, बिजली की मांग 30 हजार मेगावाट के पार

ओबरा की दो इकाइयां ठप, बिजली संकट बढ़ा, अन्य स्रोतों से पूरी की गई मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड फिर टूट गया। गुरुवार को बिजली की अधिकतम मांग 30 हजार मेगावाट पार कर गई। भीषण गर्मी को देखते हुए मांग के 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच, ओबरा बिजलीघर की दो इकाइयां ठप हो गईं। इससे उत्पादन इकाइयों में बिजली संकट बढ़ गया और एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली की मांग पूरी की गई।

पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, ओबरा की 660 मेगावाट व 200 मेगावाट की एक-एक इकाई ठप हो गई, जबकि पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की बंद चल रही इकाई चालू नहीं हो सकी। ओबरा की 200 मेगावाट की इकाई के गुरुवार की देर रात तक व बाकी इकाइयों के 14 जून तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।



▸▸ 30 हजार मेगावाट से ज्यादा बिजली आपूर्ति देने वाला पहला राज्य बना प्रदेश

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश देश का पहला राज्य है। जिसने 30 हजार मेगावाट से ज्यादा मांग के अनुरूप बिजली आपूर्ति करने का रिकॉर्ड बनाया। गुरुवार को अधिकतम मांग 30,240 मेगावाट दर्ज हुई। कॉरपोरेशन ने अधिकतम बिजली खपत 653.526 मिलियन यूनिट का नया रिकॉर्ड बनाया।

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा है कि प्रदेश में पहली बार गर्मी में उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। अत्यधिक तापमान और गर्मी के कारण बिजली मांग प्रतिदिन नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। बिजली कर्मियों की कर्मठता से आपूर्ति के रिकॉर्ड भी बन रहे हैं। सभी कार्मिक इस चुनौती पूर्ण समय में पूरी लगन और मेहनत के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करें। उपभोक्ताओं के फोन उठाएं, क्षेत्र में 'पेट्रोलिंग' करें, साथ ही, टोल फ्री नंबर 1912 पर आने वाली सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई करें।

संभल के अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि : पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने बिजली आपूर्ति में उदासीनता बरते जाने पर मुरादाबाद जोन के संभल में तैनात अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए हैं। मुरादाबाद जोन की समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने बिलिंग व राजस्व वसूली के कार्यों की प्रगति पर गहरा असंतोष व्यक्त किया।

संकट केवल स्थानीय खराबी से

पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने कहा कि सिस्टम की क्षमता के कारण कहीं भी बिजली कटौती नहीं हो रही है। स्थानीय खराबी के कारण बिजली आपूर्ति के बाधित होने की स्थिति में बिजली कर्मी कम से कम समय में उसे ठीक कर आपूर्ति बहाल करने के लिए प्रयासरत हैं।

कुछ समय का कीर्तिमान, बाकी समय बदहाली

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन बिजली आपूर्ति का रोज नया रिकॉर्ड बना रहा है, पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को बिजली संकट की वजह से गर्मी में पसीना बहाते बीत रहा है। उन्होंने कहा कि बीती रात 10 बजे से रात 11 बजे के बीच केवल 35 मिनट के लिए 30 हजार मेगावाट के ऊपर बिजली की अधिकतम मांग रही। उन्होंने कहा कि 'ब्रेकडाउन' को जोड़ लिया जाए तो बिजली की मांग 32 हजार मेगावाट के ऊपर जा रही है। उन्होंने स्थानीय खराबी के कारण उत्पन्न बिजली संकट दूर कर लोगों को पर्याप्त बिजली मुहैया कराने की मांग की।

डीएसपी और महिला डॉक्टर विवाद प्रकरण की जांच शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : बस्ती में महिला मित्र विवाद में फंसे डिप्टी एसपी के प्रकरण को लेकर जांच शुरू हो गई है। महिला मित्र की ओर से दर्ज करायी गयी एफआईआर की जांच के लिए सभी पक्षों को बयान के लिए नोटिस जारी किया गया है।

बता दें कि डिप्टी एसपी विनय सिंह चौहान व उनकी पत्नी और बेटी के खिलाफ जयपुर की एक महिला डॉक्टर ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करायी। आरोप है कि वह विनय सिंह चौहान से पांच वर्षों से जुड़ी हुई हैं। वह विनय से मिलने के लिए बस्ती उनके सरकारी आवास पर पहुंची थीं। इस दौरान अचानक विनय की पत्नी और बेटी आवास पर पहुंच गईं और उसे लाठी डंडों से पीटा, जिससे वह घायल हो गई। मारपीट में विनय ने भी पत्नी और बेटी की मदद की थी। महिला थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। अब मामले की जांच शुरू हो गई है। सभी पक्षों को बयान देने के लिए बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि उन महिला कांस्टेबल को भी बयान लेने के लिए बुलाया गया, जिसने महिला डॉक्टर को गिरफ्तार किया था। साथ में महिला डॉक्टर को भी नोटिस भेजा गया है।

कोऑपरेटिव सेल के विलय से सीबीसीआईडी का बढ़ा कद

डीपी शुक्ल, लखनऊ

अमृत विचार : शासन के निर्देश पर पिछले वर्ष नवंबर माह में कोऑपरेटिव सेल का विलय सीबीसीआईडी में हो गया। इससे इसकी साख व धाक में वृद्धि हुई है। इतना ही नहीं, योगी सरकार ने पुलिस विभाग की प्रमुख जांच एजेंसी आर्थिक अपराध अनुसंधान शाखा ईओडब्ल्यू से करीब 260 मामलों की विवेचना सीबीसीआईडी को स्थानांतरित की है।

दो जोनल अफसरों की देख-रेख में प्रदेश में कुल नौ खंड बनाए गए हैं, जिसमें मेरठ, आगरा, बरेली, लखनऊ, अयोध्या, प्रयागराज, कानपुर नगर, वाराणसी व जौनपुर शामिल है। यहां प्रत्येक खंड में खंडाधिकारी नियुक्त हैं।

सीबीसीआईडी में तैनात एडीजी के. सत्यनारायण और आईजी राजेश डी. मोदक की देख-रेख में मामलों की विवेचना होती है। कोऑपरेटिव सेल से सीबीसीआर्डडी में इस वर्ष कुल 40 मामलों की विवेचना की जा रही है। वर्तमान में 350 मामले विवेचनाधीन हैं। एक अधिकारी का कहना है कि हर विवेचक को समय रहते हुए निष्पक्ष विवेचना करने के निर्देश है।

सूत्रों के अनुसार, 14 बार विवेचना बदले जाने वाले गोंडा के चर्चित मामले की विवेचना लखनऊ खंडाधिकारी के पर्यवेक्षण में हो रही है, जबकि एक एएसपी पर लगे शारीरिक शोषण की विवेचना कानपुर के खंडाधिकारी को सौंपी गयी है। इसी तरह आगरा के चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड की भी विवेचना करने की जिम्मेदारी सीबीसीआईडी को मिली है।

"सीबीसीआईडी में कुल 350 मामले विवेचना के लिए लंबित हैं। सभी विवेचकों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह स्वतंत्र होकर गुणवत्तापरक, निष्पक्ष और समय रहते विवेचना कर मामलों का निस्तारण करें।

–एसएन साबत, पुलिस महानिदेशक, सीबीसीआईडी

प्रमुख विवेचनाधीन मामले

▸▸ लखनऊ के एएसपी पर लगा शोषण का आरोप

▸▸ गोंडा के तरबगंज का चर्चित दलित हत्याकांड

▸▸ आगरा का चर्चित अधिवक्ता हत्याकांड

निवेश मित्र पोर्टल पर आज से दो दिन नहीं मिल सकेंगे बिजली कनेक्शन

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में निवेश मित्र पोर्टल के जरिये 14 जून से अगले दो दिनों तक बिजली कनेक्शन नहीं मिल सकेंगे। तकनीकी कार्य के लिए दो दिनों के लिए यह सेवा बंद की गई है। पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि कॉरपोरशन व सहयोगी वितरण निगमों में निवेश मित्र पोर्टल पर नये बिजली कनेक्शन व बिजली भार में वृद्धि के लिए आवेदन सम्बन्धित कार्य 14 जून को शाम छह बजे से 15 जून को मध्य रात्रि डेढ़ बजे तक बंद रहेगा। उपभोक्ताओ को किसी भी सहायता के लिए 1912 कॉल करने की सलाह दी गई है।

सास, बेटा, बहू सम्मेलन कराएगी सरकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण 27 जून से शुरू होगा, जो 10 जुलाई तक चलेगा। राज्य सरकार की ओर से आमजन को परिवार नियोजन के महत्त्व के प्रति जागरूक करने के लिए तमाम गतिविधियों जैसे, सारथी वाहन और सास-बेटा-बहू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। वहीं पखवाड़े का तीसरा चरण सेवा प्रदायगी 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा।

इस दौरान सभी स्वास्थ्य इकाईयों में परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों के बारे में परामर्श दिया जाएगा और योग्य एवं इच्छुक लाभार्थियों के लिए को यह साधन उपलब्ध भी कराए जाएंगे। जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति समाज को जागरूक करने के लिए हर साल 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है।

▸▸ 27 से शुरू होगा विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का दूसरा चरण

▸▸ इस वर्ष का नारा, विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान

इस संबंध में प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी जिलाधिकारियों एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने बताया कि राज्य में सकल प्रजनन दर (टीएफआर) में कमी आई है, जो हमें राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण से स्पष्ट होती है। इस वर्ष जनसंख्या पखवाड़ा का नारा है- 'विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दंपत्ति की शान। वही इस बार की थीम मां और बच्चे की सेहत के लिए गर्भधारण का सही समय और अंतर रखी गयी है।

परिवार कल्याण कार्यक्रम के महाप्रबंधक डॉ. सूर्यांश ओझा ने बताया कि कार्यक्रम का पूरा ज़ोर समुदाय को परिवार नियोजन के आधुनिक साधनों को अपनाने के लिए प्रेरित करने, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने और फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजमेन्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम (एफपीएलएमआईएस) पोर्टल को मजबूत करने पर है।

शून्य सीट पर सिमटी बसपा को गिरते वोट प्रतिशत की चिंता

संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी, कई पदाधिकारियों पर गिर सकती है गाज

पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में शून्य पर सिमटी बसपा को गिरते मत प्रतिशत ने चिंता में डाल दिया है। पिछले महीने हुए लोकसभा चुनाव में मिले मतों का आंकड़ा बता रहा है कि बसपा का कोर वोटर भी उससे छटककर इंडी गठबंधन के पाले में चला गया।

करारी हार और गिरते वोट प्रतिशत पर पार्टी में समीक्षा का दौर जारी है, संगठन के पदाधिकारी कारण गिना रहें हैं। सूत्रों का कहना है इस मुद्दे पर मायावती बहुत गंभीर हैं और संगठन को नए सिरे से व्यवस्थित करने की तैयारी चल रही है। 23 जून के बाद कई पदाधिकारियों पर गाज गिर सकती है, पार्टी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।

फैक्ट फाइल

▸▸ बसपा को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे 2014 के लोकसभा चुनाव में

▸▸ 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

▸▸ 9.43 प्रतिशत मत मिले 2024 के लोकसभा चुनाव में

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में भी बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी, हालांकि तब पार्टी को 19.77 प्रतिशत मत मिले थे। वर्ष 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा। तब वोट प्रतिशत तो गिरा लेकिन, सीटों की संख्या शून्य से 10 पहुंच गई। 2019 में बसपा को 19.43 प्रतिशत वोट मिले थे। तब पार्टी में घटे मत प्रतिशत पर चर्चा नहीं हुई थी।

गठबंधन के दौर में बसपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में अकेले उतरी। लेकिन, 18वीं लोकसभा चुनाव में उसे केवल 9.43 प्रतिशत मत ही मिले। सीट तो एक भी नहीं मिल पाई। मतों में करीब 10.04 फीसदी की कमी बसपा प्रमुख मायावती के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। इसके लिए आंतरिक रूप से मंडलवार, विधानसभा क्षेत्रवार और ब्लॉक स्तर पर कोर मतदाताओं से संवाद प्रबंधन कार्य की समीक्षा की जा रही है।

▸▸ इंडी गठबंधन का वोट प्रतिशत बढ़ा

इस चुनाव में सबसे ज्यादा लाभ इंडी गठबंधन को हुआ है। इस चुनाव में सपा की तो पौ बारह हो गई। सपा ने वर्ष 2019 में 18.11 फीसद मत प्राप्त किए थे। वर्ष 2024 के चुनाव में 33.59 प्रतिशत मत प्राप्त कर वह सीटों के लिहाज से राज्य की सबसे बड़ी और देश में तीसरे नंबर की पार्टी बन गई है। सपा के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने भी 6.36 प्रतिशत मतों की बढ़ोतरी कर ली। प्रदेश में कांग्रेस का मत प्रतिशत 9.46 प्रतिशत और सीटों की संख्या छह पहुंच गई। अनुमान लगाना गलत नहीं होगा कि पीडीए फार्मूले पर चुनाव लड़ने वाले इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में बसपा के कोर मतदाता ने ज्यादा विश्वास किया।

▸▸ गठबंधन से बसपा को होता है फायदा

इस चुनाव में गठबंधन न करना मायावती का निर्णय पार्टी के लिए नुकसानदेह साबित हुआ है। सपा के साथ वर्ष 2019 में बसपा ने 10 लोकसभा सीटें जीतीं थी। गठबंधन न होने से इनमें से ज्यादातर सीटें इंडी गठबंधन के पास चली गईं और अन्य सीटों पर दूसरे दलों में बाजी मार ली। बसपा से छिनने वाली सीटों में अंबेडकर नगर, श्रावस्ती, लालगंज, घोसी, जौनपुर और गाजीपुर में सपा ने जबरदस्त जीत हासिल की है। सपा के समर्थन से कांग्रेस प्रत्याशी ने सहारनपुर सीट झटक ली। अकेले चुनाव लड़ी बसपा बिजनौर सीट भी नहीं बचा सकी। यह सीट रालोद ने जीत ली है। नगीना सीट पर बसपा के कोर मतदाताओं पर अपना वर्चस्व स्थापित करते हुए आजाद समाज पार्टी के चंद्र शेखर ने जीत दर्ज की।

"लोकसभा चुनाव की जीत स्थायी नहीं एक्सीडेंटल जीत है। भाजपा को हराने के नाम पर पार्टियों ने मतदाताओं को बरगलाने का काम किया है। इस मुद्दे पर पार्टी गंभीर चिंतन कर रही है और नई रणनीति के तहत 2027 का चुनाव बसपा जीतेगी।

–विश्वनाथ पाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बसपा

तस्करी डीआरआई के निशाने पर बुलियन ट्रेडर्स और बड़े सराफा कारोबारी, पांच शहरों में हैं सबसे ज्यादा खरीदार

प्रदेश में हर वर्ष पकड़ा जा रहा 200 किलो से ज्यादा तस्करी का सोना

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

अमृत विचार : हवाई और सड़क मार्ग से तस्करी करके लाया जा रहा ज्यादातर सोना प्रदेश के पांच शहरों में खप रहा है। सोने की तस्करी की रोकथाम करने वाली केंद्रीय एजेंसी राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने तस्करों का नया रूट मैप तैयार किया तो यह जानकारी सामने आई। एजेंसी तस्करी के सोने के खरीदारों की सूची तैयार कर रही है।

डीआरआई के अधिकारियों के मुताबिक, हर वर्ष 200 किलो से ज्यादा का सोना पकड़ा जा रहा है। इसकी मौजूदा बाजार कीमत 144 करोड़ रुपये से ज्यादा है। इस वर्ष चुनाव आचार संहिता की सख्ती के बावजूद अप्रैल तक कस्टम और डीआरआई ने 58 किलो सोना जब्त किया। अधिकारियों के मुताबिक, लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर व वाराणसी में तस्करी का सोना सबसे ज्यादा खपाया जा रहा है।

डीआरआई की लखनऊ इकाई और कस्टम विभाग ने चार वर्षों में 684 किलो तस्करी का सोना जब्त किया, जिसकी बाजार कीमत 492.48 करोड़ रुपये है। एजेंसी के मुताबिक, यह तस्करी करके लाए जा रहे कुल सोने का महज 2 या 3 फीसदी हिस्सा है। 1 या 2 प्रतिशत सोना भविष्य निधि के रूप में निवेशकों की तिजोरी में रुक रहा है। बाकी का 95 फीसदी सोना बचकर बाजार तक पहुंच रहा है। इतने बड़े पैमाने पर हो रही तस्करी का अध्ययन करने पर पता चला कि उप्र. के रास्ते दिल्ली और जयपुर पहुंचाया जाने वाला सोना अब यही रुक रहा है। 2018 के बाद लखनऊ से दुबई सहित कई देशों के लिए कई सीधी विमान सेवाएं शुरू होने से तस्करों ने यूपी को केंद्र बना लिया है। एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद सड़क मार्ग से सोने को बहुत दूर ले जाने का तस्कर जोखिम नहीं उठाना चाहते हैं। इसलिए, खरीदारों की मांग के हिसाब से विदेश से सोना उठाते हैं और एयरपोर्ट के बाहर निकलते ही उनके एजेंट को सौंप देते हैं।

रियल एस्टेट में गिरावट से सोने में बढ़ा निवेश : एजेंसी के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि कोरोना काल में बिजनेस सेक्टर में मंदी आ गई थी। सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाला रियल एस्टेट कारोबार तेजी से गिर गया था। इस दौरान निवेशकों का रुझान सोने की तरफ बढ़ गया। विदेश से लाए गए सोने में करीब 18 फीसदी से अधिक मुनाफा है। इसलिए निवेशकों का एक बड़ा समूह सुनहरे सोने के काले कारोबार में उतर गया।

▸▸ लखनऊ और कानपुर के ज्वैलर्स हैं ग्राहक

डीआरआई के अधिकारी ने बताया कि जयपुर और दिल्ली के करोलबाग में तस्करी का सोना खपाया जाता था, लेकिन 2018 के बाद से लखनऊ, कानपुर, बरेली, गोरखपुर और वाराणसी के ज्वैलर्स इसके खरीदार बने हैं। इसमें कानपुर और लखनऊ सराफा बाजार में सबसे ज्यादा सोना पहुंच रहा है। कुछ ज्वैलर्स तस्करों से सीधे सोना खरीद रहे हैं, लेकिन ज्यादातर बुलियन ट्रेडर्स के जरिए डील करते हैं। बुलियन ट्रेडर्स बैंक से जितना सोना लेते हैं, उससे अधिक तस्करों से खरीदकर मोटा मुनाफा कमाते हैं।

▸▸ सोने की तस्करी से जेवर में भारी छूट

अधिकारियों ने बताया कि कारीगरी पर आने वाला खर्च जोड़कर जेवर की कीमत तय होती है। इसमें ज्वैलर्स अपना मुनाफा भी जोड़ते हैं। इसके बाद शुद्ध सोने की कीमत 12 से 15 फीसद तक बढ़ जाती है। इसी वजह से बड़ी कंपनियां रेट में किसी तरह की छूट नहीं देती हैं, लेकिन तस्करी का सोना करीब 18 फीसदी कम रेट पर मिलता है। इस पर 15 प्रतिशत तक कारीगरी खर्च जोड़ने के बाद जेवर में 33 प्रतिशत तक मुनाफा बढ़ जाता है। इसलिए बड़ी आसानी से ग्राहक को 8 से 10 फीसदी तक छूट देने के बाद भी मोटी कमाई कर रहे हैं।

▸▸ कस्टम ड्यूटी और जीएसटी बचने से मुनाफा

अधिकारियों के मुताबिक, यूएई में सोने पर कस्टम ड्यूटी नहीं लगती है। उप्र. में सोने का रेट 72 लाख रुपये प्रति किलो है। तस्करी करके लाए गए सोने में 12% कस्टम ड्यूटी, 3% जीएसटी और 3% सेस चार्ज बच जाता है। इससे प्रति किलो 12 लाख 96 हजार रुपये का मुनाफ हो रहा है। दुबई से सोना लाने में महज 40 से 50 हजार रुपये का खर्च आता है। तस्कर अपने जोखिम पर थोड़ा सा फायदा लेकर सोना असानी से पहुंचा देते हैं। इसलिए निवेशकों को यह कारोबार ज्यादा पसंद आ रहा है।

▸▸ डीआरआई ने जब्त किया 515 किलो सोना

▸▸ 2020-21 में 129 किलो

▸▸ 2021-22 में 154 किलो

▸▸ 2022-23 में 222 किलो

▸▸ 2023-24 में 10 किलो

▸▸ 169 किलो सोना कस्टम ने पकड़ा

▸▸ 2020-21 में 51.73 किलो

▸▸ 2021-22 में 26.62 किलो

▸▸ 2022-23 में 47.67 किलो

▸▸ 2023-24 में 43.00 किलो

मुरादाबाद व गाजियाबाद के तीन अभियंता समेत चार निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ घटिया केबिल के जरिए हो रही थी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति

अमृत विचार : बिजली आपूर्ति में लापरवाही पर मुरादाबाद व गाजियाबाद के तीन अभियंता समेत चार बिजली कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन कर्मियों पर बिजली आपूर्ति के लिए खराब गुणवत्ता की एलटी केबिल लगाये जाने का आरोप है। कर्मियों पर पश्मिांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने कार्रवाई की।

निलंबित कर्मियों में अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय परीक्षण खंड-तृतीय गाजियाबाद शेर सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद रोहताश सिंह जंगपंगी, सहायक अभियंता विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद मनोज कुमार व भंडार अधीक्षक विद्युत भंडार खंड मुरादाबाद अमित कुमार शामिल हैं।

मुरादाबाद के विद्युत वितरण उपखंड-तृतीय बिलारी में एलटी केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण बिजली आपूर्ति लंबी अवधि के लिए बाधित हुई। इस कारण उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा। जांच कराए जाने पर एलटी केबल मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। यह एलटी केबल मेसर्स वी मार्क इंडिया लिमिटेड की ओर से आपूर्ति किया गया था। इसकी गुणवत्ता के सम्बंध में निरीक्षण व परीक्षण अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय परीक्षण खंड-तृतीय गाजियाबाद शेर सिंह ने किया गया। आरोपी अभियंताओं पर कर्तव्यों व दायित्वों का उचित निर्वहन न करने, निगम की छवि धूमिल करने, विभाग को वित्तीय हानि पहुंचाने व घोर लापरवाही बरतने का आरोप है।

डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।

नियम और शर्तें
★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।

मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।

साईंधाम ट्रस्ट में निःशुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848

मौसम

25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार में लू चलने की संभावना है।

45.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल सीजन-2 का आयोजन- 11:00 बजे
- विश्व वृद्ध दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर लखनऊ विश्वविद्यालय के राधा कमल मुखर्जी सभागार में कार्यक्रम : 11:00 बजे।
- सभी विकास खंड कार्यालयों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग से नशा मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम : 11:00 बजे।
- प्रेस क्लब में डॉ. आम्बेडकर संवैधानिक महासंघ के तत्वावधान में सेमिनार- 12:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में बनारस घराने के वरुण मिश्र का शास्त्रीय गायन- 7:00 बजे।

अकबर नगर प्रथम में गृहस्थी का सामान दरवाजे के पास रखकर वाहन का इंतजार करते लोगों के चेहरों पर अपने घरों को छोड़ने का दुख साफ नजर आ रहा था। अमृत विचार

गृहस्थी का सामान लोडरों में लदवाते अधिकारी और पुलिसकर्मी। अमृत विचार

अकबर नगर प्रथम 70 फीसद खाली, 54 भवन ध्वस्त

सामान उठाने व ले जाने में मदद के लिए नगर निगम ने लगाए 200 कर्मी और 45 वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आवास खाली न होने की वजह से गुरुवार को पहली शिफ्ट में अकबर नगर प्रथम में ध्वस्तीकरण शुरू नहीं हो पाया। इसके बाद अधिकारियों ने आवास खाली कराने शुरू किए। किसी ने बच्चे छोटे होने, किसी ने अकेला होने और किसी ने सामान ले जाने के लिए वाहन न होने का बहाना बनाया। इस पर नगर निगम ने सामान उठाने के लिए अपने 200 कर्मचारी और ले जाने के लिए ट्रक समेत 45 वाहन लगा दिए। इसके साथ ही मकान खाली होने शुरू हो गए। शाम की शिफ्ट में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी देकर एलडीए ने 70 फीसद तक मकान खाली करा लिए गए। इसके बाद अकबर नगर प्रथम में शाम 6 बजे बंधे की तरफ से 26 बुलडोजर लगाकर 54 अवैध निर्माण ध्वस्त कर दिए गए।

अकबर नगर प्रथम में गुरुवार सुबह की शिफ्ट में 7 बजे से ध्वस्तीकरण शुरू होना था। बैरीकेडिंग कर सभी रास्ते रोक दिए गए। पुलिस व पीएसी ने मोर्चा संभाल लिया। फोर्स ध्वस्तीकरण के लिए चिह्नित तीन गलियों में भी मुस्तैद हो गई। रोड पर जेसीबी व पोकलेन खड़े कर दिए। एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने फोर्स के साथ अनाउसमेंट कर गलियों का जायजा लिया। ज्यादातर मकानों में लोग थे। सड़क स्थित दुकान, शोरूम व मकानों में सामान लिए महिलाएं व बच्चे बैठे दिखे। इससे पहली शिफ्ट में तोड़फोड़ नहीं की गई।

अधिकारियों ने चेतावनी देकर मकान खाली कराने शुरू किए। कोई रोया, तो कोई मकान न तोड़ने के लिए अधिकारियों के आगे हाथ जोड़कर गिड़गिड़ाया। किसी ने अकेला होने और किसी ने सामान लादने के लिए वाहन न होने का बहाना बनाया। बच्चे छोटे होने का हवाला भी दिया, लेकिन सभी को मकान खाली करने की हिदायत दी गई।

नगर आयुक्त ने सामान उठाने में मदद के लिए 200 से ज्यादा नगर निगम कर्मी और बसंतकुंज तक जाने के लिए ट्रक समेत 45 वाहन लगा दिए। इसके बाद 104 परिवार मकान खाली कर बसंतकुंज में आवंटित आवासों में शिफ्ट हो गए। सख्ती से अन्य लोगों में भय दिखा और मकान खाली करने की होड़ मच गई। गलियां लोडर वाहनों से भर गईं। उपाध्यक्ष व नगर आयुक्त ने बारी-बारी से वाहन उपलब्ध कराए। 70 फीसद तक मकान खाली करा लिए गए। एलडीए के मुताबिक कुल 892 आवंटियों ने बसंतकुंज के आवासों में शिफ्ट किया जा चुका है।

अकबर नगर प्रथम में अधिकारियों ने सख्त हिदायत दी तो बुजुर्ग, युवा, किशोर और बच्चे भी घरों से गृहस्थी का सामान निकालने में जुट गए। अमृत विचार

द्वितीय में धार्मिक स्थल छोड़ अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त

अकबर नगर द्वितीय में धार्मिक स्थल छोड़कर बचे 83 अवैध निर्माण तोड़कर क्षेत्र साफ कर दिया गया। यहां चार दिन तक चली कार्रवाई में कुल 395 अवैध निर्माण तोड़े गए। इसके बाद मलबा हटाया गया। इस दौरान एक पोकलेन खराब हो गई। वहीं, बेसमेंट में पलटी पोकलेन की मरम्मत की गई। दोनों क्षेत्र में कुल 449 अवैध निर्माण तोड़े गए हैं।

नहीं मिली आरएएफ, बढ़ा पीएसी बल

अकबर नगर में विरोध को देखते हुए पुलिस, पीएसी के साथ रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की दो कंपनी लगाई गई थी। जिनके तैनात रहने की अवधि 12 जून तक थी। इस वजह से गुरुवार को आरएएफ नहीं मिली। जबकि पुलिस व प्रशासन ने शासन को पत्र भेजकर हालात से अवगत कराते हुए आरएएफ 20 जून तक तैनात करने की मांग की थी। आरएएफ जगह पीएसी की संख्या बढ़ा दी गई। साथ ही राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की दो कंपनी लगाई गई। अग्निशमन वाहन व एंबुलेंस भी लगाईं गईं।

मौलाना से वार्ता करते एलडीए के उपाध्यक्ष और नगर आयुक्त। अमृत विचार

बसंतकुंज में पढ़ेंगे मदरसा के बच्चे

अमृत विचार, लखनऊ : अकबर नगर प्रथम में संचालित मान्यता प्राप्त मदरसों के बच्चों को फिलहाल बसंतकुंज योजना में पढ़ाया जाएगा। इनके लिए सरकारी अध्यापक उपलब्ध लगाए जाएंगे। जबकि गैर मान्यता प्राप्त मदरसा संचालक खुद व्यवस्थित करेंगे। गुरुवार को अकबर नगर प्रथम में सुबह की शिफ्ट में मदरसा व बच्चों को शिफ्ट करने का पेंच फंस गया। मदरसों के प्रधानाचार्य एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी से मिले। बताया कि क्षेत्र में दो मदरसे संचालित हैं। इन्हें शिफ्ट करने की व्यवस्था नहीं की गई है। न ही बच्चों के रहने की। एक में 170 बच्चे, इतने ही दूसरे में हैं। कुछ को छुट्टी देकर घर भेज दिया है। जबकि कुछ को धार्मिक स्थलों में शिफ्ट किया है। अफसरों ने बताया कि फिलहाल खुद शिफ्ट करने का इंतजाम करें, आगे व्यवस्था की जाएगी। तय यह हुआ कि दो मान्यता प्राप्त मदरसों के बच्चों को बसंतकुंज में पढ़ाया जाएगा। सरकार अध्यापक उपलब्ध कराएगी। इससे पहले कुछ मदरसे संचालकों ने खुद से दूसरी जगह शिफ्ट कर लिए।

आसपास विशेष समुदाय को आवास, महिलाओं ने किया विरोध

भ्रमण के दौरान बंसतकुंज में आवंटित आवासों में शिफ्ट न होने पर उपाध्यक्ष ने लोगों से कारण पूछा तो कुछ महिलाओं ने कहा उन्हें जहां आवास दिए हैं वहां पर विशेष समुदाय को भी आवास आवंटित हैं। इनकी संख्या ज्यादा है और वहां रहना मुश्किल है। आवंटित आवास का विरोध किया। इस पर उपाध्यक्ष ने महिलाओं को समझाया और कहा अभी मकान खाली कर जो आवास मिले हैं वहां शिफ्ट करलें। बाद में ऐसे परिवारों को अलग आवास देंगे। इस आश्वासन पर महिलाएं मान गईं। मौके पर प्रार्थना पत्र लिया।

लोहा व सरिया निकालने पर पीएसी ने खदेड़ा

इधर, अकबर नगर द्वितीय में एक तरफ जेसीबी से मलबा उठाया गया तो दूसरी तरफ कुछ लोग मलबा में सरिया, लोहा व अन्य सामान निकालते रहे। ऐसा कई बार हुआ। इस पर पीएसी की नजर पड़ी तो ऐसे लोगों को खदेड़ दिया और किसी आसपास तैनात होकर सुरक्षा की दृष्टि से किसी को अंदर जाने नहीं दिया।

एक नजर

तीन दिवसीय समर गंजिंग कार्निवल आज से

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ मेट्रो त्योहारी सीज़न की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए 14 जून से 16 जून के बीच तीन दिवसीय समर गंजिंग कार्निवल का आयोजन कर रहा है। हजरत मेट्रो स्टेशन में शुरू हुए मेगा कार्निवल में हस्तशिल्प, बेकरी, गृह सज्जा, सिरेमिक प्लांट, प्लांट आदि में पूरी तरह से ''भारत में निर्मित'' स्वदेशी वस्तुओं का प्रदर्शन और उनके उत्पादों की बिक्री करेगा। प्रदर्शनी के साथ-साथ लखनऊ मेट्रो के यात्री हजरतगंज मेट्रो स्टेशन और चारबाग मेट्रो स्टेशन पर आयोजित दो पुस्तक मेलों मे शिरकत कर सकते हैं। कर्निवल आज से शुरू होकर 16 जून को हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर समाप्त होगा। इसके अलावा हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर एक सेल्फी स्टैंड भी बनाया जाएगा। इसमें लोग सुबह 11 बजे से रात 8 बजे के बीच स्टॉल पर जा सकते हैं। वही बीइंग बुकिश बुक फेयर के लगे स्टाल का समापन 8 अगस्त को होगा।

मल्हपुर गांव में पांच करोड़ की जमीन कराई कब्जा मुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के प्रवर्तन दस्ते ने गुरुवार को सदर तहसील के मल्हपुर गांव में पांच करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त कराई। गाटा संख्या-505 राजस्व अभिलेखों में खाद के गढ़डे के रूप में दर्ज 16,300 वर्गफुट भूमि पर लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति संजय यादव व तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेन्द्र कुमार की उपस्थिति में राजस्व निरीक्षक अविनाश चन्द्र तिवारी और लेखपालों ने ठाकुरगंज पुलिस बल के सहयोग से जेसीबी से अवैध कब्जे हटवा दिए।

कुत्ते ने किया चार वर्षीया बच्ची पर हमला, गंभीर

संवाददाता, खुटार

- खुटार क्षेत्र के सौफरी गांव में बुधवार शाम को हुई घटना
- बच्ची के चीखने पर लोग दौड़े और उसे कुत्तों से बचाया

अमृत विचारः घर के बाहर खेल रही बच्ची पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। कुत्ते ने बच्ची के चेहरे व गर्दन पर पूरी तरह काटकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव सौफरी में रहने वाले मनोज कुमार की पुत्री वंदना (4) बुधवार की शाम घर के बाहर खेल रही थी। आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बच्ची के चीखने पर लोग दौड़े और बच्ची को बचाया लेकिन तब तक वंदना बुरी तरह से घायल हो गई थी।

परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की हालत गंभीर देखते हुए उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बच्ची को कुत्ते ने इतनी बुरी तरह से काटा जिससे उसके गाल व गर्दन का मांस गायब हो गया।

पहली मंजिल पर गठिया रोग की ओपीडी, घिसटकर पहुंच रहे मरीज

नए भवन की दोनों लिफ्ट बंद होने से मरीज हो रहे हैं परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : टुड़ियागंज में बना राजकीय आयुर्वेद कॉलेज नया भवन हालांकि अभी हैंडओवर नहीं हुआ है लेकिन पांच ओपीडी शुरू कर दी गई हैं। जो गठिया रोगी उठने, बैठने तक में सहारा लेते हैं, उनके लिए ओपीडी पहली मंजिल पर बनाई गई है। लिफ्ट भी चालू नहीं है, कुछ मरीज रेलिंग के पकड़कर तो कुछ सीढ़ियों पर घिसटते हुए ओपीडी तक पहुंच पाते हैं। आयुर्वेद कॉलेज प्रशासन की ये लापरवाही मरीजों का दर्द और बढ़ा रही है।

नया भवन पांच मंजिल का है। पांचवें तल तक जाने के लिए दो लिफ्ट लगाई गई हैं, लेकिन दोनों लिफ्ट बंद हैं। गठिया रोग ओपीडी के अलावा वार्ड भी है। वहां मरीजों को भर्ती भी किया जा रहा है। इसके अलावा बाल रोग, शल्य, काय चिकित्सा, ईएनटी, पेन क्लीनिक की ओपीडी भी संचालित हैं। पंचकर्म व स्त्री रोग विभाग भी अभी तक शिफ्ट नहीं किया गया है।

रेलिंग पकड़कर सीढ़ियों से उतरती गठिया रोग से पीड़ित महिला।

छह वर्ष बाद भी हैंडओवर नहीं हो पाया भवन

राजकीय आयुर्वेद कॉलेज का नया भवन 63 करोड़ की लागत से बना है। भवन छह वर्ष पहले बनकर तैयार हो गया था, लेकिन अभी तक हैंडओवर नहीं हो पाया है। भूतल और प्रथम तल पर ओपीडी व वार्ड संचालित हैं। दूसरा, तीसरा और पांचवां तक खाली पड़ा है। हैंडओवर के इंतजार में दूसरे रोगियों के वार्ड और अन्य सुविधाएं शुरू नहीं हो पा रही हैं।

> भवन में जो कमियां रह गई थीं, उन्हें लगभग पूरा करा लिया गया है। जल्द ही भवन के हैंडओवर होने की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। इसके बाद पूरी क्षमता से अस्पताल का संचालन शुरू हो जाएगा।
>
> -प्रो. माखनलाल, प्रधानाचार्य

घर में खुले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के मामले ने तूल पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : सरकारी डॉक्टर के घर में खुले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के मामले ने तूल पकड़ लिया है। गुरुवार को लोगों ने सोशल मीडिया पर विभाग के अफसरों को कठघरे में खड़ा किया।डिप्टी सीएम को ट्विट करके शिकायत भी की। स्वास्थ्य विभाग के अफसर अभी तक हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। त्रिवेणी नगर मारुति पार्क स्थित एक सरकारी डॉक्टर घर पर पहले पीएचसी खुली थी। जिसे अब जन आरोग्य मंदिर में बदला गया है। पॉश कॉलोनी में खुले केंद्र में दिन पर सन्नाटा पसरा रहता है। ओपीडी का ग्राफ भी बेहद कम है। आरोप है स्टॉफ दिन में सन्नाटे में बैठा रहता है। गुरुवार को सोशल मीडिया पर लोगों ने स्वास्थ्य व एनएचम अफसरों को घेरा था।

लापरवाही लेसा में नए बिजली कनेक्शन के लिए 35 हजार आवेदन लंबित

7 दिन का नियम, 70 दिन बाद भी नहीं मिला बिजली कनेक्शन

नीरज अभिषेक, लखनऊ

अमृत विचारः लेसा में नए उपभोक्ताओं को आवेदन करने के सात दिन में नए कनेक्शन मिल जाने चाहिए थे, लेकिन 70 दिन बाद भी कनेक्शन नहीं दिए जा सके। इससे लंबित आवेदनों की संख्या 35 हजार पहुंच गई है। प्रतिदिन लगभग 500 लोग आवेदन कर रहे हैं। इससे लंबित आवेदनों की संख्या बढ़ती जा रही है। सूत्रों का कहना है कि कटिया से होने कमाई के लिए विभागीय अभियंता ही कनेक्शन देने में कागजों में कमी निकालकर अड़ंगा लगा देते हैं।

लेसा के चार डिवीजन हैं, इसमें नए कनेक्शन के लिए हर दिन करीब 500 आवेदन आ रहे हैं, लेकिन ई पोर्टल पर आवेदनों का समय से निपटारा नहीं हो रहा है। लेसा की गाइडलाइन में आवेदन होने के सात दिन में कनेक्शन हो जाना चाहिए। आवेदन में किसी भी तरह की कमी होने पर तत्काल आवेदक को उसमें सुधार के लिए जानकारी दी जानी चाहिए। एसडीओ और अभियंताओं की लापरवाही के कारण 35 हजार आवेदन लंबित चल रहे हैं। इसमें करीब 10 हजार आवेदक प्रतिदिन कनेक्शन के लिए उपकेंद्रों का चक्कर काट रहे हैं।

सुविधा की जगह जटिल हो गई ई-पोर्टल व्यवस्था

लेसा ने कनेक्शन की प्रकिया सुविधाजनक बनाने के लिए ई-पोर्टल की शुरूआत की थी। ऑफलाइन आवेदन में आने वाली दिक्कतों को दूर करना था, लेकिन अभियंताओं ने इस व्यवस्था को आसान रखने की बजाय जटिल कर दिया। आवेदकों का कहना है कि महीनों पहले आवेदन करने के बाद यह भी नहीं बताया गया कि किस कारण कनेक्शन नहीं दिया जा रहा है।

एमडी मध्यांचल ने भी लिया संज्ञान

एमडी मध्यांचल भवानी सिंह खगारोत ने ई पोर्टल पर होने वाले आवेदन के लंबित होने पर कड़ा रूख अपनाया है। सभी अधिशासी अभियंताओं को एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित आवेदन के निस्तारण के निर्देश दिए हैं। उपभोक्ता से शिकायत मिलने पर संबंधित अभियंता के खिलाफ की चेतावनी दी है।

> सभी उपभोक्ताओं को सात दिन के अंदर नया कनेक्शन जारी करने होंगे। ऑनलाइन कनेक्शन अगर पेंडिंग है तो कारण पता करने के बाद संबंधित अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

किस उपकेंद्र में कितने आवेदन लंबित

रेजीडेंसी	2500	मोहनलालगंज	2800
हुसैनगंज	1500	मलिहाबाद	2500
अमीनाबाद	1700	सीतापुर रोड़	1700
ऐशबाग	2400	ठाकुरगंज	2000
राजाजीपुरम	1500	अहिबरनपुर	800
अपट्रान	800	चौक	1400
आशियाना	600	लविवि	650
कानपुर रोड़	1200	महानगर	500
आलमबाग	900	मुंशीपुलिया	1700
वंदावन	1800	इंदिरानगर	1150
सेस प्रथम	3000	गोमतीनगर	800
सेस द्वितीय	2600	चिनहट	2200

16 घंटे गुल रही जयराजपुरी की बिजली

अमृत विचार, लखनऊः सरोजनीनगर में गहरु पावर हाउस से जुड़ी जयराजपुरी कॉलोनी में बुधवार रात करीब 9:30 बजे मस्जिद के पास एबीसी वायर में फाल्ट हो गया। इससे बिजली गुल हो गई। पूरी रात बिजली न होने से गर्मी से परेशान लोग रात इधर उधर टहलते रहे।

गुरुवार सुबह बिजली न होने से पानी के लिए भी लोग परेशान हुए। केबल बदलकर गुरुवार दोपहर 1:30 बजे 16 घंटे बाद बिजली सप्लाई को चालू किया जा सका। अवर अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि सुबह केबल तार बदलने के बाद ही सप्लाई को सामान्य किया जा सका।

वीआईपी प्रोटोकॉल नहीं मिला तो भड़के वित्त महानिदेशक

संवाददाता, लखनऊ/सरोजनीनगर।

- चौकी प्रभारी को दी निलंबित कराने की धमकी

अमृत विचारः अमौसी एयरपोर्ट पर बुधवार को संस्थागत वित्त एवं बाह्य सहायतित परियोजना के महानिदेशक शिव सिंह यादव वीआईपी प्रोटोकॉल न मिलने पर भड़क गए। उन्होंने विभागीय बैठक में इंस्पेक्टर सरोजनीनगर को बुलाकर नाराजगी की और एयरपोर्ट चौकी प्रभारी को निलंबित कराने की धमकी तक दे डाली।

महानिदेशक बुधवार को एयरपोर्ट पहुंचे। उनकी अगुवाई के लिए कोई पुलिस अधिकारी या उपनिरीक्षक मौजूद नहीं था। नाराजगी इतनी थी कि उन्होंने जमाकर्ता हित संरक्षण अधिनियम के तहत बैठक बुला ली। जिसमें पुलिस अधिकारियों के साथ सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी को शामिल होने का निर्देश दिया। इस पर पुलिस के उच्चाधिकिरयों ने पत्र भेजकर प्रभारी निरीक्षक को बुलाने पर प्रश्न खड़े किए तो बैठक स्थगित कर दी गई। सूत्रों के अनुसार महानिदेशक ने एयरपोर्ट पर चौकी प्रभारी नीशू चौधरी को प्रोटोकॉल के तहत मौजूद रहने की इच्छा जाहिर की। चौकी प्रभारी ने नियमों का हवाला देकर मना कर दिया। निवेदन किया कि उच्च अधिकारियों से वार्ता कर प्रोटोकॉल जारी करा लें। इसी पर वह भड़क गए थे।

एक नजर

चिकित्सा प्रतिपूर्ति की पत्रावलियों में आपत्ति पर जताया रोष

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ ने नगर निगम के कर्मचारियों एवं पेंशनरों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति की पत्रावलियों में अनावश्यक विलंब एवं आपत्तियां लगाने पर रोष जताया है। संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह को पत्र लिखकर इलाज पर खर्च के भुगतान की प्रक्रिया सरल करने की मांग की है। जिससे कर्मचारियों व पेंशनरों को अनावश्यक रूप से परेशानी न उठानी पड़े।

सफाई व्यवस्था देखने फील्ड में उतरे विधायक

अमृत विचार, लखनऊ : बरसात के पहले जलभराव वाले इलाकों में नालियों की सफाई तथा जलनिकासी की व्यवस्था देखने गुरुवार को विधायक डा. नीरज बोरा फील्ड पर निकले। अयोध्यादास प्रथम एवं द्वितीय वार्ड में स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। विधायक ने दीनदयाल नगर, खदरा, शिवचरन होटल चौराहा, शिवनगर, कुम्हारन टोला तथा रामलीला मैदान तक पैदल निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई, सीवर, जलनिकासी, पेयजल से जुड़ी समस्याओं का संज्ञान लिया और उनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। निरीक्षण में भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम, जलकल और सुएज इंडिया के अधिकारी मौजूद रहे।

सिटी ट्रांसपोर्ट के बस बेड़े में होगा सुधार

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डा. रोशन जैकब की अध्यक्षता में सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज लिमिटेड की बैठक गुरुवार को आयुक्त सभागार में हुई। जिसमें सिटी ट्रांसपोर्ट लिमिटेड के बस बेड़े में सुधार के लिए संविदा पर अधिकारियों की नियुक्ति पर विचार विमर्श किया गया। मंडलायुक्त ने अनुबंध के आधार पर लखनऊ में संचालित पीएमआई इलेक्ट्रिक बसों को सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। बैठक में पीएमआई इलेक्ट्रो मोबिलिटी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, ग्रीन सेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के भुगतान की दरों के पुर्ननिर्धारण, संचालित बसों के भुगतान, बिलों से विभिन्न मानकों के अनुसार कटौती, पेनाल्टी के मद में कटौती एवं बसों का निर्धारित मानकों के अनुसार आन रोड किये जाने के संबंध में विस्तृत विचार विमर्श के बाद निर्णय लिये गये। मंडलायुक्त ने कहा कि 15 दिन से ज्यादा किसी प्रकार का भुगतान लंबित रहने पर संबंधित अधिकारियों का वेतन रोकने की कार्रवाई की जाएगी।

बारिश की संभावना, अभी साफ नहीं हुए बड़े नाले, जलभराव झेलेगा शहर

सफाई में लाखों हुए खर्च, सात बड़े नालों में जमा है सिल्ट और कूड़ा

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : मौसम विभाग ने चार दिन बाद प्री मानसून बारिश होने की संभावना जता दी है, लेकिन अभी तक शहर के सात बड़े नालों की तलीझाड़ सफाई नहीं हो पाई है। बड़े नाले अभी चार, छह दिन में साफ होने की उम्मीद भी नहीं दिख रही है। ऐसे में अगर चार दिन बाद प्री मानसून बारिश हो गई तो शहर की बड़ी आबादी को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ेगा।

सात बड़े नालों से शहर के गंदे और बारिश के पानी की निकासी होती है। मुख्य अभियंता 80 फीसद नालों की सफाई का काम पूरा होने का दावा कर रहे हैं। हकीकत ये है बड़े नालों में शुमार आशियाना में किला मोहम्मदी नाला, चौक का पाटा नाला, जानकीपुरम और फैजुल्लागंज में नाले कूड़े और सिल्ट से भरे हैं। सरकटा और हैदर कैनाल नालों में भी सिल्ट व कूड़ा जमा है। नालों की सफाई में लाखों रुपये खर्च भी हो चुका है।

पाटा नाले में कचरे और सिल्ट की सफाई करती मशीन। अमृत विचार

> फैजुल्लागंज में बड़ा नाला है। नाले की सफाई न होने से यहां हर साल बारिश में जलभराव होता है। नगर निगम नाला सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। नाले में गंदगी और सिल्ट भरी पड़ी है।
> **-ममता त्रिपाठी**, सामाजिक कार्यकर्ता

> हुसैनाबाद क्षेत्र के फातिमा कालोनी में पाटा नाला कूड़े और सिल्ट से भरा पड़ा है। बारिश में यहां नाले का पानी ओवरफ्लो होकर घरों में घुस जाता है। यहां अभी नाले की सफाई शुरू नहीं हुई है। **-जावेद**

> 80 प्रतिशत नालों की सफाई हो चुकी है। जिन क्षेत्रों से नाला साफ न होने की शिकायत आ रही है वहां मैं खुद निरीक्षण करूंगा।
> **-मनोज प्रभात**, मुख्य अभियंता आरआर, लखनऊ नगर निगम

80 प्रतिशत नालों की सफाई का दावा कर रहे हैं नगर निगम के मुख्य अभियंता

बिना टेंडर नालों की सफाई

नगर निगम के आरआर विभाग ने सात बड़े नालों की सफाई के लिए टेंडर नहीं कराया। विभाग खुद अपने चहेते ठेकेदारों की मदद से नालों की सफाई करा रहा है। सूत्रों के अनुसार ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से कागजों पर नाला सफाई कर दी जाती है। ठेकेदार को भुगतान पूरा कर दिया जाता है।

170 किमी लंबे हैं सात बड़े नाले

शहर में पाटा नाला, सरकटा नाला, हैदर कैनाल, किला मोहम्मदी, सगरा नाला, डिडौली नाला, फैजुल्लागंज सात बड़े नाले हैं। इनकी लम्बाई लगभग 170 किलोमीटर है। इन नालों की सफाई का जिम्मा नगर निगम के आरआर विभाग के पास है। बड़ी मशीनों से इन नालों की सफाई की जाती है।

दिन भर चली लू, सड़कों पर सन्नाटा

30 किमी प्रति घंटा रही लू की रफ्तार, 44.7 डिग्री रहा अधिकतम तापमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी के तापमान में गुरुवार खास बढ़ोतरी तो नहीं हुई, लेकिन गर्म हवाओं ने लोगों को परेशान किया। लू चलने से दिन भर कई मार्गों पर सन्नाटा पसरा रहा। मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि अभी चार दिन लू से राहत मिलने के संकेत नहीं हैं। इसके बाद प्रीमानसून आने की संभावना बन रही है।

दिन बढ़ने के साथ गर्म हवाओं ने तपिश बढ़ा दी। इससे दोपहर होते कई सड़कों पर सन्नाटा पसर गया। कुछ राहगीर सड़क किनारे पेड़ों की छांव तले खड़े देखे गए। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, शहर का अधिकतम तापमान 44.7 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई, ये 30 डिग्री रिकार्ड किया गया। हवा 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलीं। फिलहाल लू अभी चार दिनों तक और चलेगी। हवा की रफ्तार कम होने पर प्री- मानसून की संभावना है, कुछ स्थानों पर प्री- मानसून के साथ आंधी भी आ सकती है।

खुद और बच्चे को धूप से बचाने के लिए दुपट्टा ओढ़कर वाहन का इंतजार करती महिला।

▸▸ मौसम वैज्ञानिकों ने चार दिन बाद प्री मानसून बारिश की संभावना जताई

गर्मी के कारण दोपहर में जी 20 मार्ग पर पसरा सन्नाटा।

तेल-मसाला युक्त भोजन से बचें

वैज्ञानिक एके सिंह ने बताया कि रोजाना तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। साफ सफाई के साथ खान-पान पर भी विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। तेल मसाला युक्त भोजन से बचें।

इस तरह बढ़ा तापमान

8 :00 बजे	35 डिग्री
9 :00 बजे	37 डिग्री
10 :00 बजे	39 डिग्री
11 :00 बजे	41 डिग्री
12 :00 बजे	42 .5 डिग्री
1 :00 बजे	43 डिग्री
2 :00 बजे	43 .5 डिग्री
3 :00 बजे	44 .7 डिग्री
4 :00 बजे	44 डिग्री
4 :00 बजे	43 डिग्री
6 :00 बजे	42 डिग्री

नहरों में उड़ रही धूल अमृत सरोवर सूखे

संवाददाता सरोजनीनगर

▸▸ फसलें सूखने से किसान परेशान, पानी की तलाश में भटक रहे पशु-पक्षी

अमृत विचार: भीषण गर्मी में नहरों में पानी की जगह धूल उड़ रही है और अमृत सरोवर योजना के तहत बने तालाब भी सूख गए हैं। इससे खेतों में खड़ी फसल सूख रही है वहीं पशु-पक्षी और वन्य जीव भी पानी के लिए भटक रहे हैं। सरोजनीनगर इलाके की नहरें 3 माह से सूखी पड़ी हैं। नहरों और तालाबों में पानी न होने से हरी सब्जियों और आम के बागों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। धान की नर्सरी भी पिछड़ रही है। खेतों में खड़ी उड़द की फसल भी भयंकर गर्मी से झुलस रही है, जिससे ग्रामीण परेशान हैं।

अमौसी और गहरू रजबहा नहर से सैकड़ों एकड़ जमीन की सिंचाई की जाती है। दोनों नहरों से बेहटवा, अनौरा, अमौसी, हड़ाइन खेड़ा, गौरी, गहरु, नटकुर, चंद्रावल, सरैया, शाहपुर मझिगवां, जैती खेड़ा, मीरानपुर पिनवट सहित तमाम गांवों में सिंचाई की जाती है। चंद्रावल के किसान सर्वेश रावत, कल्लू और नटकुर के चंद्र किशोर सिंह आदि कई किसानों का कहना है कि धान की नर्सरी तैयार करने का समय चल रहा है। लेकिन नहरों में पानी न आने से खेतों में पलेवा नहीं हो पा रही है। ऐसे में धान की बुवाई पिछड़ रही है। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता धनंजय तिवारी का कहना है कि नहर की सफाई का कार्य पूरा हो चुका है। दो दिन के अन्दर अमौसी रजबाहा नहर में पानी छोड़ दिया जाएगा।

फर्जी पास से यात्रा करने वालों की होगी जांच

अमृत विचार, लखनऊ : फर्जी आई कार्ड और बिना अनुमति बसों में यात्रा करने के मामले में परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने क्षेत्रीय प्रबंधक और सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (डिपो) को पत्र लिखा है। इसमें कहा कि बसों में विभाग से निकाले गए लोग फर्जी कार्ड से यात्रा कर रहे हैं। कुछ चालक-परिचालक महीनों से अनुपस्थित होने के बाद भी बसों में यात्रा कर रहे हैं। कई स्टाफ बिना वैद्य पास से यात्रा कर रहे हैं। पत्र में बसों का निरीक्षण कर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधक निदेशक ने सभी प्रवर्तन कार्मिकों, यातायात अधीक्षक, यातायात निरीक्षक और सहायक यातायात निरीक्षकों को निर्देशित करने के लिए कहा है।

धूप में बेहाल कर रहा नए टर्मिनल का पारदर्शी शेड

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ तेज धूप के कारण शेड के नीचे 10 मिनट भी खड़े रहना हो रहा मुश्किल

अमृत विचार: एयरपोर्ट के नए टर्मिनल से आने वाले यात्री भीषण गर्मी में धूप में बेहाल हो रहे हैं। टैक्सी बुक कर जाने वाले यात्रियों के लिए नए टर्मिनल में जगह तय कर दी गई है। ऊपर शेड की जगह पारदर्शी कांच (फाइबर) लगा है, जिससे सीधी धूप यात्रियों पर पड़ रही है। कई यात्रियों की धूप में तबीयत बिगड़ जा रही है।

एयरपोर्ट में नए टर्मिनल के बाहर पारदर्शी शेड लगाया गया है। रात में रंगीन रोशनी में सुंदर दिखने वाला ये शेड इस समय धूप में यात्रियों के लिए तकलीफदेह बन गया है। यात्रियों ने बताया कि टर्मिनल-2 के शेड में धूप से राहत मिलती है।

नए टर्मिनल में पारदर्शी शेड के नीचे सीधी धूप टैक्सी का इंतजार करने वालों पर पड़ती है। चारों ओर कंकरीट का निर्माण है। इससे अन्य जगह की तुलना में तापमान दो से तीन डिग्री अधिक रहता है। टैक्सी आने में 10 मिनट की भी देर होने पर गर्मी व धूप बेहाल कर देती है। एयरपोर्ट आने वाले यात्री लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

सोशल मीडिया पर एयरपोर्ट प्रशासन की खिंचाई

सोशल मीडिया पर राजेश यादव, इमरान ने नए टर्मिनल की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। ध्रुव ने जहां यात्रियों को हो रही दिक्कत की बात कही। शोएब जैदी ने कहा कि यह लंदन नहीं, लखनऊ है। निर्माण के समय इसका ध्यान रखना चाहिए था, क्योंकि लंदन में भीषण सर्दी होती जहां ऐसे शेड बनाए जाते हैं ताकि हल्की धूप की गुनगुनाह मिल सके। यहां भीषण गर्मी पड़ती है।

सूचना

मैं जेबा खान पत्नी अन्सार अहमद निवासिनी 429/847, गुलाबनगर, मुअज्जमनगर, निकट यादव किराना मर्चेन्ट सआदतगंज लखनऊ मेरा बैनामा दिनांक 16/5/2002 को बही सं.-1 जिल्द संख्या-972 के पृष्ठ सं.- 343 से 358 तक क्रमांक-3222 पर पंजीकृत है, में त्रुटिवश हलीमुन्निसा उर्फ जेबा खान हो गया था जबकि सही नाम जेबा खान है।

सूचना

मैंने अपना नाम प्रीति बैजल से बदलकर प्रीति सक्सेना (Priti Saksena) रख लिया है। भविष्य में मुझे प्रीति सक्सेना पुत्री अशोक कुमार बैजल नि-के-824 आशियाना कॉलोनी कानपुर रोड, LDA कॉलोनी लखनऊ से जाना पहचाना जाये

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी जोन-2 नगर क्षेत्र लखनऊ

पत्रांकः / विद्यालय जर्जर भवन नीलामी/82 / 2024-25 दिनाँक 13-06-2024

नीलामी सूचना

विकास खण्ड जोन 2 नगर क्षेत्र लखनऊ में अवस्थित 02 जर्जर विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय मटियारी व प्राथमिक विद्यालय आदिलनगर की नीलामी दिनॉक 28.06.2024 को उसी विद्यालय के परिसर में (उच्च प्राथमिक विद्यालय मटियारी में 10:00 बजे व प्राथमिक विद्यालय आदिल नगर में अपरान्ह 2:00 बजे) की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति / फर्म नियत तिथि, समय व स्थान पर पहुँचकर नीलामी प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते है। आवेदन पत्र तथा नियम व शर्तो की जानकारी दिनॉक 26.06.2024 तक कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी जोन-2 से प्राप्त की जा सकती है।

नीलामी अधिकारी / खण्ड शिक्षा अधिकारी
जोन-2 नगर क्षेत्र लखनऊ

रोडवेज कर्मियों को नहीं मिल पा रहे पास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: गर्मी की छुट्टियों में जब परिवारवालों को पास की जरूरत पड़ी तो पास ही खत्म हो गए। आलम यह है कि नियमित कर्मचारी हो या संविदा कर्मी। दोनों स्तर के निःशुल्क बस यात्रा के पास एक महीने से खत्म है।

ऐसे में पारिवारिक पास समाप्त हो जाने के कारण उन्हें पास न मिलने से बस यात्रा करने में असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। रोडवेज में तैनात नियमित लेख और संविदा कर्मचारियों को क्षेत्रों में पारिवारिक पास की कमी को लेकर परिवहन निगम के श्रमिक समाज कल्याण संघ के प्रांतीय महामंत्री बनारसी राम ने एमडी को ज्ञापन सौंपा है। इस संबंध में परिवहन निगम के पीआरओ अजीत सिंह ने कहा कि निःशुल्क पास के कार्ड की छपाई समय रहते नहीं हो सकी। इस वजह से कार्ड की कमी हुई है। जल्द ही छपाई का सिलसिला शुरू होगा और क्षेत्रों में कार्ड दिए जाएंगे।

10 वर्षों बाद मिला तोहफा 10 महीने में बंद

वर्ष 2014 में परिवहन निगम के स्थापना दिवस के मौके पर नियमित के साथ ही संविदा कर्मियों के पारिवारिक पास की घोषणा की गई थी। उस समय एमडी मुकेश मेश्राम रहे। इसके बाद इस सुविधा को वर्ष 2023 में लागू की गई। जोकि 10 महीने बीतने के बाद पास ही खत्म हो गया।

एटा के एआरएम, प्रयागराज का बुकिंग लिपिक निलम्बित

अमृत विचार, लखनऊ : एटा डिपो अलीगढ़ क्षेत्र में कार्यरत सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआएम) राजेश कुमार यादव और प्रयागराज के बुकिंग क्लर्क को निलंबित कर दिया गया है। एआएम के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर और लिपिक के खिलाफ प्रयागराज के क्षेत्रीय प्रबंधक ने की। एआरएम पर कार्य में शिथिलता, निगम की छवि को धूमिल करने और वित्तीय क्षति पहुंचाने के आरोप हैं। दरअसल एटा डिपो की बस यूपी-81बीटी 6057 में अलीगढ़ से एटा लौटते समय जांच की गई। उसमें एक बच्चा और 41 वयस्क यात्री बिना टिकट मिले थे। परिचालक ने इन यात्रियों से टिकट के पैसे लेकर हाथ से लिखा टिकट दिया था। प्रयागराज के बुकिंग लिपिक कमला शंकर यादव का चालकों से रिश्वत लेकर ड्यूटी का वीडियो वायरल हुआ था।

कार्यालय जिला पंचायत लखनऊ

पत्रांकः 204 / जि0पं0/2024-25 दिनांकः 11 जून/2024

निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत लखनऊ द्वारा संचालित गौवंश आश्रय केंद्र / कांजी हाउस स्थल विकास खण्ड माल ग्राम माल एवं विकास खण्ड गोसाईगंज ग्राम बक्कास में संरक्षित पशुओं के लिए अच्छी गुणवत्ता का भूसा की आपूर्ति की जाती है। गौवंश आश्रय केंद्र कांजी हाउसों में भूसे की आपूर्ति (लोडिंग-अनलोडिंग तथा ढुलाई सहित) करने हेतु इच्छुक व्यवसायियों/फर्मो ठेकेदारों से भूसे की प्रति कुंटल दर की निविदा दिनांक 26.06 2024 को समय अपराहन 2 बजे कार्यालय जिला पंचायत लखनऊ में आमंत्रित किये जाते है। अन्य शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत लखनऊ

कार्यालयः अधिशासी अभियंता जोन-7
इन्दिरा नगर, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।

प0सं0 53/एलएस/ईई-7 दिनांक 13.06.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक-20.6.24 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-20.6.24 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सायंकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	निविदा का मूल्य	धरोहर धनराशि
01	Repairing of 110mm dia PVC Pipe line Leakage 19 Places in Indira Nagar Lucknow	300.00	4300.00
02	Repairing of 110mm dia, 63mm dia &140mm dia PVC Pipe line Leakage 28 Places in Indira Nagar Lucknow	300.00	5000.00

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी / महाप्रबन्धक में निहित है।

अधिशासी अभियन्ता जोन-7
जलकल विभाग

कार्रवाई | बिना कागजात ले जाया जा रहा था लाखों का बैट्री स्क्रैप

जीएसटी दल ने पकड़ी लाखों की टैक्स चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जीएसटी दल ने लगाया अर्थदंड, 15 लाख रुपये से अधिक वसूले

▸▸ लखनऊ से अन्य जिलों और दूसरे प्रांतों में भेजा जा रहा था स्क्रैप

▸▸ बिना ई-वेबिल के किया जा रहा था माल परिवहन

अमृत विचारः टैक्स चोरी की मिल रही शिकायतों पर चुनाव बाद हरकत में आए जीएसटी दल ने कार्यवाही करते हुए बैट्री स्क्रैप की दो गाड़ियों को सुलतानपुर रोड पर पकड़ लिया। कागजात पूरे न होने के बावजूद बैट्री स्क्रैप का परिवहन किया जा रहा था। दोनों ही गाड़ियों को जीएसटी दल के सदस्यों ने अपने कब्जे में ले लिया और जांच की। जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा की चतुर्थ इकाई ने जांच में लाखों की टैक्स चोरी पकड़ी और अर्थदंड लगाया। करीब 15 लाख से अधिक रुपया जमा कराया गया है।

विशेष अनुसंधान शाखा के संयुक्त आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि राज्यकर आयुक्त के निर्देश पर कर चोरी करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया गया है। इस सिलसिले में संयुक्त आयुक्त के नेतृत्व में टीमें बनाकर अलग-अलग स्थानों पर तैनाती की गई। सहायक आयुक्त राज्य कर जितेन्द्र कुमार पाण्डेय, सीटीओ विपिन मिश्र, अभय प्रताप सिंह और धर्मेश सिंह आदि अधिकारियों को लगाया गया। इससे पूर्व इसी टीम द्वारा बड़ी मात्रा में पान मसाला भी पकड़ा गया था। सुलतानपुर मार्ग पर बैट्री स्क्रैप की दो गाड़ियों को पकड़ा गया। इनके पास से न तो कागजात मिले न ही टैक्स इनवाइस से संबंधित जानकारी। यहां तक कि माल परिवहन के लिए ई-वेबिल तक मौके पर नहीं पाया गया। वाहन चालक द्वारा माल बैट्री स्क्रैप से सम्बन्धित बिल प्रस्तुत किए जिसमें कोई भी ई-वेबिल नहीं जेनेरेट किया गया था।

माल का परिवहन बिहार से हरियाणा के लिए किया जा रहा था। दूसरी ट्रक में भी बिना ई-वेबिल के लाखों का माल कुशीनगर से कानपुर के लिए किया जा रहा था। दोनों ही मामलों में टैक्स चोरी पाई गई। दोनों ही गाड़ियों पर अर्थदंड लगाकर करीब 15 लाख रुपये से अधिक कोष में जमा कराया गया है। ज्वाइंट कमिश्नर अखिलेश सिंह ने बताया कि जीएसटी चोरी पर नकेल कसने के लिए टीमों को अलग-अलग स्थानों पर सक्रिय कर दिया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या M8754133 में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR KHAN अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 706825661473 व मेरे पैन कार्ड संख्या CBIPK6973R व मेरे पिता के पैन कार्ड संख्या AMBPJ9443D में मेरे पिता का नाम ABDUL JABBAR अंकित है जो कि सत्य व सही है। अंतः मेरे पिता को ABDUL JABBAR के नाम से जाना व पहचाना जाए। मो. अनवर पुत्र अब्दुल जब्बार निवासी मकान न. ईदगाह थाना कोतवाली नगर तहसील सदर जनपद सुल्तानपुर।

सूचना

सूचित है कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम छोटू दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम छोटू कनौजिया है। भविष्य में छोटू कनौजिया के नाम से जाना जाए। छोटू कनौजिया पुत्र राजेंद्र प्रसाद कनौजिया नया गायत्रीनगर, जानकीपुरम लखनऊ।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरे आधारकार्ड में SUFAL BISWAS लिखा है जो सही है, जबकि पासपोर्ट में SUFAL VISWAS दर्ज है जो गलत है अतः SUFAL BISWAS लिखकर सही किया जाए और यही समझा जाए। सुफल बिस्वास निवासी भिखारीपुर खुर्द सेमरी कलां गोंडा।

सूचना

सूचित हो कि मैं बबली शुक्ला निवासिनी 537/भा/783 भरतनगर मोहिबुल्लाहपुर लखनऊ घोषणा करती हूं कि बबली शुक्ला ऊर्फ नमिता देवी दोनो मेरे ही नाम है। किंतु ग्रामीण डाक जीवन बीमा नमिता देवी के नाम से है जबकि वास्तिविक नाम बबली शुक्ला पत्नी पंकज शुक्ला है। एवम ग्रामीण डाक जीवन बीमा में नमिता देवी के स्थान पर बबली शुक्ला जाना व माना जाए।

सूचना

सूचित हो कि मेरे बैंक के खाता संख्या में मेरा नाम भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) है जबकि मेरे आधार कार्ड संख्या 1886000 300129 165व पैन कार्ड संख्या । BSPP7117N में मेरा नाम भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) है। अंतः भोले नाथ पाण्डेय (BHOLE NATH PANDEY) व भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) दोनो एक ही व्यक्ति के नाम है। और भविष्य में मुझे भोला नाथ पाण्डेय (BHOLA NATH PANDEY) के नाम से बैंक के समस्त अभिलेखों में अंकित किया जाए। भोला नाथ पाण्डेय पुत्र स्व.साहबदीन पाण्डेय निवासी मकान न.235, एलआईजी, ई ब्लाक श्याम नगर कानपुर नगर।

सूचना

बैंक ऑफ इंडिया में मेरा बचत खाता राजा नाम से है। जबकि, मेरा पूरा नाम इजहार अहमद उर्फ राजा है। दोनों नाम मेरे ही हैं। इजहार अहमद उर्फ राजा पुत्र मुमताज अहमद निवासी -268 /523/341, गुलजार नगर, ऐशबाग, लखनऊ।

कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति
सीतापुर रोड, लखनऊ. फोन : 0522-2757704
ई-मेलः apmcllko120101@gmail.com

पत्रांकः कृ0उ0म0स0/2024-25-491 दिनांकः 12.06.2024

मण्डी क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ एवं मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ में निर्मित शौचालय संचालन हेतु वार्षिक ठेका हेतु निविदा आमंत्रण

सर्वसाधारण एवं सफाई ठेकेदारों तथा मलिन बस्ती विकास संस्थान के सचिव व संचालकों को सूचित किया जाता है कि मण्डी क्षेत्र, लखनऊ के अन्तर्गत मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ, मछली मण्डी एवं दुबग्गा हरदोई रोड, लखनऊ पर स्थित शौचालय ''जैसी है जहां है'' की स्थिति में आगामी माह जुलाई, 2024 से जून, 2025 तक आवंटित करने हेतु दिनांक 29 जून, 2024 को समय सुबह 12:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित किया जाता है। इसके लिए कार्यालय में जी0एस0टी0 सहित रू0 295/- नगद जमाकर आवेदन पत्र प्राप्त कर इसे पूर्णकर इसके साथ रू0 50,000/- प्रतिभूति धनराशि का एफ0डी0आर0 ''सचिव, कृषि उत्पादन मण्डी समिति, लखनऊ'' के नाम बन्धक कराकर संलग्न करें तथा फोटो, आधार कार्ड, पैनकार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न कर निम्नलिखित तालिका के अनुसार तीनों मण्डी स्थलों हेतु अलग-अलग नवीन मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ कार्यालय में जमा कर इसी दिन अपरान्ह 03 बजे निविदा खुलने के समय उपस्थित रह सकते हैं। नियम/शर्ते आवेदन पत्र के साथ संलग्न होंगी, जिसका अनुपालन अनिवार्य होगा। मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ, मछली मण्डी एवं दुबग्गा, हरदोई रोड, लखनऊ में शौचालय की स्थिति का विवरण निम्नवत् है :-

क्र. सं.	मण्डी स्थल का नाम	निर्मित शौचालयों का स्थान	संख्या	शौचालय में सीटों की संख्या	मूत्रालय अतिरिक्त सीट
1	मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ	खाद्यान्न प्रखण्ड	01	10	03
		सब्जी प्रखण्ड-पानी टंकी	01	01	02
		सब्जी मण्डी-''अ'' श्रेणी	01	01	02
		नींबू मण्डी	01	02	02
2	मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ	पीछे बाण्उड्रीवाल के किनारे	01	03	02
3	मण्डी स्थल, दुबग्गा, लखनऊ	गेट नम्बर 04 पर	01	10	02
		योग	06	27	13

मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ के शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 5,16,100/- (रूपया पाँच लाख सोलह हजार एक सौ मात्र) मछली मण्डी, हरदोई रोड, लखनऊ के शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 25,000/- एवं मण्डी स्थल, हरदोई रोड, दुबग्गा लखनऊ के शौचालय संचालन हेतु वार्षिक निविदा धनराशि रू0 6,02,222/- वार्षिक निविदा से कम की निविदा मान्य नहीं होगी।

नोट-उक्त के संदर्भ में विशेष जानकारी नवीन मण्डी स्थल, सीतापुर रोड, लखनऊ कार्यालय से की जा सकती है।

रेनू वर्मा
सचिव

राकेश सिंह
अपर जिलाधिकारी (टी0जी0)/सभापति

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

एक नजर

अधिनियम संशोधन को लेकर बैठक

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय साक्ष्य अधिनियम को अमल में लाने के लिए मदरसा बोर्ड में एक बैठक का आयोजन हुआ। इसकी अध्यक्षता बोर्ड अध्यक्ष डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने की। बैठक में रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी की ओर से अधिनियम में संशोधन से सम्बन्धित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिस पर अध्यक्ष एवं समस्त सदस्यों ने सर्वसम्मिति से एक्ट में संशोधन का निर्णय स्वीकार किया। बैठक में निदेशक जे रीभा, बोर्ड सदस्य कमर अली, तनवीर रिजवी, इमरान अहमद, असद हुसैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

डीएलएड प्रशिक्षुओं ने लगाई गुहार

अमृत विचार, लखनऊ : डीएलएड पास अभ्यर्थियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री जनता दरबार में प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों के खाली पदों पर भर्ती का विज्ञापन निकालने की गुहार लगायी। डीएलएड के प्रदेश अध्यक्ष नीतेश पाण्डेय समेत अन्य अभ्यर्थियों ने सचिव को ज्ञापन के साथ ही प्रदेश में प्राथमिक शिक्षकों के खाली पदों का ब्योरा दिया। अभ्यर्थियों ने कहा कि प्राथमिक शिक्षकों के पद रिक्त होने के बावजूद सरकार विज्ञापन जारी नहीं कर रही है और योग्य अभ्यर्थी भटक रहे हैं।

अखिल भारतीय गायन प्रतियोगिता में छात्रा विजेता

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-4 की छात्रा वाची सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित इण्डियाज कराओके सुपर स्टार ऑनलाइन कम्पटीशन में विजेता बनी है। प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

फेल छात्रों को मिलेगा परीक्षा देने का मौका

यूपी मदरसा बोर्ड : दो विषय में अनुत्तीर्ण व अनुपस्थित छात्र कर सकते हैं आवेदन

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : मुंशी- मौलवी और आलिम की परीक्षा में अनुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित हुए छात्रों को यूपी मदरसा बोर्ड एक बार फिर परीक्षा में सम्मिलित होने का अवसर देने जा रहा है। बोर्ड रजिस्ट्रार का कहना है कि वर्ष 2024 की परीक्षा में जो छात्र दो विषय में अ नुत्तीर्ण अथवा अनुपस्थित रहे हैं। वे आवेदन और शुल्क जमा करके एक बार फिर परीक्षा दे सकते हैं।

यूपी मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी का मानना है कि ये अवसर छात्रों को अपना भविष्य सुधारने के लिए दिया जा रहा है। कम्पार्टमेंट परीक्षा आवेदन में मुंशी- मौलवी (सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी), आलिम (सीनियर सेकेण्डरी फारसी एवं अरबी) से संबंधित वे छात्र दोबारा आवेदन कर सकते हैं, जो वर्ष 2024 की परीक्षा में अधिकतम दो विषयों में अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित रहे। छात्रों के लिए चालान जमा करने की अंतिम तिथि 24 जून व आवेदन की अंतिम तिथि 26 जून है। परीक्षा की जानकारी बोर्ड के पोर्टल पर दी जाएगी।

▸▸ रजिस्ट्रार बोलीं, मुंशी-मौलवी आलिम की परीक्षा में दोबारा शामिल होने का दिया जा रहा मौका

रजिस्ट्रार का कहना है कि सभी जनपदों के जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, मदरसा प्रबंधक और प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों से समयावधि के भीतर परीक्षा शुल्क जमा कराकर आवेदन प्राप्त करें।

▸▸ 21,091 छात्र रहे अनुत्तीर्ण

वर्ष 2024 में 1 लाख 14 हजार 247 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। इसमें 45 हजार 147 छात्र उत्तीर्ण हुए। छात्राओं की संख्या 48 हजार 9 रही। वहीं उत्तीर्ण होने वाले छात्र 93 हजार 156 रहे। परीक्षा परिणामों में फेल होने वाले छात्रों की संख्या 21 हजार 91 रही।

▸▸ इस तरह से कर सकते हैं आवेदन

रजिस्ट्रार का कहना है कि छात्रों को कम्पार्टमेंट परीक्षा शुल्क ट्रेजरी चालान के माध्यम से जमा करना होगा। इसमें शिक्षा, खेल-कूद, कला एवं संस्कृति, सामान्य शिक्षा, प्रारंभिक शिक्षा विषयों को सम्मिलित किया गया है। सभी छात्र अपना आवेदन संबंधित मदरसों में कर सकते हैं।

▸▸ इस विषयों में कर सकते हैं आवेदन

मुताला-ए-मजाहिब, मुताला-ए-उसूल-ए-फिकाह, मुताला-ए-इखलाक व इरफान इस्लामी, मुताला-ए-हदीस, पर्शियन लिट्रेचर (जदीद), अरबिक नज्म, ताबियात, इस्लामी सकाफत, फुनून-ए-आदाब, असनफ-ए-आदाब, फलसफ-ए-जदीद।

विश्वविद्यालयों में दाखिलों के बीच बढ़ी प्रशासनिक कार्यों की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पुनर्वास विश्वविद्यालय सहित अन्य विवि में प्रवेश को लेकर आवेदन किये जा रहे हैं। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के उद्देश्य से प्रशासनिक समिति की बैठकें आयोजित हुईं। संशोधित पाठ्यक्रम, हॉस्टल आवंटन सहित अन्य विषय क्रमिक सूची में है।

डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि दाखिले की प्रक्रिया 10 अगस्त तक पूरी की जाएगी। नए छात्रों को 16 अगस्त तक हॉस्टल आवंटित किया जाएगा। विद्या परिषद की बैठक में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के एकेडमिक कैलेंडर पर अनुमोदन दे दिया गया है। नए सत्र में तीसरे, पांचवें, सातवें और नवें सेमेस्टर की पढ़ाई 27 अगस्त से शुरू की जाएगी। बिना विलंब शुल्क के फीस जमा करने की अंतिम तिथि सात सितंबर है। उधर, लखनऊ विवि में बीए, बीएससी, बीकॉम, एलएलबी ऑनर्स सहित अन्य पाठ्यक्रमों में आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 30 जून है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन 12 जुलाई के पूर्व होगा।

नेशनल पीजी में डिप्लोमा के लिए सीटें निर्धारित

नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. देवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि एडवांस डिप्लोमा और वोकेशनल कोर्स के लिए सीटों का निर्धारण किया जा चुका है। दोनों कोर्स में 50-50 सीटें निर्धारित की गई हैं। ऑनलाइन आवेदन को लेकर सारी जानकारियां कॉलेज के वेबसाइट पर उपलब्ध है। दाखिले को लेकर 20 जून अंतिम तिथि है। बताया फार्म भरने की प्रक्रिया ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन भी है।

शिक्षकों की कमी पर तेज हुई विभागीय कार्रवाई

लखनऊ विवि से संबद्ध महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी हैं। इनकी संख्या 118 के करीब है। ये महाविद्यालय, लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी सहित अन्य जनपदों में हैं। कमतर व्यवस्था को लेकर विवि की ओर से अंतिम विभागीय पत्राचार किया गया है। माना जा रहा है कि नए सत्र में रिक्त पदों को भर लिया जाएगा।

18 से खुलेंगे स्कूल, बच्चों का होगा स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक, जूनियर और कंपोजिट विद्यालय 18 जून से खुल जाएंगे। इसके लिए शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने आदेश जारी करते हुए गुरुवार को कहा कि बच्चे जब विद्यालय पहुंचे तो उनका गेट पर शिक्षकों की ओर से स्वागत किया जाए।

उन्होंने कहा कि नए सत्र में विद्यालय में एक शैक्षिक माहौल बनाते हुए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। विद्यालयों में बच्चों के स्वागत की फोटो भी साझा करने के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि ग्रीष्मावकाश के चलते विद्यालय अभी तक बंद चल रहे थे जो अब 18 जून से खुल जाएंगे। विद्यालयों में साफ-सफाई के निर्देश भी जारी किया गए हैं।

▸▸ बच्चों के स्वागत की फोटो भी साझा करने के निर्देश

विद्यालय में इन अधिकारियों के मौजूद रहने के निर्देश : महानिदेशक ने आदेश जारी करते कहा कि स्कूल खुलने के पहले दिन जिला स्तर के सभी अधिकारी अलग-अलग विद्यालय में मौजूद रहे। महानिदेशक ने बेसिक शिक्षा अधिकारी, वित्त एवं लेखाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी, जिला टास्क फोर्स एवं ब्लॉक टास्क फोर्स के सभी सदस्य व डायट के प्रधानाचार्य, प्राचार्य और मंडल स्तर पर मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक को विद्यालय में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

समय से पहुंचे शिक्षक : विद्यालय में शिक्षक समय से पहुंचे इसकी मॉनीटरिंग करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इस बार विद्यालयों में निरीक्षण प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए भी कहा गया है। महानिदेशक ने कहा कि जो शिक्षक समय से नहीं पहुंचते हैं उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए।

207 केंद्रों पर शुरू हुई पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पॉलीटेक्निक संस्थानों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा की शुरुआत बुधवार को हो गई। परीक्षा में पहले दिन कुल 1,01,084 परीक्षार्थी शामिल होने थे लेकिन 74,399 परीक्षार्थी (73.6%) ही शामिल हुए।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से ये परीक्षा राजधानी के 18 केन्द्रों सहित कुल 207 केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा का आयोजन 20 जून तक होगा। अलग-अलग दिनों में कुल 4.72 लाख परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल होंगे। परिषद सचिव ने बताया कि गुरुवार को तीन पालियों में आयोजित ग्रुप-ए (डिप्लोमा इंजीरियरिंग) पाठ्यक्रम की परीक्षा हुई है। सचिव ने बताया कि परीक्षा का माहौल बेहद शांतिपूर्ण रहा।

श्री आयोध्या सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज से पॉलीटेक्निक की प्रवेश परीक्षा देकर बाहर निकलते छात्र। अमृत विचार

▸▸ पहले दिन 73.6% परीक्षार्थी रहे उपस्थित

गणित में उलझे, भौतिक के थे कठिन सवाल

प्रवेश परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थियों ने बताया कि गणित के सवाल जहां घुमावदार थे वहीं भौतिक के सवाल भी कठिन थे। परीक्षार्थियों ने कहा कि परीक्षा ऑनलाइन थी इसलिए ज्यादा सोचने का मौका भी नहीं था। ऐसे में करीब 15 फीसदी पेपर नहीं हल हो पाया। परीक्षा केन्द्र बने चिनहट स्थित अयोध्या सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर निकले परीक्षार्थी अतुल रस्तोगी, अनुज वर्मा, अनिल कुमार साहू, विक्रम सिंह, अनुज पटेल ने बताया कि गणित के सवाल घुमावदार थे। जबकि भौतिक के सवाल कठिन थे। इन्हें समझने में समय लगा।

सार-संक्षेप

लविवि : परीक्षा में पकड़े गए 243 नकलची

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में आयोजित परीक्षा के दौरान 243 नकलची पकड़े गए। केन्द्र प्रभारी ने अनुचित सामग्री और कॉपी जब्त करते हुए प्रशासनिक कार्रवाई की है। लविवि की ओर से गुरुवार को भी तीन पालियों में परीक्षाओं के आयोजन हुए। पहली पाली में आयोजित परीक्षा के दौरान 56 छात्रों के अलावा 58 छात्राएं नकल सामग्री के साथ पकड़ी गई। बड़ी संख्या में मिले नकलचियों की सूचना केन्द्र प्रभारी ने परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी को दी। दूसरी पाली में कोई भी नकल करता नहीं मिला। तीसरी पाली में फिर नकल करते हुए 70 छात्र व 59 छात्राएं पकड़ी गईं। कुल पालियों में 243 छात्र नकल करते पकड़े गए। सभी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है।

भाषा विवि का सम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय ने मई माह में हुई सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय ने समय सीमा में अपने सभी चरणों के लगभग 90 प्रतिशत पाठ्यक्रमों का परीक्षा फल घोषित कर दिया है। स्नातक विषयों के अलावा डिप्लोमा, एमटेक, एमबीए, एमसीए, एमकॉम, एलएलएम व एमए सहित सभी परास्नातक पाठ्यक्रमों के सेमेस्टर परिणाम भी जारी कर दिए गए हैं। भाषा विवि का रिजल्ट आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है।

सैनिक के रूप में शामिल हुए 219 रंगरूट

अमृत विचार, लखनऊ : चतुर्थ श्रेणी नर्सिंग सहायक की सत्यापन परेड छावनी स्थित एएमसी सेंटर व कॉलेज के गेट नंबर 2 तकनीकी प्रशिक्षण विंग में आयोजित की गई। इस परेड को 23 सप्ताह के कठोर भर्ती तकनीकी प्रशिक्षण के सफलता पूर्वक समापन समारोह के तौर पर आयोजित किया गया। जिसमें नवोदित रंगरूटों को शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से मजबूत और विशिष्ट सेना चिकित्सा कोर के पेशेवर रूप से एक सक्षम नर्सिंग सहायक के रूप में तैयार किया गया। सधे कदमताल के साथ आकर्षक इस समारोह में, कुल 219 नर्सिंग सहायक रंगरूटों ने डिप्टी कमांडर कर्नल जेके शर्मा के साथ शपथ ली। समारोह की समीक्षा ब्रिगेडियर ऋषिराज नारायण वर्मा ने की।

हठयोग करता है मस्तिष्क की शुद्धि : डॉ. अर्जुन

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन एवं इंटर यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर योग साइंसेज के तत्वाधान में हठयोग की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वक्ता के रूप में इंडियन योग फेडरेशन के योगाचार्य और अनंत उदय फाउंडेशन के योगाचार्य उपस्थित थे। योगाचार्य डॉ. अर्जुन श्रीवास्तव ने बताया की जलनेति के अभ्यास से नासिक में जमी गंदगी और श्लेष्मा परत को साफ कर देती है। फैकल्टी कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि जलनेति प्रमुख रूप से ब्रोंकाइटिस, सर्दी, जुकाम, सिर दर्द में अत्यधिक उपयोगी है। मस्तिष्क सहित श्वसन संस्थान की शुद्धि होती है, साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। इंडियन योग फेडरेशन की योगाचार्य भावना लोहानी ने हठ योग के आसन, प्राणायाम और मुद्रा पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया।

किन्नर समाज को सहयोग समर्थन की जरूरत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को समाज के मुख्य धारा से जोड़ने के उद्देश्य से संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीसी-डीआरसी सदस्य/ मजिस्ट्रेट शाहजहांपुरे नीतू भारती उपस्थित रही। उन्होंने ट्रांसजेंडर अधिनियम के बारे में बात करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में जागरूक किया। ट्रांसजेंडर समुदाय की मुखिया गुड्डन किन्नर ने बताया कि उनको कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए सामाजिक संगठनों, सरकार और व्यक्तिगत स्तर पर उनका समर्थन और सहयोग आवश्यक है। कार्यक्रम में किन्नर समुदाय के सदस्य, समाज कार्य विभाग के प्रो. रूपेश कुमार और डॉ. अन्विता वर्मा विभाग के शोधार्थी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

करन के शतक से ट्रम्फ अकादमी बना चैंपियन

अमृत विचार, लखनऊ : करन के आतिशी शतक 46 गेंदों पर 100 रन की बदौलत ट्रम्फ क्लब ने सीएएल डेकाथलॉन टी-20 कप अपने नाम किया। टीम ने फाइनल में अखिल इंफ्रा क्लब को नौ विकेट से हराया। स्पोर्ट्स गैलेक्सी ग्राउंड में खेले गए खिताबी मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करने उतरी अखिल इंफ्रा की शुरूआत काफी खराब हुई। जिससे उबरते हुए नौ विकेट खोकर 161 रन बनाए। जवाब में उतरी ट्रम्फ क्लब ने ठोस शुरुआत करते हुए 16वें ओवर में एक विकेट खोकर मैच जीत लिया।

प्रधानमंत्री का स्ट्रिंग चित्र रिकॉर्ड बुक में दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज के बीएफए छात्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 30 फीट लंबा स्ट्रिंग चित्र बनाकर इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में स्थान पाया है।

गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज के प्राचार्य संतोष पाण्डे ने बताया कि संस्थान में बैचलर इन फाइन आर्ट्स (बीएफए) के आठ छात्रों की एक टीम ने मिलकर यह स्ट्रिंग चित्र बनाया है। इस चित्र को तैयार करने में चार दिन का समय लगा। बताया कि कलाकृति को तैयार करने में 45 किमी लंबे और 15 किलोग्राम भार वाले काले नायलॉन के धागे का उपयोग किया गया है। साथ ही लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रवेश के लिए आवेदन कर दिया गया है।



प्रधानमंत्री के चित्र के साथ गोयल इंस्टीट्यूट के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

इस चित्र को तैयार करने में अभिषेक महराना, लारैब कमाल खान, अभय वर्मा, सानिध्य गुप्ता, आरुषि अग्रवाल, कृतिका जैन आदि ने अहम भूमिका निभाई।

कलाकृति को तैयार करने में हुआ क्रेन का इस्तेमाल : प्राचार्य ने बताया कि कलाकृति को तैयार करने में क्रेन का इस्तेमाल किया गया। स्ट्रिंग धागे से तैयार चित्र को बनाने में करीब तीन लाख रुपये की धनराशि खर्च हुई है।

पुनर्वास विवि में कृत्रिम अंग मिलेंगे मुफ्त

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कुलपति ने बताया कि विवि जल्द ही कृत्रिम अंग तथा प्रत्यंग की सुविधा प्रदान करने का एक बड़ा हब बनने जा रहा है। इसके लिए अत्याधुनिक केन्द्र स्थापित कर दिया गया है।

कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया कि केन्द्र में स्थापित मायोइलेक्ट्रिक प्रोस्थेटिक लैब दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम हाथ की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इस लैब के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित मायोइलेक्ट्रिक कृत्रिम अंग पर अनुसंधान कर कम लागत का कृत्रिम अंग निर्माण किये जाने की योजना है। केन्द्र के माध्यम से दिव्यांगजन को विभिन्न प्रकार की मुफ्त सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सुविधा प्राप्त करने के लिए आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड एवं आय प्रमाण पत्र लाना आवश्यक है।

सड़कों पर न पढ़ी जाए बकरीद की नमाज : खालिद रशीद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) के संबंध में एडवायजरी जारी करते हुए स्पष्ट किया कि कुर्बानी करते समय न तो फोटो खींची जाए, न वीडियो बनाया जाए और न ही उसे सोशल मीडिया पर अपलोड किया जाए। इस एडवायजरी में सख्ती के साथ यह निर्देश दिया गया है कि बकरीद की नमाज ईदगाह और मस्जिदों में ही पढ़ी जाए। किसी भी सूरत में सड़कों पर नमाज न पढ़ी जाए।

इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन, ऐशबाग ईदगाह के इमाम और शहर काजी मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने कहा है कि ईद-उल-अजहा में कुर्बानी हर उस व्यक्ति पर जरूरी है जो इसका खर्च उठा सकने में सक्षम है। यह कोई रस्म नहीं बल्कि अल्लाह की पसंदीदा इबादत है।

▸▸ इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया ने जारी की एडवायजरी

बकरीद में उसी जानवर की कुर्बानी दी जाए जिस पर कोई कानूनी पाबंदी नहीं है। जिस स्थान पर कुर्बानी की जाए वहां सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। खुली जगह, सड़क पर या किसी सार्वजानिक स्थल पर कुर्बानी न दी जाए। कुर्बानी के बाद जानवर के शरीर के बेकार अवयवों को इधर-उधर न फेंका जाए। कुर्बानी का खून नालियों में न बहाया जाए। कुर्बानी का खून कच्ची जमीन में दफ्न किया जाए ताकि वह पेड़ों के लिए खाद का काम करे। बकरीद की नमाज के बाद गर्मी से राहत की दुआ की जाए।

पंजा कुश्ती में जोर आजमाइश करेंगे राजधानी के खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार : मेजबान लखनऊ की 23 सदस्यीय टीम शुक्रवार से चौक स्थित जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय युवा केंद्र में खेली जाने वाली 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में अपनी चुनौती पेश करेगी। उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन और जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ की ओर से आयोजित इस चैंपियनशिप के लिए लखनऊ टीम की घोषणा गुरुवार को की गई।

जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ के सचिव मुकेश बहादुर ने बताया कि तीन दिवसीय इस चैंपियनशिप में लखनऊ के लिए चयनित टीम में विभिन्न आयु वर्ग में पुरुषों में 16 खिलाड़ियों और महिलाओं में 7 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने चैंपियनशिप में मेजबान खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। चैंपियनशिप का उद्घाटन आज सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि लखनऊ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक तरुण गाबा करेंगे।

चयनित लखनऊ की टीम

पुरुष टीम के खिलाड़ी

अफजल शमीम 15 साल, 53 किग्रा, सैयद मोहम्मद हैदर जैदी 18 साल, 78 किग्रा, सैयद मोहम्मद हसनैन रिजवी 16 साल, 43 किग्रा, फैजल अब्बास 16 साल, 52 किग्रा, गाजी अब्बास 16 साल, 52 किग्रा, मोहम्मद अली 15 साल, 45 किग्रा, वली हैदर 15 साल, 49 किग्रा, मोहम्मद रिजवी 14 साल, 48 किग्रा, मोहम्मद फैज खान 14 साल, 75 किग्रा, अली अब्बास 16 साल, 45 किग्रा, सैयद अल्माश मेहदी 15 साल, 71 किग्रा, कामरान हैदर रिजवी 15 साल, 44 किग्रा, यश सैनी 14 साल, 90 किग्रा, रामू पाण्डेय 51 साल, 70 किग्रा, कृष्ण अवतार गुप्ता 77 साल, 68 किग्रा, मनोज बाजपेयी 54 साल, 72 किग्रा।

महिला टीम के खिलाड़ी

समाना रिजवी 15 साल, 76 किग्रा, रबाब फातिमा 14 साल, 59 किग्रा, मायशा सिद्दीकी 14 साल, 43 किग्रा, आलिया जेहरा हुसैन 14 साल, 55 किग्रा, वाहिबा फातिमा 14 साल, 45 किग्रा, प्रिया पाण्डेय 26 साल, 50 किग्रा और मोहिनी श्रीयश 28 साल, 48 किग्रा।

एडेड माध्यामिक स्कूलों में 30 तक पूरी होगी तबादला प्रक्रिया

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित एडेड माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों तबादले का आदेश शासन ने जारी कर दिया है। इस बार ऑफ लाइन तबादले किए जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव केके गुप्ता ने गुरुवार को आदेश जारी करते हुए कहा तबादला प्रक्रिया को हर हाल में 30 जून तक पूरी कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रबंधकों से अनापत्त प्रमाण पत्र लेने के बाद जिला स्कूल निरीक्षक से खाली पदों का ब्योरा हासिल करते हुए उनका सत्यापन कर लिया जाए। सभी आवेदनों का परीक्षण कर अर्ह अभ्यर्थियों का तबादला किया जाए। निराश्रित महिला, असाध्य रोगी, दंपत्ति के सरकारी सेवा में होने की स्थिति में अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। किसी भी अनियमितता के लिए अपर शिक्षा निदेशक माध्यमिक जिम्मेदार होंगे।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001 : 2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.), टोल-फ्री: 1800 1800 5000, वेबसाइट: http://www.ldaonline.co.in

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेन्ट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तानान्तरण/नामांकरण किए जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

क्र. स.	मूल आवंटी का नाम	भवन/भूखण्ड संख्या	योजना का नाम	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्ति कर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का सम्बन्ध
1	2	3	4	5	6	7	8
1	श्रीमती सुनीता बिस्नोई (मृतक)	भूखण्ड सं. बी-1/3. कुर्सी रोड	महानगर विस्तार	29.10.2023	श्री ब्रह्म्भ कुमार बिस्नोई पति स्व. सुनीता बिस्नोई	-	पति
2	श्री अरविन्द नाथ तिवारी (मृतक)	भूखण्ड सं0-B-1/105 सेक्टर-के अलीगंज योजना लखनऊ	अलीगंज योजना	28.12.2016	श्रीमती ममता त्रिपाठी	-	पूंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर
3	श्रीमती बृज रानी	भवन संख्या-एम.एम.-34, सेक्टर-डी-1	कानपुर रोड योजना	17.08.2019	1. श्री उमेश त्रेहन 2. श्रीमती मीनू त्रेहन	पंजीकृत वसीयत के आधार पर	पुत्र पुत्रवधू
4	श्रीमती नुजहत बानो	भवन संख्या- एच.आई.जी.-31/11	टिकैतराय योजना	15.01.2024	1. श्रीमती शादान जहरा हैदरी 2. श्रीमती एरम जहरा हैदरी 3. मो. रजी तारिक हैदरी 4. श्री आमिर हैदरी 5. श्री आरिज हैदरी	-	पुत्री (विवाहित) पुत्री (विवाहित) पुत्र पुत्र पुत्र
5	श्री सुखवंत राय	भूखण्ड संख्या F-378	ट्रांसपोर्ट नगर	श्री सुखवंत राय की मृत्यु दिनांक 18.02.2020 को हुई है।	श्री मनोज मेनराय	वसीयत के आधार पर	पुत्र

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।
सचिव

एक नजर

जन्मदिन पर हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी पुलिस ने जन्मदिन पर हर्ष फायरिंग करने वाले आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर नवाब अहमद के मुताबिक, आरोपी हिमांशु उर्फ बादशाह निवासी कलियाखेड़ा ने अपने जन्मदिन पर हर्ष फायरिंग की थी। जिसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। मामले को संज्ञान में लेकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। हिमांशु को कलियाखेड़ा तिराहा से गिरफ्तार कर तमंचा 315 बोर को बरामद किया है। आरोपी के आर्म्स एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत

अमृत विचार, बीकेटी : बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालात में युवक के जहर खाकर जान देने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के दिनकरपुर झलौआ गांव निवासी रोहित (22) ने गुरुवार दोपहर घर में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राणा राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने थाने पर सूचना नहीं दी है। मामला संज्ञान में आया है। जांच कराकर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

गर्भवती ने युवक पर मारपीट का लगाया आरोप

अमृत विचार, काकोरी : क्षेत्र निवासी महिला ने पड़ोसी युवक पर घर में घुसकर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के सलेमपुर पतौरा गांव निवासी गर्भवती मोनिका (26) ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया बुधवार को पति सनी के साथ अपनी शादी की सालगिरह मना रही थी। तभी पड़ोसी रिंकू राठौर घर में घुसकर उसे दावत नहीं देने की बात बोल मोनिका से अभद्रता करने लगा। पति ने विरोध किया तो रॉड से जानलेवा हमला कर दिया।

फायर एक्सटिंग्विशर फटने से युवक की मौत

राजधानी स्थित राजाजीपुरम के डी-ब्लॉक में हुआ हादसा, फायर एक्सटिंग्विशर में गैस भरते समय हुआ धमाका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: तालकटोरा के राजाजीपुरम डी-ब्लॉक में फायर एक्सटिंग्विशर फटने से हर्षित यादव (23) की मौत हो गई। वहीं, कंपनी मालिक का बेटा संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के वक्त हर्षित फायर एक्सटिंग्विशर के सिलिंडर में गैस भर रहा था। पुलिस के मुताबिक घर के अंदर अवैध तरीके से गोदाम बनाया गया है। जिसमें रीफिलिंग का काम किया जा रहा था। वहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं थे। हादसा होते ही कंपनी का मालिक मौके से भाग निकला। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फैजुल्लागंज निवासी आनंद यादव का पुत्र हर्षित यादव केएस सेफ्टी प्रा. लि. में काम करता था। कंपनी अग्निशमन यंत्र बनाने व

संदीप (फाइल फोटो)

इसी मशीन से हुआ हादसा

उसमें गैस रीफिलिंग का काम करती है। कंपनी के मालिक विनोद त्रिवेदी, संदीप त्रिवेदी और कुलदीप त्रिवेदी ने राजाजीपुरम डी-ब्लॉक आर्यावर्त बैंक के सामने एक घर में गोदाम बना रखा है। जहां पर बिना सुरक्षा उपकरण के ही फायर सेफ्टी सिलेंडर में गैस भरने का काम किया जाता था।

एक्सपायरी फायर एक्सटिंग्विशर में भरी जा रही थी गैस : पुलिस के मुताबिक बुधवार को गोदाम में बुधवार को एक्सपायरी फायर एक्सटिंग्विशर में गैस भरने और पर्ची बदलने का भी काम किया जा रहा था। शाम 5 बजे के करीब तेज धमाके के साथ एक्सपायरी फायर एक्सटिंग्विशर फट गया। हादसे में हर्षित गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के वक्त कंपनी के मालिक विनोद द्विवेदी, संदीप द्विवेदी और कुलदीप द्विवेदी मौके पर मौजूद थे। आनन-फानन लोगों ने हर्षित को अवध हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देखकर उसे केजीएमयू रेफर कर दिया गया।

जबरदस्ती काम पर बुलाया : परिजनों ने बताया कि हर्षित बुधवार को गोदाम पर काम नहीं जा रहा था। लेकिन मालिक ने जबरदस्ती कई बार कॉल करके बुलाया। बोलने लगे काम ज्यादा है आ जाओ। हमें पता होता अवैध काम करा रहे हैं, तो कभी नहीं भेजते। प्रभारी निरीक्षक तालकटोरा कैलाश दुबे के मुताबिक सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। परिजनों ने गुरुवार देर शाम तक कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया है। प्रार्थना पत्र मिलते ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल में छोड़कर भागा मालिक

हर्षित के परिजनों का आरोप है कि हादसे की सूचना कंपनी शाम करीब 6.40 बजे सहकर्मी सुभाष ने दी। बताया गया कि अवध हॉस्पिटल से उसे केजीएमयू भेजा गया है। घर वाले अस्पताल पहुंचे तो हर्षित का शव मिला। वहां पर न तो कई कर्मचारी था न ही कंपनी के मालिक थे। भाई ज्ञानेंद्र ने कंपनी के मालिकों पर लापरवाही और अवैध काम करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि कंपनी में बिना सुरक्षा इंतजाम के काम कराया जाता था। वहीं, मालिकों ने घर में ही गोदाम बनाया था। जहां पर एक्सपायरी सिलिंडरों में रीफिलिंग का काम करते थे। हादसे के बाद हर्षित को केजीएमयू पहुंचाने के बाद से कंपनी के मालिक भाग गए हैं।

नाना के घर फंदे से लटका मिला युवक का शव

संवाददाता निगोहां

- परिजन ने घटना का कारण पता होने से किया इनकार
- निगोहां क्षेत्र का मामला रायबरेली निवासी था युवक

अमृत विचार : निगोहां थाना क्षेत्र में नाना के घर रह कर फैक्ट्री में मजदूरी करने वाले युवक का शव कमरे में फंदे से लटका मिला। युवक मूलतः रायबरेली का रहने वाला था। परिजन ने आरोप से इंकार करते हुये घटना का कारण पता होने से मना किया है।

पुलिस के मुताबिक, मूलतः रायबरेली जनपद के बछरावां थाना अंतर्गत कसरावां निवासी विकास (20) पुत्र संजय निगोहां के हरिकुंवर खेड़ा गांव निवासी नाना मोहन के घर रहता था। वह मोहनलालगंज स्थित एक टाइल्स फैक्टरी में मजदूरी करता था। बुधवार को नाना रिश्तेदारी में गये थे। घर पर मामा नीरज और मामी थे। विकास काम से लौटने के बाद बिना खाना खाए बरामदे में सोने चला गया। मामा- मामी छत पर सोने चले गये। गुरुवार सुबह मामी छत से उतरीं तो विकास बरामदे में नहीं दिखा। जबकि कमरे का दरवाजा अंदर से बन्द था। कई आवाजें देने के बाद भी जब जवाब नहीं मिला तो अनहोनी की आशंका के चलते नीरज ने पुलिस को फोन किया। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मी दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे तो बल्ली पर साड़ी के फंदे से शव लटका मिला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मछली पड़कने गया युवक गोमती नदी में डूबा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव थाना क्षेत्र के घैला पुल के पास की घटना

अमृत विचार : मड़ियांव क्षेत्र में घैला पुल के पास मछली पकड़ने गया युवक गोमती डूब गया। गोताखोरों ने शव निकाला। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। जानकीपुरम निवासी अतीक अहमद ने बताया कि भाई अमान अहमद (22) बुधवार दोपहर घैला पुल के पास गोमती नदी में मछली पकड़ने जाने की बात बोलकर घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। गुरुवार सुबह वापस घैला पुल के पास दोबारा तलाश करने पहुंचे तो नदी किनारे अमान की चप्पलें पड़ी दिखीं। इसके बाद गोताखोरों को बुलाया गया। गोताखोरों ने अमान को तलाश किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पूर्व पार्षद के शव का अंतिम संस्कार करने के स्थान को लेकर विरोध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आबादी के बीच का स्थान होने को लेकर दूसरे पक्ष ने की आपत्ति
- पुलिस से मृतक के परिजन की नोंकझोंक

अमृत विचार: मड़ियांव क्षेत्र में पूर्व पार्षद के अंतिम संस्कार के स्थान को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गये। परिजन गांव के ही खेत में अंतिम संस्कार करना चाहते थे। स्थानीय लोगों ने आबादी का क्षेत्र बता विरोध किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाया। मृतक के परिजन नाराज हो गए। आखिरकार खेत में ही अंतिम संस्कार किया।

थाना क्षेत्र के सेमरा गौढ़ी निवासी पूर्व पार्षद राम किशोर वर्मा (50) की बुधवार को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। पत्नी रन्नो देवी व परिजन अपने खेत में अंतिम संस्कार करना चाहते थे। इसके लिये अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। आबादी वाला क्षेत्र होने से कुछ लोगों ने विरोध किया तो परिवार नहीं माना। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझने का प्रयास किया तो मृतक के परिजन पुलिस से ही नोकझोक करने लगे। काफी देर बहस के बाद परिजनों खेत में ही अंतिम संस्कार किया। फिलहाल शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस बल मौके पर तैनात किया गया है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया मामले में कोई प्रार्थना-पत्र नहीं मिला है।

वायरल वीडियो में पुलिस से नोकझोक करते परिजन व ग्रामीण। अमृत विचार

नोकझोक का वीडियो वायरल

पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी और परिजनों के साथ नोकझोक का वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहा है। इसमें परिजन नारेबाजी कर रहे हैं। पार्षद के समर्थन में एकत्रित भीड़ ने नारे लगाए। इसके बाद मनमानी कर शव का खेत में अंतिम संस्कार कर दिया।

बख्शी का तालाब तहसील परिसर में लगा वाटर कूलर। अमृत विचार

वाटर कूलर में उतरा करंट, चपेट में आए पांच लोग

संवाददाता, बीकेटी

अमृत विचार : बख्शी का तालाब तहसील परिसर में नगर पंचायत द्वारा 10 लाख रुपये खर्च कर वाटर कूलर लगवाया गया था। गुरुवार को तहसील पहुंचे मामपुर बाना गांव निवासी रामकुमार पानी पीने पहुंचे। इसी दौरान वॉटर कूलर छूते ही करंट की चपेट में आ गये। इसके अलावा तहसील के कर्मचारी हरिशंकर, अनिल कुमार, सीताराम, शेष सिंह निवासी बदैंया भी कूलर के चपेट में आकर करंट की चपेट में आ गये। तहसील कर्मी ने अफसरों को अवगत करा मैकेनिक के माध्यम से खामी दूर कराने की बात कही है।

एएनएम को लूटकर देवी दर्शन को गए बदमाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मोहनलालगंज पुलिस ने तीन लुटेरों को दबोचा, मंगलसूत्र व मोबाइल बरामद

अमृत विचार : बिंदौआ मोड़ के पास एएनएम से हुई लूट की वारदात का खुलासा मोहनलालगंज पुलिस ने किया है। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और सर्विलांस की मदद से लुटेरों को ट्रैक करती रही। इस मामले में पुलिस ने गुरुवार सुबह परचून के व्यापारी समेत तीन लुटेरों को दबोच लिया है। उनके पास से लूटा गया मंगलसूत्र और दो मोबाइल बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक तीनों वारदात के बाद विंध्याचल मंदिर दर्शन करने चले गए थे।

डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूप ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में निगोहां शेरपुर लवल निवासी परचून व्यापारी उमेश साहू, सुमित मौर्या और बाराबंकी लोनी कटरा निवासी रोहित साहू शामिल हैं। तीनों ने मिलकर मोहनलालगंज सीएचसी में तैनात एएनएम राजकुमारी को ई-रिक्शे से गिराकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

एडीसीपी शशांक सिंह ने बताया कि लुटेरों की तलाश में चार टीमें लगाई गई थी। टीम को एनएचआई के सीसीटीवी कैमरों से बदमाशों की फुटेज मिली। इसके माध्यम से बाइक के नंबर को भी ट्रैक कर आरटीओ से डिटेल निकलवाने पर बाइक शेरपुर लवल निवासी परचून उमेश साहू के नाम मिली। पुलिस ने बताया कि परचून व्यापारी की बाइक से ही लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था।

वारदात के बाद पहुंचे विंध्याचल

इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि 7 जून को ही बदमाशों ने पीजीआई के पास मोबाइल लूट की वारदात की थी। जिसे अंजाम देकर वापस लौटते वक्त एएनएम को ई-रिक्शे से गिरा कर पर्स लूट लिया। इंस्पेक्टर के मुताबिक बाइक नम्बर ट्रैक करने पर टीम शेरपुर लवल स्थित उमेश के घर पहुंची। जहां पता चला कि उमेश तो विंध्याचल दर्शन के लिए गया हुआ है। ऐसे में पुलिस लगातार उसका मोबाइल सर्विलांस पर लिए थी। पुलिस के मुताबिक इस वारदात के पहले पीजीआई इलाके में इन तीनों ने मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम दिया था। गुरुवार सुबह पुलिस टीम ने शेरपुर लवल से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

डंपर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर: बंथरा क्षेत्र में बुधवार देर रात डंपर की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के पुराही खेड़ा निवासी सुधीर यादव (32) एयरपोर्ट कैंटीन पीएसी में खाना और नाश्ता ले जाने वाली गाड़ी पर चालक था। बुधवार देर रात ड्यूटी कर बाइक से घर लौटते समय बिजनौर की तरफ से आये तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में सुधीर गंभीर घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डीफार्मा की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास, बनाया वीडियो

संवाददाता, मोहनलालगंज

- मोहनलालगंज क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार: मोहनलालगंज क्षेत्र में डीफार्मा की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास करने और घटना का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रायबरेली जनपद के एक गांव निवासी छात्रा ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया मोहनलालगंज क्षेत्र में किराये के मकान में रहकर एक निजी कॉलेज से डीफार्मा की पढ़ाई कर रही है। पिछले सप्ताह गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे एक पहचान का युवक अपने तीन अज्ञात साथियों के साथ छत से कूदकर उसके कमरे में घूस आया। छात्रा का आरोप है उसने विरोध किया तो मुंह में कपड़ा ठूस कर कमरा अंदर से बंद कर दुष्कर्म का प्रयास किया। इस घटना का साथियों नेअश्लील वीडियो बना लिया। मामले की पुलिस से शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। उसने शोर मचाने का प्रयास किया तो मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी भाग निकले। डरी छात्रा ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित में आपबीती बताई।

मोबाइल और बाइक तोड़ कर पीटने का आरोप

अमृत विचार, निगोहां : थाना क्षेत्र में रंजिश में मोबाइल और बाइक तोड़कर युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। इंस्पेक्टर अनुज तिवारी के मुताबिक, मदारीखेड़ा निवासी धर्मेंद्र कुमार ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि रंजिश में बुधवार रात गांव निवासी नियाजुल, इमरान व सिराजुल उसे गालियां दे रहे थे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी बाइक और मोबाइल तोड़कर उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर ने बताया आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

हत्या के मामले में तीन को हिरासत में लिया

संवाददाता, काकोरी

- दुबग्गा थाना क्षेत्र निवासी युवती की हत्या का मामला

अमृत विचार : दुबग्गा क्षेत्र में युवती की हत्या की वारदात का जल्द ही पुलिस खुलासा कर सकती है। एडीसीपी पश्चिम विश्वजीत के अनुसार मामले में संदेह के आधार पर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही तीन टीमें अन्य बिंदुओं पर भी काम कर रही हैं।

क्षेत्र के जेहटा गांव में मंगलवार सुबह घर से चार सौ मीटर की दूरी पर पूनम रावत (26) का शव मिला था। पिता राजेंद्र रावत ने तीन लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया था। घटना के खुलासे के लिये एडीसीपी ने तीन टीमें लगाईं थी। गुरुवार को पुलिस ने तीन संदेहियों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। सूत्रों की मानें तो हत्याकांड में करीबी भी शक के दायरे में हैं। ऐसे में उनसे भी पूछताछ की जा रही है। बुधवार को राजेंद्र के मुंह बोले भांजे श्री कृष्णा रावत को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया था। दुबग्गा इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया कि युवती के हत्या के मामले तीन टीमें विभिन्न बिंदुओं पर काम कर रही हैं।

पूनम रावत (फाइल फोटो)

कैमरे में अकेली जाते दिखी पूनम, कार भी निकल रही

पुलिस सूत्रों के अनुसार राजेंद्र के घर के पड़ोसी के मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में 11:40 पर पूनम रावत अकेले जाती दिखी है। इस बीच एक कार भी उसी रास्ते से गुजरी थी। ऐसे में इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि हत्यारोपी कार से आये और घटना अंजाम देकर फरार हो गये।

नाबालिग से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: महिगवां थाना क्षेत्र एक गांव में नाबालिग से घर में घुसकर युवक द्वारा छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक, पीड़ित मां ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया बेटी घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी घर में घुसकर उससे छेड़छाड़ करने लगा। चीख पुकार मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग निकला। पीड़िता की मां आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे जहां उसके परिजनों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इंस्पेक्टर शिवमंगल सिंह ने बताया कि आरोपी रवि शंकर उर्फ नीरज के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

पिता-पुत्री को पीटा

अमृत विचार, मलिहाबाद : किशोरी व उसके पिता पर घर में घुसकर आरोपियों ने डंडों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के प्रार्थना-पत्र पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। क्षेत्र के ग्राम बक्त्यारनगर निवासिनी मैका के मुताबिक वह 11 जून को उसकी नाबालिग पुत्री व पति पुत्तीलाल घर पर थे। इस दौरान गांव निवासी रामचरन ने अपने तीन पुत्रों छोटू, संजय व पप्पू के साथ घर डंडों व धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुसे। पति को जान से मारने की नीयत हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची पुत्री को भी जमकर पीट दिया।

नकली उर्वरक बनाते तीन पकड़े गए, कारखाना सील

संवाददाता, बीकेटी/लखनऊ

- एसटीएफ ने कृषि विभाग के साथ बीकेटी के कन्हईपुर कुम्हरावां में मारा छापा
- सीतापुर का रहने वाला है संचालक, भारी मात्रा में पैकेट व कच्चा माल बरामद

अमृत विचार : एसटीएफ ने कृषि विभाग की टीम के साथ बीकेटी में छापामार कर भारी मात्रा में नकली उर्वरक व कच्चा माल बरामद किया। मौके पर मिले तीन लोगों को एसटीएफ ले गई और कृषि विभाग ने कारखाना सील कर दिया। साथ ही कारखाने का संचालन करने वाला सीतापुर के व्यक्ति की तलाश में जुट गई। जिसके तार अन्य जिलों में जुटे हैं।

गुरुवार को एसटीएफ मुख्यालय के उपनिरीक्षक पवन कुमार सिंह ने जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह व अपर जिला कृषि अधिकारी डॉ. हर्षित त्रिपाठी के साथ बीकेटी के कन्हईपुर कुम्हरावां में छापामार कर रासायनिक व जैविक के नाम पर नकली उर्वरक बनाने का कारखाना पकड़ा। कारखाना राजू के मकान में संचालित था। भवन में तीन दुकान, कारखाना, कक्ष, गोदाम आदि में माल तैयार कर बिक्री किया जाता था। मौके से 1 से 5 किग्रा के 2,620 पैकेट उर्वरक, 10 किग्रा की 500 बाल्टी, 50 किग्रा के 600 बैग, 40 पैकेट के 60 बाक्स व भारी मात्रा में कच्चा माल व खाली पैकेट बरामद किए। इसके अलावा दो वजन मशीन, एक सिलाई मशीन, एक जेनरेटर मिला। भवन स्वामी राजू, नीरज व उसका भाई संजय निवासी अरम्बा अमानीगंज बीकेटी नकली स्टॉक तैयार करते पकड़े गए। जिन्हें एसटीएफ ले गई। वहीं, कृषि विभाग ने छह उर्वरक के नमूने लेकर कारखाना समेत पूरा भवन सील कर दिया। राजू ने एसटीएफ को बताया कि नकली उर्वरक सागर शुक्ला सिविल लाइन्स सीतापुर द्वारा तैयार कराया जाता है। उसका कारोबार कई जनपद में फैला है। इसकी तलाश में टीम जुट गई है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि पकड़े गए तीनों व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर कराएंगे। डीएम ने अनुमोदन किया है।

कारखाने में जांच करते जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह। अमृत विचार

वर्षों से चल रहा था बिना लाइसेंस कारोबार

जांच टीम ने बताया कि कारखाना का लाइसेंस नहीं है। करीब एक साल से संबंधित भवन में नकली उर्वरक बनाने का काम चल रहा था। यहां बुंदेलखंड बायो फर्टिलाइजर्स खानीपुर के नाम दुकान भी खोल रखी थी। जबकि खानीपुर इस स्थान पर गांव नहीं है। इसके पहले इसी गांव में एक मकान में कारखाना पकड़ा था। जो कई साल से अवैध रूप से चल रहा था।

पैरामेडिकल के छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

अमृत विचार, लखनऊ : आलमबाग क्षेत्र में पैरामेडिकल कोर्स कर रहे छात्र ने फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। पुलिसकर्मियों ने दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतार पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मूलतः ललितपुर निवासी पीयूष यादव (24) अपनी बहन पूजा के साथ आदर्श नगर में किराये के मकान में रहकर पढ़ाई कर रहे थे। बुधवार को बहन गांव चली गई थी। पीयूष का शव पंखे के कुंडे से फंदे से लटका दिखा। सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मी दरवाजा तोड़कर उसे उतारा पर तब तक मौत हो चुकी थी।

सार-संक्षेप

प्लाट दिलाने के नाम पर 35 लाख ठगे, दंपति पर एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : दंपति ने सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अखिलेश वर्मा व उनके दो दोस्तों को प्लॉट दिलाने के नाम पर 35 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ितों ने इसकी शिकायत जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरि से की। उनके निर्देश पर हजरतगंज कोतवाली में दंपति व उसके बेटे पर एफआईआर दर्ज की गई है। सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अखिलेश वर्मा दारुलशफा निवासी अमित निषाद के परिचित है। अखिलेश के मुताबिक उनकी मुलाकात अमित ने अपनी पत्नी जूही और बेटे अजीत से कराई जिन्होंने ने सुशांत गोल्फ सिटी में प्लॉट बिकने की जानकारी दी। बताया कि अच्छी लोकेशन पर जमीन मिल जाएगी। अखिलेश के साथ उनके दोस्त आलोक और शांतनु पाण्डेय भी जमीन खरीदने के लिए तैयार हो गए। जिसके बाद अखिलेश और उसके दोस्तों की मुलाकात जूही ने शिव कुमार से कराई। सौदा तय होने पर अखिलेश और उसके दोस्तों ने करीब 35 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। बचे हुए रुपये रजिस्ट्री के वक्त देने की बात तय हुई। काफी दिनों तक रजिस्ट्री नहीं होने पर पीड़ितों ने तकादा करना शुरू किया। जिस पर उन्हें दुराचार का मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने बताया कि अमित निषाद, उसकी पत्नी जूही और बेटे अजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

असलहा लगाकर आईटीआई कर्मी से लूट का प्रयास

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई के वृंदावन सेक्टर-7 में बुधवार दोपहर को रिटायर्ड आईटीआई कर्मचारी जयप्रकाश की कनपटी पर बदमाशों ने असलहा लगा दिया। पत्नी ने शोर मचाया तो बदमाश धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने पीजीआई थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वृंदावन सेक्टर-7 निवासी जय प्रकाश सिंह आईटीआई से रिटायर्ड हैं। जय प्रकाश के मुताबिक बुधवार दोपहर वह घर पर थे। इस दौरान दो युवकों ने उनके घर की कॉल बेल बजाई। बालकनी से देखने पर पीने के लिए पानी मांगा। भीषण गर्मी को देखते हुए वह पानी लेकर नीचे पहुंचे। इसी बीच दूसरे ने अचानक उनका मुंह दबाकर कनपटी पर असलहा लगा दिया। दोनों बदमाश रेलवे लाइन पार्क का दूसरी तरफ भाग निकले। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

दो युवकों के शव मिले, गर्मी से मौत की आशंका

अमृत विचार, लखनऊ : मदेयगंज के पक्के पुल पर गुरुवार को अज्ञात युवक (35) का शव मिला। उसके शरीर पर नीले व गुलाबी रंग कि टीशर्ट और हाफ नेकर है। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने शव मोर्च्युरी में रखवाया है। प्रथम दृष्टया गर्मी से मौत होने की आशंका जताई जा रही है। उधर, वजीरगंज थाना क्षेत्र में बांसमंडी के सामने नवीउल्लाह रोड शराब ठेका के पास अज्ञात युवक का शव मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहचान नहीं होने पर शव मोर्च्युरी में रखवाया है। प्रत्यक्षदर्शियों ने गर्मी से मौत होने की आशंका जताई है।

चोरों ने डॉक्टर के घर से पार किया सामान

अमृत विचार, आलमबाग : आशियाना क्षेत्र में हथियार बंद चोरों ने स्वास्थ्य विभाग ज्वायंट डायरेक्टर के बंद मकान से सामान पार कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया रश्मिखंड शारदा नगर निवासी डॉ. संदीप गुलाटी ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया वह ज्वाइन्ट डायरेक्टर लेवल स्वास्थ्य विभाग के पद पर कार्यरत हैं। बताया सात जून की रात करीब 3.30 बजे पांच महिलायें हथियारों से लैस होकर मकान में घुसीं और लाखों का सामान समेट ले गईं। घटना घर व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

एक नजर

सहा. खाद्य आयुक्त ने जिलाधिकारी को भेजा पत्र

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की कैंटीन में हुई गड़बड़ियों से जुड़े मामले को लेकर सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजा है। जिसमें हवाला देते हुए बताया गया है कि लविवि स्थित कैंटीन का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर कैंटीन संचालक सहित अन्य उपस्थित थे। पूर्व में हुई शिकायतों को आधार बनाते हुए जांच की गई। इसी के बाद कुल प्रकरण से जुड़े बिन्दु जिलाधिकारी को पत्र के माध्यम से प्रेषित किये गए।

बनारस घराने के वरुण मिश्र का शास्त्रीय गायन आज

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली मासिक श्रृंखला क्षितिज के तहत 14 जून को शास्त्रीय गायन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद के निदेशक अरविन्द कुमार ने बताया कि संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में बनारस घराने के वरुण मिश्र शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे।

पेंटिंग और क्राफ्ट बनाना सीख रहे हैं बच्चे

अमृत विचार, लखनऊ : लाल बारादरी स्थित राज्य ललित कला अकादमी में इन दिनों पेंटिंग और क्राफ्ट की कार्यशाला चल रही है। इस कार्यशाला में शकुन्तला मिश्रा विश्वविद्यालय के कला शिक्षक सुमित कुमार प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाना सिखा रहे हैं। 14 व 15 जून को कला एवं शिल्प महाविद्यालय से एमएफए ज्योति प्रजापति इसी कार्यशाला में प्रतिभागियों को क्राफ्ट बनाना सिखाएंगे। यह कार्यशाला 20 जून तक चलेगी।

बड़ा मंगल हो या बकरीद, स्वच्छता और शांति बनाए रखें : मुख्यमंत्री

योगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से की त्योहारों को लेकर कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : बकरीद और ज्येष्ठ मंगल समेत आने वाले अन्य त्योहारों को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस-प्रशासन को सतर्क करते हुए स्वच्छता और शांति बनाए रखने के आवश्यक सुझाव दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जहां बकरीद पर कुर्बानी के बाद अपशिष्ट के निस्तारण को व्यवस्थित इंतजाम करने का निर्देश दिया। वहीं, बड़ा मंगल पर होने वाले भंडारा के बाद अपशिष्ट सड़क किनारे न फेंकने की हिदायत भी दी।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आने वाले त्योहारों के संबंध में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शामिल पुलिस कमिश्नरों, मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तान गणों को मुख्यमंत्री ने दिशा-निर्देश दिए।

▸▸ **बड़ा मंगल पर और कुर्बानी के बाद सड़क किनारे अपशिष्ट न फेंकने के दिए निर्देश**

शरारती तत्व लोगों को उत्तेजित करेंगे, नजर रखें

योगी ने कहा कि, ज्येष्ठ माह के बड़ा मंगल पर भंडारा आयोजन की परंपरा रही है। आयोजकों को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि प्रसाद खाकर अपशिष्ट सड़क किनारे न फेंकें जाए। डस्टबिन की उपलब्धता हर भंडारा स्थल पर होनी चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध कड़ाई से लागू करें। ऐसी कोई घटना न हो, जिससे दूसरे धर्म के लोगों की भावनाएं आहत हो। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें।

विवादित स्थलों पर कुर्बानी और सड़क पर नमाज न हो

मुख्यमंत्री ने कहा, बकरीद पर कुर्बानी के लिए स्थान पहले से ही तय होना चाहिए। इसके अतिरिक्त कहीं और कुर्बानी न हो। विवादित, संवेदनशील स्थलों पर कुर्बानी नहीं होनी चाहिए। हर दशा में यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी प्रतिबंधित पशु की कुर्बानी न हो। हर जिले में कुर्बानी के बाद अपशिष्ट के निस्तारण की व्यवस्थित कार्ययोजना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नमाज भी एक निर्धारित स्थल पर ही हो, इससे सड़क मार्ग अवरुद्ध न हो। आस्था का सम्मान करें, किंतु किसी नई परंपरा को प्रोत्साहन न दें। वीडियोग्राफी कराएं, ड्रोन का इस्तेमाल किया जाए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि हर एक पर्व शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हो, इसके लिए स्थानीय जरूरतों को देखते हुए सभी जरूरी प्रयास किए जाए। यदि कोई भी कानून हाथ में लेने का प्रयास करे, अराजकतत्वों पर नजर रखें, यदि कोई शांति व्यवस्था को खराब करने का प्रयास करता मिले तो उसके साथ पूरी कड़ाई की जाए। योगी के मुताबिक, पूर्व के अनुभव बताते हैं कि जहां स्थानीय प्रशासन ने संवादहीनता बनाए रखी, वहां अप्रिय घटना की स्थिति बनी। हमें इनसे सीख लेते हुए सतर्क रहना होगा। थाना, सर्किल, जिला, रेंज, जोन, मंडल स्तर पर तैनात वरिष्ठ अधिकारीगण अपने-अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं, समाज के अन्य प्रतिष्ठित जनों के साथ संवाद बनाएं। लोगों के लिए सकारात्मक संदेश जारी कराएं। पीस कमेटी की बैठक कर लें। मीडिया का सहयोग लें, ताकि शांति और सौहार्द का माहौल बना रहे।

हार्ट अटैक का खतरा कम करता है रक्तदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए विश्व रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर विशेषज्ञों ने अपनी राय साझा की। केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. तूलिका चंद्रा ने बताया कि रक्तदान से हार्ट अटैक का खतरा 5 प्रतिशत कम हो जाता है।

लोगों से रक्तदान की अपील की करते हुए उन्होंने बताया युवाओं को आगे आना चाहिए। बच्चों को रक्तदान के फायदे बताने की जरूरत है। उनका कहना है कि रक्तदान करने से अस्थि मज्जा नया रक्त बनाने के लिए उत्तेजित हो जाता है। 18-55 साल के उम्र वाले कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।

खून की कमी से हर साल 30 लाख मौत : डॉ. अर्चना श्रीवास्तव ने बताया कि देश में हर साल 30 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हो जाती है। मात्र एक फीसद आबादी रक्तदान करके इस समस्या को रोक सकती है। देश में हर साल बीमार और गंभीर दुर्घटनाओं में घायल लोगों को 1.20 करोड़ यूनिट खून की जरूरत पड़ती है। मात्र 90 लाख यूनिट रक्त ही उपलब्ध हो पाता है।

▸▸ **रक्तदान दिवस की पूर्व संध्या पर विशेषज्ञों ने साझा की जानकारी**

रक्तदान करने के फायदे

1- खून का थक्का नही जमता इसलिए हार्ट अटैक का खतरा कम होता है।

2- साल में दो बार रक्तदान से वजन कम करने में मदद मिलती है।

3- नए ब्लड सेल्स बनते हैं, जिससे शरीर में तंदरूस्ती आती है।

4- आयरन का संतुलन सही होने से लिवर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है।

सोरायसिस पर सीएमई का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में गुरुवार को सोरायसिस पर सीएमई (काउंटिंग मेडिकल एजूकेशन) का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व डॉ. एमएच उस्मानी ने किया। समारोह इमरजेंसी कॉम्प्लेक्स के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुआ, जिसमें अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार, सीएमएस डॉ. एनबी सिंह और एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी सहित सभी विभागों के फैकल्टी, डीआरपी छात्र और डीएनबी छात्र उपस्थित रहे। डॉ. एमएच उस्मानी ने सोरायसिस के क्लिनिकल निदान में 'फिश जैसे सिल्वर स्केल' पर विशेष जोर दिया और इसके प्रबंधन में त्वचा की मॉस्चराइजेशन पर मुख्य ध्यान दिया। कई डॉक्टरों ने सोरायसिस से जुड़े स्ट्रेस, डिप्रेशन और अन्य मानसिक विकारों के बढ़ने से संबंधित सवाल पूछे। उन्होंने यह भी चर्चा की कि सही दवाओं के साथ मानसिक विभागीय रेफरल से स्थिति में सुधार संभव है। शरीर के प्रभावित सतह क्षेत्र के प्रतिशत के आधार पर दवाओं का उपयोग भी चर्चा का विषय बना।

ग्रीष्मकालीन शिविर में पगड़ी बनाना सीखते बच्चे। अमृत विचार

ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने सीखा पगड़ी बनाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में चल रहे बच्चों के ग्रीष्मकालीन शिविर में चित्रकारी और क्राफ्ट के अलावा पगड़ी बनाना सीखा।

इस्कान के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास की पत्नी अचिन्त्य रूपिणी के मार्गदर्शन में शिविर में शामिल हो रहे 5 से 15 साल के बच्चों ने शिविर के पांचवें दिन विभिन्न खेलों के माध्यम से अध्यात्म और सनातन संस्कृति की शिक्षा ली।

वास्तुकला प्रदर्शनी में दिखा भावी पेशेवर वास्तुकारों का दृष्टिकोण

अमृत विचार, लखनऊ : एकेटीयू के वास्तुकला एवं योजना संकाय के बी आर्क द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने संग्रह नाम से वास्तुकला प्रदर्शनी का आयोजन किया। संकाय के दोशी भवन में शुरू हुई इस प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रख्यात वास्तुकार अशोक कुमार और पीडब्ल्यूडी की मुख्य वास्तुकार सबीना सिंह ने किया। संकाय की डीन प्रो. वंदना सहगल और विभागाध्यक्ष ऋतु गुलाटी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने रचनात्मकता की गजब तस्वीर पेश की है। प्रदर्शनी में पेंटिंग्स, म्यूरल्स के साथ-साथ वास्तुकला डिजाइन, भवन निर्माण, आर्ट्स एंड ग्राफिक कलाकृतियां, फोटोग्राफी और डिजिटल मीडिया की झलक किसी को भी आकर्षित कर सकती है। इस प्रदर्शनी में उभरते पेशेवर वास्तुकारों का दृष्टिकोण स्पष्ट होता है। प्रदर्शनी देखने के बाद वास्तुकार अशोक कुमार ने कहा कि यह प्रदर्शनी वास्तुकला के छात्रों की असाधारण प्रतिभा और समर्पण के प्रमाण के रूप में दर्ज की जानी चाहिए।

समस्याओं को लेकर व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता सरोजनीनगर

अमृत विचार : दुकानदारों की समस्याओं को लेकर आदर्श व्यापार मंडल की सरोजनीनगर इकाई ने एसडीएम फाल्गुनी सिंह को ज्ञापन सौंपा।

संगठन के वरिष्ठ प्रदेश संगठन मंत्री ओम प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि नवीन गौरी से स्कूटर इंडिया चौराहे तक पीएनसी द्वारा रोड बनाए जाने से जल निकासी की व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। दरोगा खेड़ा से स्कूटर इण्डिया चौराहे तक नाला जरूर बना दिया गया है, लेकिन जल निकासी को लेकर करीब 50 मीटर नाले को अभी तक नहीं जोड़ा गया है। इससे दुकानों के सामने जल भराव की समस्या पैदा होगी। दुकानदारों ने पुलिस और जोन- 5 और जोन- 8 के अलावा पीएनसी अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक करा समाधान कराने की मांग की है। एसडीएम ने 5 दिनों के अंदर संयुक्त बैठक बुलाने का आश्वासन दिया।

▸▸ **आदर्श व्यापार मंडल की सरोजनी नगर इकाई ने गिनाईं समस्याएं**

एसडीएम ने कहा है कि अस्थाई पटरी दुकानदारों की समस्याओं को लेकर नगर निगम अधिकारियों के सामने समस्याएं रखकर उनका समाधान कराया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में अंबुज शर्मा, विशाल श्रीवास्तव, ध्रुव यादव, मुकेश यादव और राजकुमार मौर्य सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

निर्जला एकादशी का व्रत 18 को

अमृत विचार, लखनऊ : ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की निर्जला एकादशी का व्रत उदया तिथि के हिसाब से 18 जून को रखा जाएगा। व्रत का पारण 19 जून को सुबह 6 बजे किया जाएगा। निर्जला एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर स्वच्छ कपड़े धारण करने के बाद व्रत का संकल्प किया जाना चाहिए। इस व्रत में पूरी तरह से निर्जल रहना होता है, यानि किसी भी प्रकार का अन्न व जल ग्रहण नहीं किया जाता। सिर्फ बीमार लोगों को प्राण रक्षा के लिए फल और दूध लेने की छूट रहती है। इस व्रत में विष्णु और लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। पूजन से पहले गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाना चाहिए। विष्णु प्रतिमा का गंगा जल से अभिषेक करने के बाद फल-फूल और तुलसी पत्र चढ़ाना चाहिए। आरती के बाद निर्जला एकादशी व्रत कथा पढ़नी चाहिए। निर्जला एकादशी में दान का बहुत महत्व बताया गया है। महिला-पुरुष के बीच फल वितरित किये जाने चाहिए और गाय के लिए चारा और पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए।

कार की चाबी सौंपते गोल्डी मसाले समूह के निदेशक सुदीप गोयनका। अमृत विचार

गोल्डी ने विक्रेताओं को पुरस्कार में दीं कार व मोटर साइकिल

अमृत विचार, लखनऊ : भारत के सुप्रसिद्ध मसालों के निर्माता मेसर्स. शुभम गोल्डी मसाले प्रालि. की ओर से अपने वितरक व विक्रेताओं का सम्मान समारोह लखनऊ के होटल हॉलीडे इन में किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन कानपुर से आए कम्पनी के प्रबन्धक निदेशक सुदीप गोयनका ने किया। एमडी गोयनका ने गोल्डी की सफलता के मूलमंत्र का जिक्र करते हुए कहा कि इसमें गोल्ड समूह के निदेशकों, वितरकों और कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, बढ़िया क्वालिटी और वाजिब दाम के साथ बदलते मार्केटिंग परिवेश को ध्यान में रखकर आगे बढ़ा है। पूर्व में चली भारत अमृत महोत्सव उपहार योजना एवं लकी ड्रॉ में निकली कार की चाबी विक्रेता शीतला ट्रेडर्स लखनऊ और मोटर साइकिल की चाबी विक्रेता सार्थक इन्टरप्राइजेज को दी। बिक्री महाप्रबन्धक आलोक सेठ ने गोल्डी उद्योग समूह को मिले सेल्फ इंटरप्रेन्योरशिप एवार्ड, लैब टेस्ट एवार्ड, उद्योगरत्न एवार्ड, नेशनल एक्सीलेन्सी एवार्ड की जानकारी दी। इस दौरान क्षेत्रीय बिक्री अधिकारी सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अरविन्द शर्मा ने भी कंपनी के बारे में विस्तार से बताया। मयंक मौलि बजाज ने अतिथियों का स्वागत किया।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के शपथ ग्रहण समारोह के आयोजन को लेकर बैठक करते महानगर अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी। अमृत विचार

नवनियुक्त इकाई का शपथ ग्रहण समारोह 5 को

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नवनियुक्त इकाई के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर एक बैठक लालबाग स्थित कार्यालय में बुलाई गई। इसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने की। उन्होंने बताया कि लखनऊ इकाई का शपथ ग्रहण समारोह 5 जुलाई को आयोजित होगा। इसमें मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल होंगे। बैठक में महामंत्री अनुज गौतम, संगठन के संरक्षक वेद रतन श्रीवास्तव, महामंत्री राजीव कक्कड़, दीपेश गुप्ता, हरीश मलानी, राजीव अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश सिंह, महेश चंद राठौर उपाध्यक्ष मुकेश कुमार नाग, शिशिर सिंह, फुरकान कुरैशी, डॉ शाश्वत विद्याधर, विजय प्रकाश अग्रवाल, सरबजीत सिंह, किशोर कुमार शर्मा, नरेंद्र त्रिपाठी, मो. नसीम, मंत्री ललित शर्मा, लाल बहादुर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नाट्य कार्यशालाएं संचालित कर रही संगीत नाटक अकादमी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से प्रदेश के विभिन्न जिलों में नाट्य कार्यशालाएं संचालित की जा रही हैं। अकादमी की ओर से गाजियाबाद के स्कूल ऑफ टैलेंट डेवलपमेंट के सहयोग से ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

डॉक्टर पर लगा प्राइवेट प्रैक्टिस का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बलरामपुर अस्पताल के डॉक्टर पर प्राइवेट प्रैक्टिस के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित मरीज ने मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई। शासन के आदेश के बाद अस्पताल प्रशासन ने तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर जांच शुरू कर दी है।

सरकारी सेवा में रहते हुए कोई भी डॉक्टर प्राइवेट प्रैक्टिस नहीं करता है। इसके बदले डॉक्टरों को नॉन प्रैक्टिसिंग भत्ता भी सरकार की ओर से प्रदान किया जाता है। इसके बावजूद डॉक्टरों पर प्राइवेट प्रैक्टिस के आरोप लग रहे हैं।

सीतापुर रोड स्थित पतौरागंज निवासी धनंजय अवस्थी ने 29 मई 2024 को मुख्यमंत्री के आईजीआरएस पोर्टल में शिकायत की। शिकायती पत्र के मुताबिक धनंजय के मरीज हरदोई निवासी अनुराग कुशवाहा (21) को मानसिक बीमारी है। हरदोई के बालाजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा है। आरोप हैं कि यहां बलरामपुर अस्पताल के मानसिक रोग विशेषज्ञ प्रत्येक गुरुवार को ओपीडी संचालित करते हैं। इलाज के बावजूद 25 मई को मरीज की हालत गंभीर हो गई। परिवारीजन मरीज को लेकर बलरामपुर अस्पताल पहुंचे। मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओपीडी कमरा नम्बर 112 में पहुंचे। यहां आरोपित डॉक्टर मरीज देख रहे थे। तीमारदारों ने उनके द्वारा प्राइवेट अस्पताल में लिखे पर्चे दिखाए। आरोप हैं कि प्राइवेट अस्पताल के पर्चे देख डॉक्टर भड़क उठे। उन्होंने कहा कि ये पर्चे तुम्हें यहां नहीं लाने चाहिए। इतना कहते हुए मरीज को बिना इलाज लौटा दिया। परेशान हाल परिवारीजन मरीज को लेकर दूसरे डॉक्टर के पास पहुंचे। इसके बाद परिवार के सदस्य धनंजय अवस्थी ने शिकायत की। शिकायत का अफसरों ने संज्ञान लिया। बलरामपुर अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरूण ने मामले की जांच के आदेश दिए।

▸▸ **बलरामपुर अस्पताल के निदेशक ने दिए जांच के आदेश**

सांसद चन्द्रशेखर ने मौलाना सज्जाद नोमानी से की मुलाक़ात

अमृत विचार, लखनऊ : आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष और नगीना सीट से सांसद चन्द्रशेखर आजाद ने गुरुवार को लखनऊ में मौलाना सज्जाद नोमानी से मुलाक़ात की। मौलाना ने चन्द्रशेखर को लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी। बताया जाता है कि चन्द्रशेखर आजाद ने मौलाना सज्जाद नोमानी से मुसलमानों और दलितों के मुद्दे पर बात की। दोनों के बीच अल्पसंख्यक और ओबीसी के मुद्दे पर भी बात हुई। सांसद ने सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर भी चर्चा की। मौलाना सज्जाद नोमानी ने कहा कि अगर समाज के मजलूम लोग एकजुट हो जाएं और उन्हें कोई अच्छा लीडर मिल जाए तो भारत के हालात बदल सकते हैं।

भगवान बक्श सिंह डिग्री कॉलेज में द्वितीय स्थापना दिवस का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: भगवान बक्श सिंह डिग्री कॉलेज का द्वितीय स्थापना दिवस गुरुवार को आयोजित किया गया। मानक नगर के खुशी विहार, कनौसी स्थित महाविद्यालय परिसर में मुख्य आयोजन के रूप में सुंदरकांड का पाठ हुआ। इसके उपरांत प्रसाद वितरण (भंडारा) आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के निदेशक बृजेंद्र सिंह एवं प्रबंधिका सत्या सिंह ने विधि विधान से पूजन कर किया। इस अवसर पर स्व. भगवान बक्श सिंह का स्मरण करते हुए उनकी फोटो पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाविद्यालय ने अपनी स्थापना काल से ही अत्यंत उल्लेखनीय प्रगति की है और अत्यंत अल्प समय में ही लखनऊ विश्वविद्यालय के अग्रणी महाविद्यालय के रूप में क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है।

तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को मिला एन्क्वास सर्टिफिकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मोहनलालगंज ब्लॉक के तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेरिसालपुर, लालपुर और टिकरा को नेशनल क्वालिटी एशयोरेंस स्टेंडर्ड (एन्क्वास) सर्टिफिकेट मिला है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज अग्रवाल कहा कि एन्क्वास पाने वाले आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सभी स्वास्थ्य अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। हमें अन्य स्वास्थ्य इकाइयों को भी एनक्वास दिलाने के लिए प्रयास करना है। इसके साथ ही शासन ने भी यह निर्देश दिए हैं कि वर्ष 2025 दिसंबर तक 50 फीसद स्वास्थ्य इकाइयों तथा 2026 दिसंबर तक 100 फीसद स्वास्थ्य इकाइयों को एन्क्वास मिले। हमें मिशन मोड में काम करना होगा। एन्क्वास प्राप्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को 1.28 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलती है।

▸▸ **मिशन मोड में करना होगा काम : सीएमओ**

मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार बताते हैं कि एन्क्वास असेस्मेंट की प्रक्रिया में मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों से लेकर आशा कार्यकर्ता तक का सहयोग मिला। एन्क्वास के एक्सटर्नल एसेसर डॉ. सलमान बताते हैं कि एन्क्वास प्रक्रिया से स्वास्थ्य अधिकारियों और कार्यकर्ताओं के बीच प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होती है और वह इस क्रम में अपना बेहतर देने का प्रयास करते हैं।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शुद्धिपत्र सूचना
नं0: 106-सिग-टेन्डर-13-2024-25 शुद्धिपत्र दिनांक: 13.06.2024
संदर्भः- निविदा सूचना सं.: 106-सिग-टेन्डर-13-2024-25 दिनांकः 11.06.2024 के लिये शुद्धिपत्र। उपरोक्त संदर्भित निविदा सूचना जो कि पूर्व में प्रकाशित की गयी है में **विज्ञापित मूल्य** रु. 2,98,71,056.40 के स्थान पर रु. **2,78,42,321.69** तथा **धरोहर राशि** रु. 2,99,400.00 के स्थान पर रु. **2,89,200.00** पढी जाये। अन्य शर्ते पूर्ववत ही रहेंगी। 1790/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक / गति शक्ति यूनिट / पूर्वोत्तर रेलवे / लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है- **ई निविदा संख्याः**-NER-LJN-GS-2024-04 (Two Packet System), **कार्य का नामः**- लखनऊ मंडलः गोण्डा - गोरखपुर अनुभाग में मुण्डेरवा - ओखारा स्टेशनों के मध्य किमी. 554/5-6 पर मानवयुक्त समपार सं. 189/स्पेशल पर 1*48.0m क्लियर स्पान के बो स्ट्रिंग गर्डर से युक्त 2 लेन आर. ओ. बी. का निर्माण (पहुंच सहित एक छोर से दूसरे छोर तक)।, **अनुमानित लागत (₹)**:- 388507591.20, **अग्रिम धन (₹)**:- 2092500.00, **समापन अवधि**:- 18 माह, **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-GS-2024-04 के लिये ई-निविदा दिनांक 05.07.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी।, **2.** उपरोक्त ई-निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
मण्डल रेल प्रबन्धक / गति शक्ति यूनिट
मुजाधि / डब्लू-115 **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट / जोन	लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य / उ0रे0
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	PnU-LKO-LKO-WRL-77-24-1 (Pay and use Lounges/ Waiting/Retiring/Cloak Rooms)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	06.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	22.06.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	22.06.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी के प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहॉं पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

1775/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे आलमबाग लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मद के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र0 सं0	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
1.	51245216	Supply, Installation & Commissioning of Coil Spring Scragging & Load Deflection Testing Machine with Axial Shift for LHB & IRY Coaches as per attached Technical Specification No. C&W/LKO/CSLDTM/ 2023	1 Nos	01.08.2024

निविदा शर्ते-1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। **2.** मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं: 51245216 दिनांकः 13.06.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1784/24

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना सं. व.मं.वि.इ./गति शक्ति/इज्जत/इले./09/2024 दि. 13.06.2024
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रवन्धक / विद्युत / पूर्वोत्तर रेलवे / इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती हैः- **क्रम सं.:- 01. कार्य का नामः**- इज्जतनगर मंडल के अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत (काशीपुर, पीलीभीत तथा लालकुआ) रेलवे स्टेशनों के लिए एस्केलेटर की व्यवस्था के संबंध में विद्युत कार्य।, **विवरणः- अनुमानित लागत रु. मेंः**- 24,92,258.61, **धरोहर राशि रु. मेंः**- 49,900.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. मेंः**- शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः**- 05.07.2024 11.00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः**- चार माह, • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों को अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/(सा./गति शक्ति)
मुजाधि / विद्युत-65 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

एडमिन यूनिट / जोन	लखनऊ-उ0रे0-मण्डल-वाणिज्य / उ0रे0
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	MSS-LKO-MBDP-RCR-23-24-3 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	07.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	24.06.2024 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	24.06.2024 समय 11:30 बजे
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	MSS-LKO-BCN-RCR-24-24-2 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	07.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	24.06.2024 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	24.06.2024 समय 11:40 बजे
नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0	MSS-LKO-RBL-RCR-22-24-5 (Misc-Static-Services-Rail Coach Restaurant)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	07.06.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	24.06.2024 समय 11:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	24.06.2024 समय 11:50 बजे
नीलामी के प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहॉं पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

1774/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक नजर

आग लगने से लाखों की फसल जलकर राख

अमृत विचार, मलिहाबाद : रहीमाबाद क्षेत्र में अज्ञात कारणों से आम के बाग में आग लगने से पेड़ जलने से लाखों की फसल का नुकसान होने का मामला सामने आया है। रहीमाबाद निवासी उस्ताद का तिलन गांव में आम का बाग है। रहीमाबाद निवासी मेराज ने आम की फसल दो लाख में खरीदी है। मेराज ने बताया कि अज्ञात कारणों के चलते गुरुवार शाम बाग में आग लग गई। आग से आम से लदे 23 पेड़ जल गए। इससे करीब एक लाख की फसल का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया गया।

कटिया से एसी-कूलर चलाते 17 लोगों पर रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में लेसा ने गुरूवार को हुसैनगंज और कैंट में कटिया लगाकर एसी, कूलर चलाते हुए 17 लोगो ने रिपोर्ट दर्ज की गई है। अधीक्षण अभियंता आरपी केन ने बताया कि नई बस्ती, उदयगंज, घसियारी मंडी में 16,582 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी। विभाग की ओर से उफी खान, अनुपमा, नीरज, मोनिका सोनकर, नीतू, शोभा, मेहमून, फैज आलम, हसीना बानो और रचना सोनकर के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

झुग्गी बस्ती में लगी आग, आठ को सुरक्षित निकाला

विभूतिखंड के मैक्स हॉस्पिटल के पीछे हुई घटना, आग लगने के कारण की जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : विभूतिखंड के विराजखंड स्थित मैक्स हॉस्पिटल (पूर्व में सहारा अस्पताल) के पीछे झुग्गी बस्ती में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से 70 से अधिक झोपड़ियां जलकर राख हो गईं। हादसे की सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस ने आग की लटपों में घिरे आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं, एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

एफएसओ गोमतीनगर ने बताया कि सुबह 10 बजे मैक्स हॉस्पिटल के पीछे रेलवे लाइन किनारे झोपड़ियों में आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर एक गाड़ी के साथ पहुंचे तो देखा आग ने विकराल रूप ले रखा था। इस पर आग पर काबू पाने के साथ-साथ अन्य स्टेशन से गाड़ियों को बुलाया गया। वहीं, झोपड़ियों के अंदर आग की लपटों में आठ लोगों के फंसने की जानकारी होने पर टीम ने एक-एक कर बाहर निकालना शुरू किया। आग की लपटें तेज होने के कारण दिक्कत आने लगी। इस दौरान एक टीम आग पर काबू पाने के लिए पानी की बौछार मार रही थी। तो दूसरी टीम लोगों को सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद चार गाड़ियों की मदद से एक घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

विभूतिखंड के विराजखंड स्थित मैक्स हॉस्पिटल के पीछे झुग्गी बस्ती में लगी आग को बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार

आग की लपटों से निकाला : एफएसओ के मुताबिक आग की चपेट में अब्दुल बारिक, कसिम अली, अब्बास अली, नूरहस, हसमत अली, अनवर अली, साजिद अली और जाकिर फंस गए थे। इन सभी को टीम ने सुरक्षित बचाया।

कबाड़ में लगी थी आग

एफएसओ ने बताया कि झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोग कबाड़ का काम करते हैं। झुग्गी बस्ती के एक बड़े हिस्से में कबाड़ की प्लास्टिक की बोतलें, ग्लास, डिब्बे, कागज और अन्य ज्वलनशील सामान थे। जो आग की चपेट में आते ही धू-धू कर जलने लगे। देखते-देखते आग ने पूरी बस्ती को अपनी चपेट में ले लिया। एफएसओ ने बताया कि समय रहते आग पर काबू पाते हुए 50 से ज्यादा झोपड़ियों को बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है, जांच की जा रही है।

फर्नीचर गोदाम में आग से लाखों का माल जला

अमृत विचार, काकोरी : पारा थाना क्षेत्र के नरपत खेड़ा में फर्नीचर के गोदाम में गुरुवार को तड़के 3 .30 बजे आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही आलमबाग फायर स्टेशन से गाड़ियां मौके पर रवाना की गई। आग का विकराल रूप देखते ही अन्य फायर स्टेशन को भी सूचना दी गई। वहीं, दमकल की टीम ने आग पर काबू पाना शुरू किया। एफएसओ के मुताबिक आग की चपेट में आने से लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। नरपत खेड़ा निवासी संजय शर्मा ने अपने घर के निचले हिस्से में फर्नीचर का कारखाना और गोदाम बना रखा है। वहीं, दूसरी मंजिल पर कारखाने में काम करने वाले मजदूर रहते हैं। गुरुवार तड़के सुबह में गोदाम में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। गोदाम से तेज लपटें और धुआं निकलता देख आसपास के लोगों ने शोर मचाया। इसके बाद दूसरी मंजिल पर रह रहे मजदू वहां से भागकर बाहर निकले। सूचना पर दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इंस्पेक्टर पारा ब्रजेश वर्मा के मुताबिक गोदाम मालिक संजय शर्मा ने बताया कि मैंने अपने मकान के बेसमेंट को किराए पर मोहम्मद इरफान को किराए पर दे रखा था। दुकान नूर फर्नीचर के नाम से संचालित थी और दुकान में रखे कई दर्जन सोफे, अलमारी, बेड, कुर्सी रजाई व तकिया जल कर नष्ट हो गए।

सरकारी और निजी वाहनों से तत्काल हटाए जाएं हूटर : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी व निजी वाहनों से हूटर तत्काल हटाए जाएं। वीआईपी फ्लीट में सबसे आगे की गाड़ी में एक तय ध्वनि सीमा के साथ ही हूटर बजना चाहिए, अन्य किसी वाहन में नहीं। उन्होंने कहा कि इसे स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि अगर कहीं से भी प्रेशर हॉर्न या हूटर बजने की सूचना मिली तो संबंधित थाने पर कार्रवाई होनी तय है। मुख्यमंत्री गुरुवार को सरकारी आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आगामी त्योहारों के संबंध में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीआईपी कल्चर को किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा, इसलिए प्राथमिकता के साथ इस पर कार्रवाई जरूरी है। उन्होंने कहा कि त्योहारों को देखते हुए प्रदेश में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाय। गंगा दशहरा को देखते हुए गंगा नदी के घाटों की साफ-सफाई और साज-सज्जा की जानी चाहिए। स्नान कहां करना है, यह सुनिश्चित किया जाए। सतर्कता के दृष्टिगत गोताखोरों व पीएसी के फ्लड यूनिट और एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की तैनाती भी की जाए।

कहीं पर न की जाए आपात बिजली कटौती

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय भीषण गर्मी में प्रदेश के सभी गांवों व शहरों में आपात बिजली कटौती न की जाए। ट्रांसफार्मर खराब होने या खराबी की समस्या का तेजी के साथ निस्तारण कराया जाए। आम लोगों की जरूरतों का ध्यान रखा जाए। यातायात विभाग के साथ-साथ परिवहन विभाग की ओर से सुनिश्चित किया जाए कि कहीं भी अवैध वसूली न हो। आम आदमी का उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। ऐसी शिकायतें मिलीं तो कार्रवाई होनी तय है।

सार-संक्षेप

श्रीलंकाई कलाकार मैथिस कुमार की कला प्रदर्शनी का समापन

अमृत विचार, लखनऊ : श्रीलंकाई कलाकार मैथिस कुमार की दो दिवसीय कला प्रदर्शनी का गुरुवार को राज्य ललित कला अकादमी में समापन हो गया। अकादमी की कला वीथिका में लगी इस प्रदर्शनी में मैथिस कुमार के 20 चित्र प्रदर्शित किये गए। मैथिस कुमार ने एक्रेलिक माध्यम से एक आकर्षक पेंटिंग बनाई है। इसमें खेत है, खेत में पेड़ है, पेड़ पर चिड़ियों का घोसला है, घोसले को तकता एक हिरन है, वहीं सामने एक बिजूका खड़ा है जिसे देखकर डरे पक्षी खेत में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा प् रहे हैं। कलाकार ने कपड़ों के टुकड़ों से कई दर्शनीय आकृतियां उकेरी हैं। एक तस्वीर में कपड़ों के टुकड़ों से झोपड़ियां दिखाई देती हैं। इन झोपड़ियों के साथ बनी छतरियां इस कृति को और भी आकर्षक बना देती हैं।

सिल्क लेजर तकनीक से उतर जाता है आंखों से चश्मा

अमृत विचार, लखनऊ : आधुनिक लाइफ स्टाइल में मोबाइल से लेकर कम्प्यूटर व लैपटॉप आदि का उपयोग बढ़ने से आंखों पर दबाव ज्यादा आ गया है। नजदीक से देखने वाले कार्य बढ़ गए हैं, लिहाजा आंखों में नजदीक दृष्टि दोष (मायोपिया) बढ़ रहा है। आंखों पर चश्मा न लगाना पड़े, दृष्टि दोष न रहें, इसके लिए नेक्स्ट जनरेशन सिल्क (स्मूथ इंसिजन्स लंटिक्युल केराटोमिल्युसिस) तकनीकि उप्र. में अकेले राजधानी में उपलब्ध है। गोमती नगर स्थित चंद्रा सुपर स्पेशेलिटी आई हॉस्पिटल में गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस में डॉ. राजेश भाटिया ने बताया कि 18 वर्ष के बाद 40 से कम उम्र में युवाओं को चश्मा न लगाना पड़े, इसके लिए नेक्स्ट-जनरेशन एलिटा लेजर विजन करेक्शन सिस्टम का उपयोग किया जाता है। लेसिक लेजर द्वारा ऊपर की परत को बिना काटे, कॉर्निया में डिस्क के आकार का लेंटिक्युल बनाया जाता है। जिसे एक किनारे में छोटे से कट के रास्ते बाहर निकाल लेते हैं और रोशनी ठीक हो जाती है।

नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक आज, छह सदस्य हटेंगे

अमृत विचार, लखनऊ : आचार संहिता समाप्त होने के बाद नगर निगम की पहली कार्यकारिणी बैठक नगर निगम मुख्यालय के राजकुमार हॉल में सुबह 11 बजे शुरू होगी। महापौर सुषमा खर्कवाल के अध्यक्षता में कार्यकारिणी के 12 में से छह सदस्यों को हटाने के लिए लॉटरी की जाएगी। नगर निगम की कार्यकारिणी में कुल 12 सदस्य होते हैं। कार्यकारिणी में भाजपा के रंजीत सिंह, गिरीश गुप्ता, शैलेन्द्र वर्मा, सौरभ सिंह मोनू, रानी कनौजिया, पीयूष दीवान, अनूप कमल, हरिश्चन्द्र लोधी, उमेश सनवाल, सपा के सुरेन्द्र वाल्मीकि और लइक आगा सदस्य हैं। भाजपा नगर इकाई नए सदस्यों के नाम को लेकर शाम तक मंथन में लगी थी। महापौर के साथ कई दौर की वार्ता हुई। शाम तक भाजपा ने नए सदस्यों के नाम सार्वजनिक नहीं किए थे।

सभी स्कूलों, मैदानों व पार्कों में आयोजित किए जाएं योगाभ्यास कार्यक्रम : आनंदीबेन

अमृत विचार, लखनऊ : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि सभी स्कूलों, मैदानों व पार्कों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। राज्यपाल गुरुवार को राजभवन में 21 जून को होने वाले योग दिवस के आयोजन संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थीं। बैठक में राज्यपाल ने निर्देश दिया कि आयोजन सिर्फ राजभवन तक न होकर प्रदेश के प्रत्येक स्कूल, खुले मैदानों, पार्कों आदि में वृहद रूप से कराने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने बैठक में मौजूद प्रमुख सचिव आयुष लीना जौहरी को निर्देश देते हुए कहा कि गर्भवती माताओं व आंगनवाड़ी के बच्चों को भी योग सिखाने की व्यवस्था हो, जिससे स्वस्थ संतान के साथ-साथ बच्चों में भी योग की आदत विकसित हो सके।

बकरीद 17 को, सजने लगा बकरा बाजार

अमृत विचार, लखनऊ : ईद-उल-अजहा के त्योहार में सिर्फ चार दिन बाकी रह गए हैं। यह कुर्बानी का त्योहार है इसलिए बकरों के बाजार सजने लगे हैं। अभी भीड़ कम है इसलिए बकरों का दाम भी ज्यादा नहीं है। गोमती तट पर लगे बकरा बाजार में 15 हजार से 22 हजार रुपये के बीच अच्छा बकरा उपलब्ध हैं। बकरीद के मौके पर नक्खास बाजार में सबसे बड़ा बकरा बाजार लगा करता था। सड़क पर इतने बकरे होते थे कि पैदल चलना भी आसान नहीं था। प्रशासन ने भीड़ के मद्देनजर इसे रूमी गेट के पास भेज दिया। रूमी गेट के पास ट्रैफिक बढ़ जाने की वजह से कुछ साल पहले इसे कुड़िया घाट के सामने गोमती तट पर ले जाया गया। गोमती तट पर गुरुवार को दिन भर लोग बकरा खरीदने आते रहे। सूरज डूबने के बाद जब गर्मी कम हुई तो खरीददारों की संख्या भी बढ़ गई। बकरीद जैसे-जैसे करीब आएगी बकरों के बाजार में भीड़ बढ़ती जाएगी। रविवार को बकरा बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ने की सम्भावना है।

अधिकारियों के साथ बैठक करते समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

हेल्पलाइन 14568 में रखे जाएंगे प्रशिक्षित विशेषज्ञ ऑपरेटर

अमृत विचार, लखनऊ : सबका सम्मान, तुरंत समाधान के लिए संचालित कल्याण साथी हेल्पलाइन नंबर 14568 में प्रशिक्षित विशेषज्ञ कॉल ऑपरेटर रखे जाएंगे। जो लाभार्थियों की समस्याओं का बेहतर तरीके से समाधान करेंगे। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनआईसी के माध्यम से योजनाओं की सिंगल लॉग-इन से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर लाभार्थी को आवेदन की स्थिति एवं कार्रवाई की जानकारी दी जाए। समाज कल्याण मंत्री ने हेल्पलाइन को व्हाट्सअप से इंटीग्रेट करने के निर्देश दिए। जिससे लाभार्थी को आसानी से योजनाओं की जानकारी एवं सहायता प्राप्त हो सके। बैठक में डॉ. हरिओम प्रमुख सचिव समाज कल्याण, रजनीश चंद्र विशेष सचिव, कुमार प्रशांत निदेशक समाज कल्याण, अनामिका सिंह एवं विपिन कुमार पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अवध क्षेत्र के हारे प्रत्याशियों से पदाधिकारियों ने समझे कारण

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में कई सीटों पर भाजपा की हार के बाद संगठन के प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर मंथन का दौर जारी है। गुरुवार को भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई एक बैठक में भाजपा के हार के कई कारण बड़े पदाधिकारियों के सामने आए। अवध क्षेत्र के हारे हुए कई प्रत्याशियों ने जहां जिला संगठन पर हार का ठीकरा फोड़ा वहीं, कुछ ने स्थानीय विधायकों पर भी असहयोग करने के आरोप लगाए। इस दौरान श्रावस्ती और अंबेडकरनगर के प्रत्याशी को लेकर दिल्ली वाला और लोकल वाला भी खूब चला। आरोप लगा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं से बिना पूछे, दिल्ली से चुनाव लड़ने भेज दिया गया।

जनता ने सपा को देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनाया : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : सपा के अखिलेश यादव ने कहा, जनता ने इस चुनाव में सपा को देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनाया है। लोकतंत्र सबसे बड़ी ताकत है। भाजपा ने कभी भी इसका सम्मान नहीं किया। भाजपा ने किसानों और नौजवानों को धोखा दिया है। वादा किया पर किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई।

सपा प्रमुख गुरुवार को पार्टी कार्यालय में जीत की बधाई देने विभिन्न जिलों से आए कार्यकर्ताओं, विधायकों, पूर्व मंत्रियों, पूर्व विधायकों और पदाधिकारियों को धन्यवाद देने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सपा सामाजिक न्याय की पक्षधर है। भाजपा सामाजिक सद्भाव की विरोधी है। संविधान बचाने की लड़ाई जारी है। भाजपा ने चुनावों में बड़े पैमाने पर धांधली की है। वह ज्यादती करने में अभी भी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। जनादेश ने लोकतंत्र के पक्ष में फैसला किया है। इस जीत को बचाए रखना है। भाजपा के नेता करवट बदल-बदल कर रात काटते हैं। उनकी नींदे उड़ी हुई है।

संविदा पर पुलिस भर्ती को लेकर गरमाई राजनीति

प्रियंका गांधी वॉड्रा, अखिलेश यादव व संजय सिंह ने सरकार को घेरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : पुलिस विभाग में लिपिकीय एवं लेखा संवर्ग के कार्मिकों की भर्ती संविदा के आधार पर करने के प्रस्ताव को लेकर अब प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पुलिस मुख्यालय द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण के बाद भी विपक्ष के वरिष्ठ नेताओं ने इस प्रकरण को धार देना शुरू कर दिया है।

प्रियंका गांधी वाड्रा, अखिलेश यादव और संजय सिंह जैसे वरिष्ठ नेताओं ने भी इस संबंध में तीखी प्रतिक्रिया दी है। हालांकि डीजीपी ने स्वयं देर रात 12 बजे ही विभाग द्वारा जारी पत्र में लिपिकीय त्रुटि बताकर वायरल हो रहे पत्र को खारिज किया है।

अग्निवीर जैसी योजना ला रही प्रदेश सरकार : प्रियंका

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भाजपा सरकार अग्निवीर की तरह यूपी पुलिस में भी भर्तियां करना चाहती है। उन्हें इस बारे में स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर हमारी सेना और युवाओं का भविष्य दोनों कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल करने का प्रयास चल रहा है।

पुलिस व्यवस्था के प्रति लापरवाही भरा नजरिया : अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने पुलिस व्यवस्था के प्रति लापरवाही भरा नज़रिया अपना रखा है, जिसकी वजह से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। एक के बाद एक कार्यवाहक डीजीपी के बाद अब कुछ पुलिस सेवाओं की आउटसोर्सिंग पर विचार किया जा रहा है। ठेके पर पुलिस होगी तो, न ही उसकी कोई जवाबदेही होगी, न ही गोपनीय और संवेदनशील सूचनाओं को बाहर जाने से रोका जा सकेगा। भाजपा सरकार जवाब दे कि जब पुलिस का अपना भर्ती बोर्ड है तो बाकायदा सीधी स्थायी नियुक्ति से सरकार भाग क्यों रही है?

तो क्या गुजरात की तरह ठेके पर की जाएगी भर्ती : संजय सिंह

राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने एक्स पर लिखा कि भारत की सेना में अग्निवीर के जरिए ठेके पर जवान भर्ती किए गए। इसके बाद अब उत्तर प्रदेश में पुलिस की भर्ती ठेके पर होने जा रही है। यह देश और उत्तर प्रदेश की सुरक्षा के साथ मज़ाक है। ऐसा ही मजाक गुजरात में भी किया गया है। गुजरात में भी ठेके पर पुलिस की भर्ती की जाती है।

क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रधानाचार्य से वसूली का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदर्शन के फोटो, वीडियो वायरल कर छवि धूमिल करने का भी आरोप
- मोबाइल नंबर के आधार पर हजरतगंज कोतवाली में पांच पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार: भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रधानाचार्य ने अज्ञात लोगों पर वसूली के लिए दबाव बनाने का मामला हजरतगंज कोतवाली में दर्ज कराया है। उनका कहना है कि निराधार आरोप लगाकर किए गए प्रदर्शन के वीडियो और फोटो अनजान नंबर से वायरल कर दबाव बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

इंस्पेक्टर विक्रम सिंह के मुताबिक, राकेश कुमार चत्री भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और क्राइस्ट चर्च कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं। उन्होंने प्रार्थनापत्र देकर बताया कि अराजकतत्वों ने 18 अप्रैल 2024 को बिशप डायसिस ऑफ लखनऊ के मुख्य कार्यालय स्थित सिविल लाइन प्रयागराज के सामने धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान उनपर निराधार आरोप लगाए गए थे। प्रदर्शन का वीडियो व फोटो कई नंबरों से सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल किए गए। उक्त लोगों का उद्देश्य दबाव बनाकर वसूली करना है। अभी भी कई नंबरों से वीडियो व फोटो वायरल किए जा रहे हैं। इससे उनकी सामाजिक छवि प्रभावित हो रहे हैं। इससे वह मानसिक तनाव में हैं। उपाध्यक्ष ने आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया मोबाइल नंबरों के आधार पर जेएसएम विल्सन, अशोक कुमार सिंह, दीपक विलियम समेत छह के खिलाफ आईटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

एक लाख की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

अमृत विचार, लखनऊ : आरडीएसएस योजना के तहत शहर के कई क्षेत्रों में जर्जर पोल, एबीसी केबल और खंभे लगाने का काम आज किया जायेगा। इससे ब्राइट वे, एमडीएम स्कूल जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, सुलतानपुर गांव, अलिसा नगर में सुबह 10 से शाम 4 बजे तक बिजली गुल रहेगी। वही डालीगंज खंड के गोयल उपकेंद्र के वर्कशॉप के 400 केवीए और आरएस आई कॉलोनी और चंद्रलोक के 400 केवीए डीटीआर पर जर्जर तारों के बदलने का कार्य किया जायेगा। इससे आसपास के इलाकों मे सुबह 9 से शाम 3 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी। साथ ही अहिबरनपुर डालीगंज उपकेंद्र के पक्का पुल फीडर के अन्तर्गत बाबा का पुरवा ट्रांसफॉर्मर एलटी 250 केवीए पर कार्य के चलते इसके आसपास के क्षेत्रो में सुबह 9 से शाम 3 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

ज्ञानवापी मामला : जज को धमकी देने वाला आरोपी 7 दिनों की पुलिस कस्टडी रिमांड पर

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : ज्ञानवापी मस्जिद के मुकदमे की सुनवाई करने वाले जज को इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से धमकी देने के आरोपी भोपाल के सिराजू मस्जिद के पास सेठी नगर के रहने वाले अदनान खान को एटीएस के विशेष न्यायाधीश विवेकानंद शरण त्रिपाठी ने 7 दिनों की पुलिस कस्टडी रिमांड पर दिए जाने का आदेश दिया है। पुलिस कस्टडी रिमांड अवधि 14 जून को प्रातः 10 बजे से 20 जून को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी।

विवेचक विक्रम सिंह की ओर से प्रस्तुत पुलिस कस्टडी रिमांड अर्जी पर एसपीओ नागेंद्र गोस्वामी ने अदालत में तर्क प्रस्तुत करते हुए बताया कि इंस्टाग्राम आईडी बेस्ड खिलजी से ज्ञानवापी मस्जिद के मुकदमे की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश रवि कुमार को आरोपी द्वारा धमकी दी गई है। जिसमें आरोपी द्वारा इंस्टाग्राम अकाउंट पर न्यायाधीश की फोटो को लगाकर पोस्ट किया गया है तथा उनके चेहरे पर आंखों के ऊपर लाल रंग में काफिर लिखा गया है।

असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पत्रकारों के लाइसेंस करें रद : हाईकोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने हरदोई के एक कथित पत्रकार को आपराधिक मुकदमे में कोई भी राहत देने से इंकार करते हुए कहा है कि असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त पत्रकारों के लाइसेंस रद किए जाए। न्यायालय ने कहा कि सरकार के पास ऐसी मशीनरी है जो इन गतिविधियों पर रोक लगा सकती है। इसके पूर्व राज्य सरकार की ओर से इसके अपर महाधिवक्ता व शासकीय अधिवक्ता ने दलील दी कि पूरे प्रदेश में एक गिरोह सक्रिय है जो आम लोगों को ब्लैकमेल कर के पैसे ऐंठने जैसे असामाजिक गतिविधियों में शामिल है।

वृंदावन और अवध विहार में मिलेंगे आवासीय भूखंड

अमृत विचार, लखनऊ : आवास विकास परिषद जल्द वृंदावन व अवध विहार में आवासीय योजना लाकर भूखंड आवंटित करेगा। जिसका खाका तैयार कर लिया है। करीब दो माह में पंजीयन खोले जाएंगे और लॉटरी से चयन होगा। उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद ने काफी समय बाद आवासीय भूखंडों की वृंदावन व अवध विहार में भूखंड देने की योजना बनाई है। सिर्फ वृंदावन योजना में 80 एकड़ में भूखंड आवंटित कर आवासीय सुविधा दी जाएगी। आवेदन करने के लिए करीब हजार भूखंडों के लिए पंजीयन खोले जाएंगे। लॉटरी के माध्यम से चयन होगा। जबकि अवध विहार के सेक्टर-10 व वृंदावन योजना के सेक्टर- 20 में भी आवासीय योजना विकसित की जाएगी। यहां 150 से 300 वर्गमीटर तक के होंगे भूखंड आवंटित किए जाएंगे। पूर्व में दोनों योजना में दरें निर्धारित करने को लेकर बैठक हो चुकी है।

तबादले के लिए स्वास्थ्य विभाग में लिपिक संवर्ग से मांगे गए तीन विकल्प

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग में लिपिक संवर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों से स्थानान्तरण के लिए विकल्प मांगे गए हैं। कर्मचारी की प्राथमिकता और पदों की उपलब्धता के आधार पर तबादले किए जाएंगे। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 18 जून 2024 तक मानव संपदा पोर्टल पर हर एक के लिए तीन विकल्प देने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक प्रशासन डॉ. राजा गणपति द्वारा नियंत्रक अधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरण पॉलिसी लागू हो चुकी है, एक जगह पर लंबे समय से तैनात अधिकारी व कर्मचारियों को नियमानुसार तबादला होना है, इसके लिए लिपिक संवर्ग के कर्मियों में सबसे अधिक समय से कार्यरत होने की स्पष्टता करते हुए तीन विकल्प दिए जाएं।

पति से बाथरूम साफ कराया तो पत्नी ने किया एक्सईएन कार्यालय पर हंगामा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: संविदा कर्मी से एक्सईएन बीकेटी ने घर का काम कराने के साथ बाथरूम साफ कराया। इसकी जानकारी होने पर संविदाकर्मी की पत्नी ने गुरुवार रात एक्सईएन कार्यालय पर हंगामा कर दिया। कर्मी ने मामले की शिकायत ऊर्जा मंत्री से भी की है।

संविदा कर्मी अनुरोध रस्तोगी ने बताया कि 15 वर्षों से जीपीआरए पावर हाउस पर कार्यरत है। उसका आरोप है कि अधिशासी अभियंता दिनेश पाल सिंह (एक्सईएन) बीकेटी स्थित घर पर घरेलू काम करने के साथ बाथरूम साफ कराते थे। विरोध करने पर नौकरी से निकालने की धमकी देते। घर में काम करने का सुबूत सीसीटीवी फुटेज में है। संविदाकर्मी ने इसकी शिकायत ऊर्जा मंत्री से भी की है। संविदाकर्मी से घर का काम और बाथरूम की सफाई कराने की जानकारी होने पर उसकी पत्नी ने अधिशासी अभियंता कार्यालय में हंगामा कर दिया। इससे घबराकर अधिशासी अभियंता वहां से चले गए। पत्नी ने आरोप लगाया कि अधिशासी अभियंता की प्रताड़ना के चलते अक्सर पति की तबियत खराब हो जाती है।

उपभोक्ताओं से अभद्रता करने पर कैशियर निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली बिल जमा न करने और उपभोक्ताओं से अभद्रता करने पर गुरुवार को जीपीआरए उपकेंद्र के बिलिंग काउंटर पर तैनात कैशियर टीजी टू कर्मचारी गोविंद कुमार बिंद को निलंबित कर दिया गया। बीकेटी डिवीजन के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह ने बताया कि गुरुवार को जीवीआरए उपकेंद्र बिलिंग काउंटर पर राजस्व जमा करने के लिए उपभोक्ताओं की लाइन लगी हुई थी। दोपहर करीब एक बजे बिलिंग कर्मचारी ने बिल जमा करने से इंकार कर दिया। भीषण गर्मी के बीच लाइन लगे उपभोक्ताओं के बिल जमा न होने से उपभोक्ता नाराज हो गए। लेकिन कर्मचारी की ओर से गाली-गलौच और अभद्रता की जाने लगी। इसकी जानकारी उपभोक्ताओं ने अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी से की। पूरे प्रकरण की जांच के बाद कैशियर को निलंबित कर दिया। अधिशासी अभियंता ने बताया कि एसडीओ ने भी कैशियर पर उपभोक्ताओं से अधिक पैसे लेने और अभद्रता करने का आरोप लगाया था। निलंबित कर्मचारी को इंटौजा उपखंड कार्यालय से अटैच कर दिया गया है।

कार्यालय जलकल विभाग नगर निगम, अयोध्या

पत्रांकः- 220 / ज0क0वि0न0नि0अयो0 / ई - निविदा / 2024-25 दिनांक - 13/6/ 2024

आमंत्रण ई - निविदा सूचना पत्र

नगर निगम अयोध्या के अन्तर्गत बैसिंग गौशाला में 100 एम0एम0 डाया डी0आई0 के-7 टाईप 800 मीटर एवं 50 एम0एम0 व्यास की जी0आई0 (क्लास-बी) 400 मीटर पाइप लाइन विस्तार का कार्य एवं बैसिंग गौशाला में पेयजल की समस्या होने के कारण परिसर में एक मिनी नलकूप का अधिष्ठापन के कार्य हेतु दरों के निर्धारण के सम्बन्ध में ई-निविदा आमंत्रण

नगार निगम अयोध्या के अन्तर्गत बैसिंग गौशाला में 100 एम0एम0 डाया डी0आई0 के-7 टाईप 800 मीटर एवं 50 एम0एम0 व्यास की जी0आई0 (क्लास-बी) 400 मीटर पाइप लाइन विस्तार का कार्य एवं बैसिंग गौशाला में पेयजल की समस्या होने के कारण परिसर में एक मिनी नलकूप का अधिष्ठापन के कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जलकल विभाग द्वारा समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि 15वें वित्त के अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय के द्वारा ई-निविदा आमंत्रित करने हेतु प्रदान की गयी स्वीकृति के क्रम में समस्त ठेकेदारों से उनके कार्य अनुभव के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा प्रकार से प्रकाशित की जाती है। समस्त नियम व शर्तें वेबसाइट पर देखी जा सकती है। निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाइट www.//etender.up.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा के साथ संलग्न की जाने वाली जमानत धनराशि मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी नगर निगम अयोध्या के https://emdnagarnigamayodhya.in/login Withotp के माध्यम से सम्बन्धित फर्म के खाते से जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा प्राप्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा। नगर आयुक्त नगर निगम अयोध्या को बिना कोई कारण बताये निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा।

वेबसाइट पर निविदा अपलोड होने की तिथि	14/06/2024 को अपरान्ह 03: 00 बजे
निविदा की अन्तिम तिथि	24 / 06 / 2024 सायंकाल 05:00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि	25/06/2024 को 12: 00 बजे तक

क्र0सं0	कार्य का नाम	जी0एस0टी0 रहित स्वीकृत आगणन धनराशि (अतिरिक्त G.S.T देय होगा)	जमानत राशि रूपया	निविदा मूल्य + 18% G.S.T सहित (1500+18%)	कार्य अवधि
01.	नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत बैसिंग गौशाला में 100 एम0एम0 डाया डी0आई0 के-7 टाईप 800 मीटर एवं 50 एम0एम0 व्यास की जी0आई0 (क्लास-बी) 400 मीटर पाइप लाइन विस्तार का कार्य हेतु।	250019.44	250100.00	1770	30 दिवस
02.	नगर निगम, अयोध्या के अन्तर्गत बैसिंग गौशाला में पेयजल की समस्या होने के कारण परिसर में एक मिनी नलकूप का अधिष्ठापन के कार्य हेतु।	2234964.02	223500.00	1770	45 दिवस

महाप्रबन्धक (जल)
नगर निगम अयोध्या

अपर नगर आयुक्त
नगर निगम अयोध्या

जनता से किया गया वादा पूरा करूंगा : तनुज पुनिया

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : केंद्र में भले ही इंडिया गठबंधन की सरकार न बनी हो, लेकिन मेरा जनता से किया गया हर एक वादा पूरा होगा। यह बातें सांसद तनुज पुनिया ने चुनाव जीतने के बाद गांधी भवन में गुरुवार को आयोजित स्वागत समारोह के दौरान कहीं।

उन्होंने कहा कि बीते दस वर्षों में जिले को जो वनवास मिला था, वह आने वाले पांच सालों में विकास की नई योजनाओं से पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस काम के लिए जनता का सहयोग और मार्गदर्शन मांगा। इस मौके पर सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप व पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया उनके साथ मौजूद रहे।

गांधी भवन में मौजूद सांसद तनुज पुनिया। अमृत विचार

सांसद तनुज पुनिया ने गांधी भवन पहुंचकर सबसे पहले गांधी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर वयोवृद्ध गांधीवादी चिंतक पंडित राजनाथ शर्मा से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सपा नेता अरविंद सिंह गोप ने कहा कि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई। यही वजह है कि इंडिया गठबंधन सभी विधानसभाओं में अपनी जीत दर्ज करने में सफल रही।

गांधीवादी चिन्तक राजनाथ शर्मा ने कहा कि युवा सांसद तनुज पुनिया से युवाओं को बहुत अधिक उम्मीद है। इस मौके पर पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, समाजसेवी विजय कुमार सिंह 'मुन्ना', मृत्युंजय शर्मा, अशोक शुक्ला, साहित्यकार अजय सिंह गुरूजी, विजय पाल गौतम, प्रदीप सिंह, अजय वर्मा बबलू, भूपेन्द्र सिंह, सत्यवान वर्मा, विनय कुमार सिंह, नीरज दूबे, बब्बू अरोड़ा, वेद प्रकाश यादव, विनोद भारती, सलाउद्दीन किदवई, संजय कत्याल, बृजेश दीक्षित, हुमायूं नईम खान, वीरेन्द्र प्रधान, मेराज प्रधान, मनीष सिंह, अजीज अहमद, साकेत संत मौर्य आदि कई लोग मौजूद रहे।

जीत में अधिवक्ताओं का बड़ा सहयोग

बाराबंकी से हमारी ऐतिहासिक जीत में अधिवक्ता भाइयों का बड़ा सहयोग रहा। इसके लिये मैं हमेशा उनका ऋणी रहूंगा। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि देश में लोकतन्त्र कायम रहे और देश का संविधान सुरक्षित रहे। इसके लिये मैं कोई भी संघर्ष करने या कुर्बानी देने के लिये हमेशा तैयार रहूंगा। यह बातें नव निर्वाचित सांसद तनुज पुनिया ने गुरुवार को अपने ओबरी आवास पर बधाई देने आये जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई व अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों के बीच कही। नव निर्वाचित सांसद को बधाई देते हुये जिला बार के अध्यक्ष ने उन्हें संविधान की पुस्तक भेंट की। इस मौके पर पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया भी मौजूद रहे।

अखिलेश से मिला इरफान का परिवार मिला आश्वासन

कानपुर, अमृत विचार। सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी, मां खुर्शीदा बेगम, छावनी के विधायक हसन रूमी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मिलने पहुंचे। हसन रूमी ने अखिलेश यादव को लोकसभा की सीटों में बढ़त पर बधाई दी, वहीं इरफान के परिवार ने पैरोकारी की।

उन लोगों का कहना था कि इरफान सोलंकी को गलत फंसाया गया है और सजा भी दे दी गई। रूमी के अनुसार, इस पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

वंदेभारत ट्रेन की चपेट में आने से किशोरी की मौत

दरियाबाद, बाराबंकी

अमृत विचार : रेलवे लाइन के किनारे शौच को गई किशोरी की वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दरियाबाद पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार की दोपहर गोरखपुर से वाया लखनऊ होकर प्रयागराज जा रही वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से दरियाबाद कोतवाली क्षेत्र के न्यामतपुर निवासी प्रदीप कुमार चौहान की 13 वर्षीया पुत्री कोमल की मौत हो गई। यह हादसा अयोध्या-लखनऊ रेलमार्ग पर दरियाबाद-सैदखानपुर स्टेशन के बीच न्यामतपुर गांव के पास हुआ। परिजनों ने बताया की बालिका शौच को गई थी।

मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी।

एक नजर

आबादी की भूमि पर कब्जा करने का आरोप

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत हैदरगढ़ के ठाकुर द्वारा वार्ड में भूमाफियाओं द्वारा आबादी की जमीन पर अवैध कब्जा कर प्लाट बेंचे जाने का आरोप लगाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने उप जिलाधिकारी से जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। उप जिलाधिकारी को दिए गये शिकायती पत्र में अध्यक्ष ने ठाकुरद्वारा मंदिर के सामने आबादी के रिक्त पड़ी भूमि पर कुछ भूमाफिया द्वारा कब्जा कई प्लाट बेचने का आरोप लगाया है। अध्यक्ष ने कहा कि आबादी की भूमि होने के चलते नगर वासियों के हित में किसी पार्क अथवा खेल मैदान या पेयजल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया जा सकता है।

चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस ने गुरुवार को मोहम्मदपुर के अहरी चौराहा से बेगमगंज निवासी मोहम्मद इकराम को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा व दो कारतूस व बिजली का मोटर बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी ने बरामद बिजली मोटर ग्राम कनिकापुर से चोरी करना स्वीकार किया है।

लापरवाह लेखपाल को किया निलंबित

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : लेखपाल द्वारा कार्य में लापरवाही की शिकायत पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने निलंबित कर दिया है। लेखपाल के विरुद्ध कार्रवाई होने पर राजस्व कर्मियों में हड़कंप मच गया है। तहसील क्षेत्र बसारा सर्किल में तैनात लेखपाल बालेंद्र सिंह वरासत के साथ सरकारी कार्यों में लगातार लापरवाही बरती जा रही थी। जिसको लेकर ग्रामीणों इसकी कई बार शिकायत कि थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से ग्रामीणों को दिक्कतें हो रही थीं।

नशे में धुत पिता ने दो साल की बेटी की पटक कर की हत्या

निंदूरा, बाराबंकी

▸▸ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

अमृत विचार : थाना क्षेत्र कुर्सी के गंगोली में बुधवार की रात शराब के नशे में धुत पिता ने दो साल की बेटी की जमीन पर पटक कर हत्या कर दी। नशे में धुत होकर वह घर के बाहर खड़े होकर हंगामा कर रहा था। इसी बीच युवक की दो साल की बेटी उसके सामने आ गई। मामले की सूचना मिलते ही आरोपी पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया।

पूरा मामला थाना क्षेत्र कुर्सी के ग्राम गंगोली का है। गंगोली में राहुल रावत अपनी पत्नी और दो वर्षीया पुत्री रिया के साथ रहता है। बुधवार की रात राहुल नशे की हालत में वह घर पहुंचा और घर के बाहर खड़े होकर शराब के नशे में हंगामा करने लगा। इस बात को लेकर पति और पत्नी के बीच विवाद होने लगा। विवाद होता देख उसकी दो साल की बच्ची रिया घर के बाहर निकल आयी। रिया को देखकर राहुल को गुस्सा आया और उसने उसे उठाकर जमीन पर पटक दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।

बेटी की हालत गंभीर देख मां ने पड़ोसियों के साथ उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को मिली, तो पुलिस ने हत्यारे पिता को हिरासत में ले लिया। पुत्री की मौत के बाद मां सविता का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आरोपी पिता को हिरासत में लेकर कार्रवाई की जा रही है।

बैठक में डीएम ने सुनीं उद्यमियों की समस्याएं

बाराबंकी, अमृत विचार : जनपद के उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में करते हुए जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में होने वाले औद्योगिक निवेश में तेजी से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से उद्यमियों द्वारा किये गये आवेदन पत्रों पर शीघ्र कार्रवाई करने और समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डंपर से भिड़ी बस, 6 यात्री घायल

रामसनेहीघाट, बाराबंकी

▸▸ जैदपुर क्षेत्र में सांड़ को बचाने के लिए डंपर चालक ने लगाया था ब्रेक

▸▸ सवारियां लेकर लखनऊ जा रही थी सिद्धार्थनगर डिपो की बस

अमृत विचार : जैदपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार की भोर में अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर सवारियों से भरी रोडवेज की बस आगे चल रहे डंपर के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे से टकरा गई। हादसे में बस में सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। कुछ देर के लिए सड़क पर आवागमन बाधित हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गयी और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

सिद्धार्थनगर डिपो की रोडवेज बस लखनऊ से सवारियों को लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुई। गुरुवार भोर करीब चार बजे अयोध्या-लखनऊ हाईवे पर निम्बाहा गांव मोड़ के पास आगे चल रहे डंपर के सामने अचानक एक सांड़ आ गया। उसे बचाने के लिए डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। इससे पीछे से आ रही रोडवेज बस डंपर के पिछले हिस्से से टकरा गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस की सारी सवारियां सीट से नीचे लुढ़क गईं। बस में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस के आगे का हिस्सा पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। आस-पास के लोगों ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामसनेहीघाट में भर्ती कराया है। वहीं अन्य सवारियों को उस रूट से गुजर रही दूसरी बसों से गंतव्य को भेजा गया।

क्षतिग्रस्त रोडवेज बस।

झूठी गवाही देने के मामले में तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ पॉक्सो एक्ट की अदालत ने दिया आदेश

अमृत विचार : झूठी गवाही देने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ विशेष अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की अदालत ने केस दर्ज करने का आदेश दिया। यह आदेश ज्ञान प्रकाश शुक्ला की बेंच ने दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ जान से मारने की धमकी के मामले में झूठी गवाही देने को लेकर पीड़िता वह उसके दो भाइयों के खिलाफ आदेश में दिया।

इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी को साक्ष्य के अभाव में दोष बरी कर दिया। पूरा मामला थाना क्षेत्र टिकैत नगर के एक गांव का है। जहां पर वादी ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन गांव के ही रिंकू पंडित उर्फ रत्नेश तिवारी के यहां बुलाने पर काम करने आती जाती थी। आरोप था कि रिंकू ने अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया व कहीं बताने पर उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। 13 फरवरी 2014 को अन्य लड़कियों के माध्यम से पीड़िता को गर्भ ठहरने की जानकारी हुई। तब पीड़िता ने पूछताछ पर रिंकू द्वारा दुष्कर्म करने की बात बताई। घटना की रिपोर्ट पीड़िता के भाई ने थाने में दर्ज कराई थी। न्यायालय में सुनवाई के दौरान वादी, पीड़िता तथा उसके एक और भाई बयान से मुकर गए।

भारत कंस्ट्रक्शन कंक्रीट प्लांट सील

बाराबंकी, अमृत विचार : कच्चे माल के रूप में सीमेंट, मौरंग, गिट्टी, पानी और एडमिक्चर का प्रयोग कर आरएमसी का उत्पादन कर वायु प्रदूषण फैलाने वाली भारत कंस्ट्रक्शन कंक्रीट प्लांट को उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आदेश पर गुरुवार को पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में सील कर दिया गया।

उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा प्लांट का निरीक्षण 25 नवंबर, 2023 को किया गया था। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि प्लांट में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा था। इतना ही नहीं प्लांट बिना राज्य बोर्ड से अनापत्ति व सहमति प्रमाण पत्र लिए ही संचालित किया जा रहा था। बोर्ड द्वारा इस विषय में कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया। जिसका जवाब संयंत्र संचालक की तरफ से नहीं दिया गया।

डायग्नोस्टिक सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन सीज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

▸▸ निरीक्षण के दौरान टीम को मिली थीं खामियां

अमृत विचार : शहर के एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में 18 मार्च 2024 को निरीक्षण के दौरान सहयोग न करने व मानक के विपरीत सेंटर में तमाम तरह की खामियां पाए जाने को लेकर गुरुवार को डायग्नोस्टिक सेंटर की अल्ट्रासाउंड मशीन सेंटर के संचालक चिकित्सक व एसडीएम विजय कुमार त्रिवेदी द्वारा नामित मजिस्ट्रेट प्रियंका त्रिपाठी व नोडल अधिकारी पीसीपीएनडीटी डा. राजीव दीक्षित की मौजूदगी में सील कर दिया गया।

मामला नाका सतरिख स्थित रोहन डायग्नोस्टिक सेंटर का है। जहां अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किये जाने के दौरान वहां के संचालक द्वारा एंट्री गेट बंद कर दिया गया व केंद्र पर अधिकारियों का जांच में सहयोग नहीं किया गया था। और तो और निरीक्षण के समय अल्ट्रासाउंड मशीन खुली थी। 18 मार्च 2024 को इस केंद्र पर 24 मरीजों के अल्ट्रासाउंड किए गए थे, लेकिन चिकित्सक द्वारा संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण नहीं कराया जा सका। सेंटर पर पीसीपीएनडीटी अधिनियम का पालन नहीं किया जा रहा है। प्राधिकारी जिलाधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। पर केंद्र संचालक के द्वारा संतोषजनक उत्तर नहीं दिया जा सका।

सार-संक्षेप

संदिग्ध हालात में लटकता मिला छात्रा का शव

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : कस्बा देवा स्थित एक मकान में 12 वर्षीय छात्रा का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का जायजा लिया और कई थानों की फोर्स भी मौके पर पहुंची। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम ने भी जाकर साक्ष्य इकट्ठे किए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद छात्रा के शव का भारी सुरक्षा के बीच अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस दौरान देवा कोतवाल अनिल कुमार पांडे सहित भारी मात्रा में पुलिस फोर्स तैनात रही। कस्बा देवा के मोहल्ला कचेहरान एक में अरविंद लोधी की पुत्री रिया उर्फ नंदनी (12) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटकता मिलने पर हड़कंप मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतका रिया क्षेत्र के ही एक निजी विद्यालय में कक्षा 8 की छात्रा थी। छात्रा के पिता अरविंद ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब 8 बजे अरविंद पेंटिंग का काम करने चिनहट चला गया था। इस दौरान रिया घर पर अकेली थी। दोपहर करीब 12 बजे उसकी मां रामकली अपने मायके से पुत्र के साथ वापस आई तो देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था और तेज आवाज में टीवी चल रही थी। काफी आवाज देने के बाद जब घर का दरवाजा नहीं खुला तो उसने अपने पुत्र नैतिक को दूसरे के घर के रास्ते से छत पर होकर घर के अंदर भेजा तो उसने देखा कि रिया का शव साड़ी के सहारे फंदे से लटका हुआ है।

प्रधानों व सचिवों की बैठक में हंगामा

बाराबंकी, अमृत विचार : सूरतगंज ब्लॉक में तैनात एडीओ पंचायत की भ्रष्ट कार्यशैली के चलते ग्राम प्रधानों की बुलाई गई बैठक हंगामे की भेंट चढ़ गई। बैठक में हुए बवाल का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल जिले के सूरतगंज ब्लाक में जिला पंचायत राज अधिकारी नितेश भोंडेले बाराबंकी के द्वारा बीते मंगलवार को स्वच्छ भारत मिश ग्रामीण व जल जीवन मिशन के अंतर्गत बनी संपत्तियों के रखरखाव एवं संचालन हेतु ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों की संयुक्त बैठक ब्लॉक परिसर में बुलाई गई थी। जानकारी के मुताबिक बैठक के दौरान इब्राहिमपुर ग्राम प्रधान उमेश मिश्रा के पुत्र अतुल मिश्रा ने एडीओ पंचायत पर कार्यों का भुगतान करने में पक्षपात का आरोप लगाया। प्रधान पुत्र ने कहा कि भाजपा के लोगों का भुगतान रोका जा रहा है, जबकि विपक्षियों का सारा भुगतान हो रहा है। उन्होंने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी होने के नाते जिला पंचायत राज अधिकारी से मामले की जांच कराए जाने का मांग की। प्रधान पुत्र का आरोप है कि डीपीआरओ बैठक में एडीओ पंचायत के पक्ष में उतर आए। जिससे मामला बिगड़ गया। बैठक में मौजूद लोगों के मुताबिक गाली गलौज और हाथापाई तक की नौबत आ गई। वहीं स्थिति बिगड़ते देख जिला पंचायत राज अधिकारी सभागार से बाहर निकले और चले गए। जिसका वीडियो गुरुवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि अमृत विचार इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं कर रहा।

अंबेडकर नगर के हिस्ट्रीशीटर को सुलतानपुर में दबोचा

सुलतानपुर, अमृत विचार : अंबेडकरनगर जिले का अपराधी लगातार आपराधिक घटनाओं का अंजाम दे रहा था। पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उस पर 25 हजार का ईनाम भी घोषित है। बुधवार की देर शाम अयोध्या एसटीएफ ने मुखबिर खास की सूचना पर उसे सुलतानपुर से पकड़ने में सफलता पाई है। भीटी थाना क्षेत्र के बनगांव निवासी शैलेन्द्र सिंह उर्फ बब्लू वर्ष 2006 से अपराधिक घटनाएं कारित कर रहा था। गृह जिले में दर्जन भर मुकदमे दर्ज होने के बाद दूसरे जनपद में आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने लगा। शैलेन्द्र की आपराधिक घटनाए बढ़ती जा रही थी। उसके खिलाफ अंबेडकर नगर में 13 आपराधिक मामले तो सुलतानपुर के लंभुआ थाने में एक, गोसाईगंज थाने में दो व चांदा थाने में एक मुकदमा दर्ज था। इतना ही प्रदेश की राजधानी के चिनहट में भी धोखाधड़ी का केस दर्ज था। हिस्ट्रीशीटर की तलाश में अयोध्या एसटीएफ लगी हुई थी। एसटीएफ़ को सूचना मिली कि हिस्ट्रीशीटर सुलतानपुर जिले के चांदा थाना क्षेत्र के ईशीपुर अंडर पास पर खड़ा है और कही जानें की फिराक में है। सूचना पर सक्रिय हुई एसटीएफ उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

सदन में उठाएंगे पुलिस की ड्यूटी का मुद्दा : चंद्रशेखर

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : नगीना लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण गुरुवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने धूप में 24 घंटे काम कर रहे पुलिस बल के लिए चिंता व्यक्त की। कहा पुलिस वालों से 8 घंटे ड्यूटी कराई जाए। सप्ताह में एक दिन छुट्टी दी जाए। बॉर्डर स्कीम भी समाप्त की जाए। उन्होंने अयोध्या में भाजपा की हार पर अयोध्या वासियों को बधाई दी। नीट की परीक्षा में गड़बड़ी होने को लेकर कहा अगर गड़बड़ हुई तो सड़कों पर आंदोलन होगा। चंद्रशेखर दिल्ली से लखनऊ की फ्लाइट मिस होने के बाद वह दिल्ली से अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे थे। इसके बाद वह सड़क मार्ग द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हो गए। इससे पहले पत्रकारों से बात करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद रावण ने कहा कि चुनाव में अयोध्यावासियों ने बहुत बड़ा काम किया है। यह स्पष्ट हो गया कि धर्म अब राजनीति से दूर रहे तो ज्यादा अच्छा है। क्योंकि अब बुनियादी मुद्दों पर बात होनी चाहिए। रोजगार महंगाई पर बात होनी चाहिए। पुलिसकर्मियों की छुट्टी के मुद्दे को संसद भवन में उठाऊंगा। केंद्र सरकार के बारे में चंद्रशेखर आजाद ने कहा, यह लंगड़ी सरकार है। कभी भी गिर सकती है। उसके हालात सब लोग जानते हैं कि कैसे सरकार बनाई गई है। 400 पार का नारा दिया था 250 भी क्रॉस नहीं कर पाए। जनता भाजपा के खिलाफ है। यह पूरा चुनाव जनता ने लड़ा है। अयोध्या इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

जाली मार्कशीट लगा हथिया ली नौकरी

सतरिख, बाराबंकी

▸▸ अपर निदेशक स्वास्थ्य को पत्र भेज की जांच की मांग

अमृत विचार : स्नातक की जाली मार्कशीट लगाकर आशा संगिनी की नियुक्ति करा लेने को लेकर एक व्यक्ति ने अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को पत्र भेज कर जांच के साथ दोषी लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

विकास खंड हरख के सेठमऊ मज़रे पिपरहा गांव निवासी तेज़ प्रकाश ने अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा को भेजे गए पत्र मे आरोप लगाया है कि हरख ब्लॉक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख मे तैनात आशा संगिनी नीलम वर्मा, निवासी बोज़ा द्वारा स्नातक की जाली मार्कशीट लगाकर नौकरी हथिया ली गई है और इनके द्वारा बीते वर्ष 2015 स्नातक की पढ़ाई नहीं की गई थी। आशा संगिनी की नियुक्ति में स्नातक को वरीयता देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतरिख में कलस्टर-2 पर 14.70 पर इनकी नियुक्ति कर दी गई है, यदि इंटरमीडिएट की मार्कशीट पर चयन होता तो सही अभ्यर्थी का चयन हो जाता है। पीड़ित तेज़ प्रकाश का कहना है कि संस्था के विश्वविद्यालय से जाली स्नातक की मार्कशीट की जांच कराई जाए और आशा संगिनी के साथ ही नियुक्ति देने वाले अफसरों पर भी कार्रवाई की जाए। अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अयोध्या डॉ. पवन कुमार का कहना है कि फिलहाल अभी तक ऐसा कोई प्रार्थना पत्र मुझे प्राप्त नहीं हुआ है, यदि मिलता है तो जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कोर्ट में पेश किया फिरौती पत्र

कुशाग्र हत्याकांड

कानपुर, अमृत विचार। कुशाग्र हत्याकांड मामले में गुरुवार को एडीजे 17 की कोर्ट में सुनवाई के दौरान पुलिस ने कुशाग्र के घर में फेंके गए फिरौती पत्र को पेश किया। कोर्ट ने अगली तिथि 18 जून निर्धारित की है। आचार्य नगर निवासी 16 वर्षीय कुशाग्र का अपहरण कर हत्या की गई थी। हत्यारोपियों ने उसके घर फिरौती का पत्र फेंका था।

रायपुरवा पुलिस ने कुशाग्र की ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, प्रेमी प्रभात शुक्ला व उसके साथी शिवा गुप्ता को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। सुनवाई एडीजे 7 आजाद सिंह की कोर्ट में हो रही थी। 6 जून को फाइल एडीजे 17 त्रिपुरारी मिश्रा की कोर्ट में ट्रांसफर कर दी गई थी। कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया का बेटा कुशाग्र (16) 30 अक्टूबर 2023 को घर से कोचिंग के लिए निकला था और लापता हो गया था। इस मामले में पुलिस जब तक कुशाग्र को सकुशल बरामद करती, उससे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई थी।

बाइक सवार की मौत

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : बाइक से घर लौट रहे युवक को पीछे आ रही तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। जिला अस्पताल लेते जाते वक्त रास्ते में ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक प्रभात वर्मा निवासी सूरजवापुर किसी कार्य से बाराबंकी गए थे। देर शाम वापसी के समय लोधे सिंह पूर्वा के पास किसी बस ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि प्रभात गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से अस्पताल लेकर जाया जा रहा था कि रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक की 22 नवम्बर 2023 को शादी हुई थी।

विशेष खबर 300 यूनिट रक्त रखने की ब्लड बैंक में क्षमता, अयोध्या और लखनऊ मंडल के मरीजों को मिल रहा जिले से ब्लड

हर वर्ष दान में आ रहा 4 हजार यूनिट खून, बच रहीं जानें

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : खून दान करने से आदमी बीमार रहता है, वह कभी स्वस्थ्य नहीं हो पाता है, लोगों के दिलों में उठने वाली इस प्रकार की भ्रांतियां अब पूरी तरह से दूर हो चुकी हैं। यही वजह है कि लोग स्वेच्छा से रक्तदान करने के प्रति आगे आए हैं।

कई सामाजिक संस्थाएं तो हर साल किसी न किसी मौके पर व्यापक स्तर पर रक्तदान कर दूसरों की जान बचाने में आगे रहती हैं। यही वजह है कि जिला अस्पताल के 300 यूनिट क्षमता वाले ब्लड बैंक में हर साल चार हजार यूनिट रक्त दान के रूप में आ रहा है। इस रक्त से स्थानीय जिले के ही नहीं, बल्कि अयोध्या औ लखनऊ मंडल के विभिन्न जिलों के अस्पतालों में रक्त की कमी से जूझ रहे लोगों की जान भी बच रही है।

जिला चिकित्सालय में स्थित पैथालॉजी।

शहर के जिला अस्पताल स्थित पैथालॉजी विंग के ब्लड बैंक में रक्तदान को लेकर सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। यहां पर प्रतिदिन 10 से 15 यूनिट रक्तदान हो रहा है। इस हिसाब से देखें तो हर साल 35 सौ से चार हजार यूनिट तक रक्तदान होता है। स्वयंसेवी संस्थाएं जैसे भारतीय किसान यूनियन की तीन इकाइयों समेत बालाजी का बचपन द्वारा तो हर माह अभियान चलाकर रक्तदान किया जा रहा है। जिले में भाकियू समेत कई संस्थाओं के ऐसे चेहरे हैं जिन्होंने एक नहीं पचास से अधिक बार रक्तदान कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। यही वजह है कि अब रक्त की कमी से किसी की भी जान नहीं जाती है। 300 यूनिट क्षमता वाले इस ब्लड बैंक से कई बार अयोध्या और लखनऊ के कई जिलों में भी कई यूनिट रक्त मरीजों की जान बचाने के लिए भेजा जा चुका है। भारी मात्रा में रक्त दूसरे जिले में भेजने के लिए कोल्डरूम के रूप में एसी वैन या एंबुलेंस भी मौजूद है, ताकि रक्त को पर्याप्त तापमान मिलता रहे।

> सभी रक्तदाताओं को इस विशेष दिवस की शुभकामनाएं। सभी को रक्तदान करना चाहिए। ताकि रक्त की कमी से किसी की भी जान न जाए। वहीं स्थानीय ब्लड बैंक में रक्तदान का जो ग्राफ है वह बहुत अच्छा है। प्रतिवर्ष लगभग चार हजार यूनिट ब्लड डोनेट होता है। इसमें विभिन्न संस्थाओं का सहयोग रहता है।
>
> **-डॉ. वीपी सिंह**
> **प्रभारी अधिकारी, रक्तकोष, जिला चिकित्सालय**

सर्वाधिक रक्तदान करने वाली प्रमुख संस्थाएं

भारतीय किसान यूनियन टिकैतगुट, बालाजी एजुकेशन वेलफेयर सोसयटी, सामाजिक ग्रामीण संगठन, रक्तदान जीवनदान ग्रुप, शकल दिगंबर जैन समाज, भारतीय किसान यूनियन भानू गुट, युवा प्रगति मंच, युवक मंगलदल मानपुर, क्रिमिनोलॉजिस्ट एसोशिएशन, द लोनी अर्बन क्रडिट एंड थ्रिप्ट बहुराज्यीय सहकारी समिति, गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, भाकियू अराजनैतिक।

यहां के डॉक्टर्स भी मानते हैं कि रक्तदान करने के प्रति अब लोग पूरी तरह से जागरूक हो चुके हैं। जो भ्रांतियां थीं, वे दूरी हो चुकी हैं। सबसे खास बात यह है कि रक्तदान के दौरान संबंधित की पांच तरह की जांचें निशुल्क हो जाती हैं। इनमें सिफलिक, हेपेटाइटिस बी व सी, मलेरिया और एचआईवी शामिल हैं।

डॉक्टर्स भी कहते हैं कि एक बार रक्तदान करने तीन लोगों की जान बच सकती है। किसी रक्तदाता द्वारा बल्ड डोनेट करने पर ही रक्त की कमी या जरुरत को पूरा किया जा सकता है। हर साल करोड़ों लोगों को रक्त की जरूरत होती है पर कुछ लाखों लोगों को ही रक्त मिल पाता है।

यस्मात् त्रस्यन्ति भूतानि मृगव्याधान्मृगा इव।
सागरान्तामपि महीं लब्ध्वा स परिहीयते॥

जैसे शिकारी से हिरण भयभीत रहते हैं ,उसी प्रकार जिस राजा से उसकी प्रजा भयभीत रहती है, फिर चाहे वह पूरी पृथ्वी का ही स्वामी क्यों न हो ,प्रजा उसका परित्याग कर देती है।

संपादकीय

राजनीति में मर्यादा

ओडिशा में नवीन पटनायक की 25 साल की सत्ता खत्म और भाजपा का शासन शुरू हो चुका है। मोहन चरण माझी ने बुधवार को राज्य के 15वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में निवर्तमान मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की शालीन उपस्थिति और प्रधानमंत्री से लेकर सभी नेताओं से मेल-जोल की सुंदर तस्वीर दिखी। लगा कि नवीन पटनायक ही मानों समारोह के मेजबान हों। राजनीतिक सद्भाव धीरे-धीरे समाप्त हो रहा है। ऐसे समय में जब राजनीतिक रिश्तों में विरोध, दुश्मनी की तरफ बढ़ रहा है, राजनीतिक शुचिता, मर्यादा, शील-व्यवहार जरूरी है। मर्यादा बहुत जरूरी है जिसका अभाव है। नवीन पटनायक सेकुलर छवि वाले नेता हैं। देखा जाए तो एक व्यक्ति के रूप में नवीन पटनायक की मिलनसारिता ही उनकी सादगी है। उनका राजनीतिक जीवन भी उनके व्यक्तित्व से ही प्रभावित है। उन्होंने चुनाव प्रचार में कहीं भी असंसदीय भाषा का प्रयोग नहीं किया जबकि आज चुनाव प्रचार के दौरान भाषा की मर्यादा का उल्लंघन एक बड़ी समस्या बन गई है। भाषा की मर्यादा का उल्लंघन न सिर्फ चुनावी प्रक्रिया को बदनाम कर रहा है, बल्कि यह समाज के लिए भी खराब संकेत है। मतभेद, मनभेद को तोड़ रहा है। अब विचार के प्रति भी कोई प्रतिबद्धता नहीं हैं। सिर्फ व्यक्तिगत स्वार्थ है तो जाहिर सी बात है कि सोच के स्तर पर पतन होगा। चुनावी राजनीति ने सारी मर्यादाएं समाप्त कर दी हैं।

लोकतंत्र में ही असहमति, विसम्मति, आलोचना, विरोध-प्रतिरोध संभव है। लोकतंत्र एक व्यवस्था है जिसमें यह तय होता है कि विभिन्न मतों, सोच, विवेक का इस्तेमाल करते हुए जनता और समाज की बेहतरी के लिए निर्णय कैसे लिए जाएंगे? ध्यान देने वाली बात है कि जहां देश की विविधता को ध्यान में रखा जाता है और इसके मुताबिक स्वीकार्य व्यवस्था बन जाती है, वहां टकराव और टूटन नहीं होती है। जहां लोग व्यवहार तो विविधता के हिसाब से ही करते रहते हैं, लेकिन स्वीकार्य व्यवस्था नहीं बन पाती है, वहां कुछ न कुछ आपसी दिक्कत होती रहती है। परंतु क्या बिना बंधुता, प्रेम और सम्मान के समाज व देश को एक बनाए रखा जा सकता है? लोकतंत्र का मूल आधार कुछ मूल्य, सिद्धांत होते हैं। जब ये सिद्धांत हमारे संस्कारों में आ जाते हैं, तब लोकतंत्र स्थापित होता है। लोकतंत्र की खूबसूरती इसी को कहते हैं। परंतु लोकतंत्र की इस खूबसूरती को ग्रहण लग रहा है। जनता को राजनीतिक व्यवहार, लोकतंत्र के बारे में प्रशिक्षित करना चाहिए।

संविधान की धारा 51 ए -एच और ऋग्वेद का नासदीय सूक्त


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

आपातकाल के दौरान भारतीय संविधान में जो संशोधन हुए,उनमें से एक है नए शीर्षक 'मौलिक कर्तव्य' के अंतर्गत धारा 51 ए का सन्निवेश। आपातकाल के बाद भी इसके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। लिहाजा यह उसी तरह संविधान का हिस्सा बना हुआ है जैसे मौलिक अधिकार। यहां धारा 51 ए का खंड (एच) उद्धृत हैः "यह भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा (एच) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना। (जोर दिया गया)

भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए? दिमाग मेरा बनाया हुआ तो है नहीं, न कभी मुझसे पूछा गया कि कैसा दिमाग चाहिए? अब जो मिला है,उसमें जो बात न घुसे तो कैसे कहें कि वह सच है? यह तो सरासर बेईमानी होगी। मुझसे नहीं होगी। कोई आग्रह नहीं,बस असमर्थता। मेरी सीमित जानकारी के अनुसार वेदों में,बल्कि समस्त श्रुति-साहित्य (संहिता, ब्राह्मण, आरण्यक और उपनिषद) में, कहीं नहीं कहा गया है कि श्रुतियां ईश्वर की वाणी हैं। श्रुति माने जो लेखन कला की ईजाद के पहले सुनने और याद करने की परंपरा से पीढ़ी-दर-पीढ़ी चला आया था-ईश्वर से सुना हुआ नहीं।

वेद अपौरुषेय हैं-यह भी परवर्ती भाष्यकारों, खासकर मीमांसकों की उद्भावना है। वेदों या श्रुतियों में कहीं वेदों को 'अपौरुषेय' नहीं कहा गया है। कहने वाले भाष्यकारों के दिमाग में आ गया होगा,मेरे दिमाग में नहीं आता। आपके दिमाग में आए तो आप अपौरुषेय मानिए, न आए तो न मानिए।

इतना अवश्य मानता हूं कि मौलिक विचार निर्वैयक्तिक होते हैं। एक ही विचार भिन्न समय और भिन्न स्थान पर परस्पर असंबद्ध लोगों ने व्यक्त किए हैं तो विचार व्यक्ति में बनते नहीं, उसके माध्यम से व्यक्त होते हैं। शायद इसीलिए उसकी संज्ञा 'व्यक्ति' है। विचार चेतना में कहीं से अकस्मात आ टपकते हैं। कहां से ? पता नहीं।

> भला नासदीय सूक्त का संविधान की धारा 51 ए से क्या संबंध? मैं वेदों को ईश्वर (?) की वाणी नहीं मान पाता। मनुष्य को जिस किसी भी भाषा में जो कुछ भी उपलब्ध है,उसे ईश्वर की वाणी नहीं मान पाता। कोई दुराग्रह नहीं, आप ही बताइए जो चीज दिमाग में न घुसे,उसे कैसे मान लिया जाए?

> डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

ऋग्वेद का नासदीय सूक्त अच्छा लगता है, क्यों अच्छा लगता है? इसका कोई जवाब है? किसी को कोई चीज क्यों अच्छी लगती है,वह सचमुच बता सकता है? बात सिर्फ इतनी है कि मुझे नासदीय सूक्त मनुष्य के दिमाग में सहज रूप से उठने वाले प्रश्नों की सुंदर,काव्यात्मक अभिव्यक्ति लगता है तो नासदीय सूक्त (ऋग्वेद, मंडल-10, सूक्त-129) की कुल सात ऋचाएं मूल (वैदिक संस्कृत) में काम चलाऊ हिंदी अनुवाद के साथ प्रस्तुत हैंः नासदासीन्नो सदासीत्तदानीं नासीद्रजो नो व्योमा परो यत्। किमावरीवः कुह कस्य शर्मन्नम्भः किमासीद् गहनं गभीरम्॥1॥ (तब न अनस्तित्व था, न अस्तित्व। न वायुमंडल था,न उसके परे आकाश। इसे कौन आच्छादित करता था और कहां? कहां था इसका आश्रय? क्या तब केवल जल था-अतल गहराई वाली गहन, गंभीर जल?)

न मृत्युरासीदमृतं न तर्हि न रात्र्या अह्न आसीत् प्रकेतः। अनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्न परः किं चनास॥2॥ (मृत्यु नहीं थी तब, न ही थी अमरता। रात्रि और दिन के विभाजन का कोई संकेतक नहीं था। बस एक ही तत्व था- प्रश्वास-रहित,स्वयं की प्रकृति से प्रश्वसित। उसके अतिरिक्त कुछ भी तो नहीं था।) तमआसीत्तमसा गूहमग्रेऽप्रकेतं सलिलं सर्वमा इदम्। तुच्छ्येनाभ्वपिहितं यदासीत् तपसस्तन्महिनाजायतैकम् ॥3॥ (अंधकार था तब-अंधकार से ही आच्छादित अंधकार। अभेद्य जल-सा परस्पर मिला हुआ,अस्त-व्यस्त सा कुछ। वह जो रिक्त, निराकार, अरूप ऊष्मा (तप) थी,वही अपनी महिमा से एक इकाई बनकर उत्पन्न हुई।)

कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमं यदासीत्। सतो बंधुमसति निरविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा॥4॥ (प्रारंभ में संकल्प उठा, संकल्प जो आदिम बीज और चेतना का अंकुर था। तब मनीषी कवियों ने, अपनी हृदयस्थ विवक्षा से अस्तित्व का रिश्ता अनस्तिव में खोज निकाला।)

तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषा मधः स्विदासीदुपरि स्विदासीत्। रेतोधा आसन् महिमान आसन् स्वधा अवस्तात् प्रयतिः परस्तात्॥ 5॥ (तब वह (अस्तित्व से अनस्तित्व की) विभाजन रेखा वितान की तरह तन गई। उस वितान के ऊपर क्या था, उसके नीचे क्या था? बस यहां सर्जक थे, विराट शक्तियां थीं, स्वायत्त क्रियाशीलता थी, तो वहां थी ऊर्जा।)

को अद्धा वेद कइह प्र वोचत् कुत आजाता कुत इयं विसृष्टिः। अर्वाग् देवा अस्य विसर्जनेनाऽथा को वेद यत आवभूव॥ 6॥ (कौन जानता है, कौन कह सकता है,यह (सृष्टि) ठीक कहां से उत्पन्न हुई, कहां से आई? देव तो सृष्टि के बाद की उपज हैं तो कौन जानता है,यह सर्वप्रथम कहां से प्रकट हुई।)

इयंविसृष्टिर्यत आबभूव यदि वा दधे यदि वा न। यो अस्याध्यक्षः परमे व्योमन् त्सो अङ्ग वेद यदि वान वेद॥ 7॥ (वह जो सृष्टि का आदि मूल है, यह उसकी निर्मिति है या उसकी निर्मिति नहीं है किसके नेत्र हैं,जो उच्चतम व्योम से इसका नियंत्रण करते हैं? और वह इसे जानता भी है या नहीं जानता?)

इसमें उसी पूछताछ की भावना (स्प्रिट ऑफ इंक्वारी) का दर्शन नहीं होता, संयोग से जिसका संदर्भ हमारे संविधान की धारा 51 ए (एच) में मिलता है?

डॉ.आंबेडकर ने अपनी पुस्तक 'शूद्र कौन थे' में पुरुष सूक्त की विशद विवेचना की है,बल्कि हिंदू समाज में शूद्रों की स्थिति की बदहाली का नैरेटिव वे ऋग्वेद के इसी सूक्त से शुरू करते हैं। क्योंकि ब्राह्मणों में इसकी महिमा का बखान करने तथा नित्य पूजा और मांगलिक अनुष्ठानों में इसका पाठ करने की व्यापक परंपरा थी। पुरुष सूक्त के बाद वे अन्य वेदों व ब्राह्मणों में वर्ण की ईश्वरीय उत्पत्ति का संदर्भ देते हुए स्मृतियों पर उतर आते हैं और उन्हीं के विस्तृत विमर्श के आधार पर अपना प्रमेय निर्मित करते हैं,किंतु ऋग्वेद की ही में सृष्टि का प्रारंभ आदिपुरुष मनु से बताया गया है,न की विराट पुरुष के चार भिन्न अंगों से उत्पन्न चार भिन्न पुरुषों से।

वेदों के प्रसिद्ध विद्वान कोलब्रुक का मत है कि पुरुष सूक्त की भाषा,छंद और शैली सृष्टि से संबंधित अन्य सूक्तों से बिल्कुल भिन्न है। मैक्समूलर का स्पष्ट मत है कि अपने कथ्य और शब्द योजना में पुरुष सूक्त बहुत बाद की रचना है। स्पष्ट है कि कालांतर में पेशों के आनुवंशिक तथा वर्णों का सोपानीकरण हो जाने के बाद उन्हें दैवीय आधार देने के लिए निहित स्वार्थवश पुरुष सूक्त को ऋग्वेद में घुसा दिया गया और विडंबना देखिए कि इस सूक्त का प्रक्षिप्तीकरण ऋग्वेद के उसी दसवें मंडल में किया गया जिसमें नासदीय सूक्त था,जो अन्य धर्मों के बरअक्स सृष्टि के बारे में सबसे ईमानदार जिज्ञासा की काव्यात्मक अभिव्यक्ति है। दुनिया में सृष्टि पर किया गया पहला चिंतन। (ऋग्वेद को विश्व का आदि काव्यग्रंथ तो सभी विद्वान मानते हैं।)

प्रसंगवश

बंधनों से मुक्त औरत की तलाश में

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

संविधान में समानता के अधिकार के बावजूद वे अधिकारहीन हैं। अधिकांश औरतें आज भी पुरुष जगत के अंतर्गत ही जिंदगी जी रही हैं। वे हर समय पुरुष के पूरक की तरह सेवा करती रहती हैं। वे जहां एक ओर पुरुष के पूरक की तरह काम करती हैं वहीं दूसरी ओर उसे चुनौती भी देती हैं। इस विरोधाभासी स्थिति के कारण ही वे समाज में अपनी जगह बनाती हैं। औरत बचपन से यही सीखकर बड़ी होती है कि औरत को पुरुषों की बातें माननी चाहिए फिर कालांतर में इसी धारणा से वह मुठभेड़ करती है।

औरत की समूची संरचना इस कदर बनी होती है कि वह आलोचना, जांच-पड़ताल आदि से बचती है। वह पुरुष के मूल्यांकन और राय की आराधना करती है। स्त्री की दृष्टि में शक्ति ही महान है इसलिए वह पुरुष की शक्तिशाली के रुप में पूजा करती है। स्त्री में अनुकूलन की प्रबल प्रवृति होती है। सीमोन के शब्दों में कहें तो पुनर्निर्माण और विध्वंस उसका सहज स्वभाव नहीं है। वह विद्रोह की अपेक्षा समझौते पसंद करती है। चूंकि स्त्री को घर-परिवार की चौखट से बांध दिया गया है। फलतः वह उसी में रमण करती रहती हैं। ऐसी स्थिति से लोकमंगल और स्वतंत्रता के बारे में उससे सकारात्मक पहल की उम्मीद कम ही करें। स्त्री को समर्थ बनाने के लिए उसे घर से बाहर निकालना जरूरी है। उसको सार्वजनिक तौर पर विभिन्न सवालों पर बोलना चाहिए। स्त्री के लिए अस्पृश्यता के सभी दायरों तोड़ने की जरूरत है।

औरत सुरक्षित रहे, आत्मनिर्भर बने और मानवीय जीवन जिए इसके लिए उसके अंदर स्वतंत्रता का बोध पैदा करने की जरूरत है। आजादी के बाद भारतीय समाज में औरत के शरीर पर सबसे ज्यादा हमले हुए हैं,लेकिन औरत की देह और कामुकता को लेकर वाद-विवाद-संवाद गायब रहा है। औरत पर हमले उन समाजों में ज्यादा होते हैं,जहां औरत के शरीर और कामुकता पर खुलकर बातें नहीं होतीं। औरत को बचाने के लिए उसके बारे में बातें करना जरूरी हैं। औरत पर बातें करो, कामुकता के सवालों पर विभिन्न दृष्टियों से बातें करो,औरत पर हमले कम हो जाएंगे।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा


रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं?

मसालेदार,जायकेदार नॉनवेज और शराब के सेवन से देश में कैंसर के रोगी और कैंसर से मरने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ रही है। नियमित रूप से मांस खाने वाले और इसके साथ किसी भी तरह की वाइन का सेवन करने वालों को मालूम होना चाहिए कि देश में जो लोग कैंसर से पीड़ित हैं उनमें से अधिकांश को कार्सिनोमा और सार्कोमा,यही दो मुख्य प्रकार के कैंसर होते हैं।

कार्सिनोमा ऐसा कैंसर है,जो अंतरंगों-जैसे कि पाचन प्रणाली में आंत की भीतरी परत को बनाने वाले कोशिकाएं, की पतली चमड़ी के अलावा बाहर की चमड़ी के कोशिकाओं को भी प्रभावित करते हुए विकसित होता है,सार्कोमा हड्डियों की मज्जा सॉफ्ट टिश्यू मांसपेशियों और हड्डी को जोड़ने वाले सख्त टिश्यू टेंडन के अलावा रक्तवाहिकाओं में भी विकसित होता है। गट बैक्टीरिया अर्थात् हमारे पेट में रहने वाले दोस्त माइक्रोब्स (सूक्ष्म जीवाणु,जैसे कि ई-कोलाई) और अन्य जीवाणु (माइक्रोबायोम अर्थात् पाचन प्रणाली में रहने वाले सूक्ष्म जीवाणुओं का संसार) और उदर में प्रवेश करने वाली वसा (फैट्स) की किस्म का अंत और पेट के कैंसर की उत्पत्ति से गहरे संबंधों पर होने वाले शोधकार्य से अनेक नई बातें मालूम हुई हैं।

अब तो युवजन को भी कैंसर होने लगा है। मेरे एक परिचित के 41 वर्षीय दामाद को कार्सिनोमा हुआ। सवा महीना एम्स दिल्ली में भर्ती रहने के बाद ही यह मालूम हुआ कि उन्हें कार्सिनोमा है। पहले तो डॉक्टर्स जूझते रहे कि सही डायग्नोसिस नहीं हो रही है। मालूम हुआ कि 40-45 वर्ष के बीच की आयु के मेरे एक और परिचित के दामाद की मृत्यु पेट में कैंसर की वजह से हुई। पहले वाले केस में इन्हें नियमित रूप से मीट या चिकन खाने की आदत रही,लेकिन दूसरे केस में कार्सिनोमा का कारण फैट मेटाबोलिज्म में कोई गड़बड़ हो सकती है। आजकल अनेक तरह के रिफाइंड कुकिंग ऑयल्स बाजार में मिलते हैं। 'देसी' घी के नाम पर मालूम नहीं कैसा 'ग्रीज' हमें थमा दिया जाता है। इसमें पाम आयल तो शर्तिया मिलाया जाता है, लेकिन गांव से गाय या भैंस के दूध से निकाला गया घी जिसे दूध से बनी दही को बिलोकर या मथकर मक्खन को गर्म करके निकाला जाता है वही हमारे लिए शुद्ध और सुरक्षित आहार है। अगर नहीं तो देसी खान-पान, शुद्ध खाद्य सामग्री और गांव एवं अपने स्वास्थ्य के बीच एक संबंध को टटोलें तब हमें यह अहसास भी होगा कि गांव संस्कृति का बने रहना हमारे लिए कितना जरूरी है।

जरूरी नहीं कि हरेक को कैंसर हो,ऐसा कहने वाले अनेक डॉक्टर्स और जानकार मिलेंगे,लेकिन सही वही है,जो रिसर्चर लोग कहते हैं। देश में कितने लोग साइंटिफिक जर्नल्स पढ़ते हैं? एक लाख में से एक व्यक्ति! रोजाना के बड़े अखबार में भी मुश्किल से एक छोटी-सी,दबी-सी खबर एक कोने में दुबकी दिखाई देती है। कैंसर होगा तो आमजन को और बहुत देर बाद ही कैंसर होने की बाबत भी पता चलता है। अमूमन यह दूसरी और तीसरी स्टेज में मालूम होता है और वह भी उस डॉक्टर को जो होशियार हैं और सेहत संबंधी किसी और विकार के इलाज के लिए जांच करते समय बस यूं ही मालूम हो जाता है। तब अचानक ब्लड रिपोर्ट या टिश्यू सैंपल से कैंसर होने का पता चलता है।

अंतरंगों की जांच किसी नॉन-इन्वेजिव तकनीक से की गई हो, तब भी यह अचानक से मालूम होता है। सरकार न तो आयल को रिफाइन करने की फैक्ट्री बंद करेगी,न देशी घी में मिलावट को और न ही फल, सब्जियों और खाद्यान्न और दलहन वाली फसलों में इंसेक्टिसाइड का प्रयोग। न नॉन-अल्कोहलिक सॉफ्ट कोल्ड ड्रिंक्स की खपत कम होगी और न ही जल-जमीन और वायु प्रदूषण कम होगा और न ही हमारी आदतें बदलेंगी। डॉक्टर्स और रिसर्चर्स तो कहते हैं कि मॉडरेट एक्सरसाइज भी अगर की जाए तो भी खराब खाने से यह हमारी कुछ तो रक्षा करता ही है,लेकिन असली बात यह है कि खराब खाने का सेवन करने वाला ही तो है,जो मामूली एक्सरसाइज नहीं करता। इन सबसे बचने के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान से संबद्ध राष्ट्रीय पोषण संस्थान ने अभी कुछ सप्ताह पहले ही डाइटरी गाइड लाइंस फॉर इंडियंस अर्थात् भारतीय लोगों के लिए उपयुक्त आहार दर्शिका जारी है, जिसे निःशुल्क इंटरनेट से डाउनलोड किया जा सकता है। इसका भी पालन किया जाए तो भी देश में कैंसर के मामलों में 50-60 प्रतिशत तक कटौती हो सकती है। ऐसा कोई दावा या प्रमाण तो नहीं, लेकिन ऑब्जरवेशन के मुताबिक यह बात सही है।

सोशल फोरम

पूरा तंत्र ही बदलना होगा

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

ये बहुत ही दुखद है कि बलात्कार कई श्रेणियों में बांट दिया गया है। अगर महिला को कोई क्षति नहीं पहुंची है (शारीरिक रूप से,मानसिक की परवाह यहां कौन करता है) तो ज्यादातर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लिया जाता। दूसरी कैटेगरी में महिला के साथ दरिंदगी करना जैसे मामले और फिर कम उम्र की बच्चियों के साथ हैवानियत, जो कि किसी को भी हिला दें।

इस कैटेगरी में आने वाले बलात्कार कुछ दिनों के लिए लोगों के जेहन में छाए रहते हैं। लोग कैंडल मार्च करते हैं, इंसाफ की मांग करते हैं, धरना प्रदर्शन, जुलूस वगैरह और फिर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार। अरे हां! आजकल इसे सांप्रदायिक बनाने की भी बाते की जाती हैं जिसको वजह बनाकर कुछ दिन नफरत भी फैलाई जाती है और आरोपी के धर्म को देखकर कुछ उनके बचाव में भी उतरते हैं। तब बहुत शर्म महसूस होती है जबकि लोगों कों धर्म के चक्कर में किसी महिला का दर्द नहीं दिखता।

मेरा यही मानना है कि रेप बस एक रेप है,उसे कैटेगराइज्ड नहीं किया जा सकता और न ही किसी धर्म से जोड़ा जा सकता। क्योंकि मेरी समझ से किसी भी क्राइम के पीछे एक इंटेशन होता है,अगर हम रेप की वजह सेक्सुअल सेटिस्फेक्शन मान रहे तो शायद हम गलत हैं? सामान्यतः कोई भी व्यक्ति इस अवस्था में कैसे सेटिस्फाई हो सकता है? ये एक मनो अवस्था है शायद साइकोलॉजिकल डिसआर्डरनेस जैसा कुछ। ऐसा व्यक्ति समाज में कैसे रह सकता है?

हमें एक पूरा तंत्र ही बदलना होगा, क्योंकि न तो सजा से कुछ हो सकता है न ही हमारी विचारधारा से। हमें शुरू से ही शुरू करना होगा। बच्चों की शिक्षा को बिना लड़की लड़के के अंतर बताए ही शुरू करनी होगी। न कोई लड़की पटाखा है न ही माल, न ही किसी के कपड़े किसी का चरित्र डिसाइड करते हैं। ऐसी सभी लोककथाओं या दंतकथाओं को हटाना होगा,जो बिना सोचे समझे ही बना दी गईं। न तो कोई पावरफुल हो, न ही कमजोर, एक स्वस्थ वातावरण में ही स्वस्थ बचपन होगा और वही युवा देश का बेहतर भविष्य बनेगा।

-फेसबुक वॉल से

सवालों और विवादों के घेरे में प्रतियोगी परीक्षाएं

शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

> राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं।

हाल ही में मेडिकल के क्षेत्र में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली नीट परीक्षा विवादों एवं सवालों के घेरे में खड़ी है। मामले के ऊपर राजनीतिक रंग भी चढ़ने लगा है। आरोपों एवं प्रत्यारोपों की बौछार जारी है। इसी बीच लखनऊ की एक छात्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी फटी हुई ओएमआर शीट दिखाते हुए कहा है कि परीक्षा में उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। उसने दोबारा अपनी ओएमआर शीट का मूल्यांकन करने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका भी दायर की है। छात्रा के अनुसार परीक्षा परिणाम आने पर संबंधित पेज नहीं खुल रहा था और स्क्रीन पर लिखकर आ रहा था कि अपना परिणाम जनरेट नहीं हुआ है। कुछ समय पश्चात छात्र के पास एनटीए से मेल आया जिसमें उल्लेख किया गया था कि छात्रा का रिजल्ट जनरेट नहीं हो सकता,क्योंकि उसकी ओएमआर शीट फटी हुई थी। छात्रा का आरोप है कि उसकी ओएमआर शीट को जानबूझकर फाड़ा गया है। छात्रा की फटी हुई ओएमआर शीट में हल किए गए सभी सवाल स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं। यहां एक गंभीर प्रश्न यह उठता है कि आखिरकार नीट जैसी बड़ी परीक्षा में इस तरह के विवादपूर्ण मुद्दे कैसे पैदा हो रहे हैं? ऐसा बताया गया है कि जिन छह परीक्षा केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को कृपांक मिला है,वहां के अभ्यर्थियों के द्वारा ओएमआर शीट फटी होने एवं परीक्षा के लिए समय कम मिलने की शिकायत की गई थी।

हालांकि नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान गुरुवार को एनटीए ने कहा कि वे ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों के ग्रेस माकर्स रद्द करके री-एग्जाम कराने को तैयार हैं। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा के 14 परीक्षा केंद्र विदेशों में भी बनाए गए थे एवं परीक्षा के लिए 24 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। यद्यपि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी का कहना है कि जांच का असर किसी भी अन्य परीक्षा केंद्र एवं परीक्षार्थी के परिणाम पर कदापि नहीं होगा,किंतु सवाल यह उठता है कि आखिरकार ऐसी स्थिति क्यों बनी कि छह केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिल पाया। कारण यह बताया जाता है कि पहले प्रश्नपत्र गलत वितरित हुआ और उसके बाद जब तक सही प्रश्नपत्र वितरित किया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी। प्रश्नपत्र के गलत वितरित होने पर आखिरकार किसको दोषी ठहराया जाना चाहिए? परीक्षा केंद्रों पर सारी व्यवस्थाएं क्यों पुख्ता नहीं थीं? यह तो सर्वथा अनुचित है कि परीक्षा केंद्र के द्वारा बरती गई अनियमितताओं की भरपाई अभ्यर्थियों को कृपांक देकर की जाए। क्या कहीं न कहीं यह बाकी अभ्यर्थियों के साथ अन्याय नहीं होगा। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के द्वारा गहन स्तर पर जांच करके उन कारणों को जानने का प्रयास क्यों नहीं किया गया जिनकी वजह से परीक्षार्थियों को परीक्षा हेतु कम समय मिलने जैसी स्थितियां उत्पन्न हुईं। सर्वप्रथम तो ऐसे परीक्षा केंद्रों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए जिनके द्वारा इतनी बड़ी परीक्षा को लेकर गंभीरता का परिचय नहीं दिया गया। हाल ही में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) जूनियर डॉक्टर नेटवर्क के द्वारा परीक्षा में अनियमितताओं की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो के द्वारा कराए जाने की मांग की गई है। नीट जैसी परीक्षा में इस तरह की गड़बड़ियों का पाया जाना निश्चित रूप से पूरे देश के परीक्षा तंत्र को प्रश्न चिन्हों के घेरे में खड़ा कर देता है। कुल मिलाकर अनेक ऐसे सवाल हैं,जो परीक्षा को एवं परीक्षा नियामक एजेंसी को आरोपों के घेरे में खड़ा कर देते हैं। निश्चित रूप से इस मामले की एक उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए एवं इस जांच में जिस-जिस स्तर पर अनियमितता एवं ढिलाई उजागर होती हैं,उन सभी स्तरों पर कड़ी कार्रवाई भी की जानी चाहिए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो कहीं न कहीं युवाओं का भविष्य, उनके सपने एवं अंततः देश का भविष्य एवं उसकी प्रगति सब कुछ इन अनियमितताओं एवं धांधलियों की भेंट चढ़ जाएंगे। परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं भी अनवरत रूप से बढ़ती जा रही हैं। किसी एक परीक्षा के पेपर का लीक होना, इसका सीधा सा अर्थ है -लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य दांव पर लग जाना एवं उनका अमूल्य समय बर्बाद होना। शासन स्तर से इन सभी अनियमिताओं पर कड़ाई के साथ नकेल कसने की जरूरत है ताकि उन सभी अभ्यर्थियों के मार्ग में जोकि पूरी तन्मयता के साथ अपने लक्ष्य को हासिल करने में लगे हुए हैं, किसी तरह की कोई अड़चन उत्पन्न न होने पाए।

देर आए दुरुस्त आए

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

देर आए दुरुस्त आए। अंततः उत्तर प्रदेश कैबिनेट ने 30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्ति सरकारी कर्मचारियों को उनके पिछले वर्ष की गई सेवा की एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे शासन पर न केवल मुकदमों का बोझ कम होगा,बल्कि उसकी छवि एक आदर्श सेवायोजक की बनेगी। हालांकि बहुत बाद में अस्तित्व में आए छत्तीसगढ़ जैसे छोटे राज्य ने अपने कार्मिकों को यह सुविधा अगस्त 2023 में ही दे दी है।

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार 1 जुलाई या 1 जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती थी,नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता था। वर्षों से इस विसंगति को कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा,लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी गई। उच्च न्यायालय व सुप्रीम कोर्ट के दृष्टांतों के बावजूद यहां बुढ़ापे में सेवानिवृत्त को कोर्ट-कचहरी करनी पड़ती थी। शीर्ष न्यायालय तक का अभिमत है कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। शीर्ष न्यायालय के सिद्धांतगत निर्णय पर शासन की अनदेखी उस समय भारी पड़ने लगी,जब न्यायालयों ने कड़ा रुख अपनाते हुए जिम्मेदार अधिकारियों पर जुर्माना लगाना शुरू किया। इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा नगर आयुक्त, नगर निगम, मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाने से विषय की गंभीरता समझ में आई। प्रश्नगत विषय पर सुप्रीम कोर्ट का निदेशक (प्रशासन मानव संसाधन) के.पी. टी. सी. एल. व अन्य बनाम सीपी मुंडिनामणि व अन्य (2023 एस.सी.सी. ऑनलाइन एस.सी. 401) मामले में दिया गया निर्णय बहुत ही स्पष्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने अभिनिर्धारित किया है कि सरकारी कर्मचारियों को केवल इसलिए वार्षिक वेतन वृद्धि से वंचित नहीं किया जा सकता कि वे वेतन वृद्धि अर्जित करने के अगले ही दिन सेवानिवृत्त होने वाले हैं। न्यायालय ने यह भी कहा है कि वेतन वृद्धि अगले वर्ष अच्छा प्रदर्शन करने के लिए "प्रोत्साहन" नहीं है,बल्कि बीते वर्ष में की गई सेवा के कारण है।

30 जून या 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हो चुके या होने वाले कार्मिको को एक वेतनवृद्धि का लाभ दिए जाने का प्रदेश मंत्रिमंडल का निर्णय कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का अध्याय समाप्त करेगा। इसमें कोई दो राय नहीं कि राज्य सरकार ने एक आदर्श नियोक्ता के रूप में आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप निर्णय लेकर न्यायपालिका का भी सम्मान किया है। वैसे लोकसभा चुनाव के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में लिया गया यह निर्णय कर्मचारियों की नाराजगी को कम करने का भी काम करेगा।

एक नजर

डाक कर्मचारी को रिश्वत लेते किया गिरफ्तार

बहराइच, अमृत विचार : नानपारा डाक विभाग में तैनात डाक सहायक को बृहस्पतिवार को एंटी करप्शन की टीम ने 20 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। नानपारा में संचालित डाक विभाग में आजाद की तैनाती है। आजाद को विभागीय कार्यों में लापरवाही के चलते निलंबित कर दिया गया था। आजाद का कहना है कि बहाली के लिए डाक विभाग में तैनात डाक सहायक विनोद कुमार की ओर से दो लाख रुपये की मांग की जा रही थी। बृहस्पतिवार को डाक सहायक ने आजाद से रुपये की मांग की थी। इसकी शिकायत आजाद ने एंटी करप्शन टीम से कर दी। दोपहर में एक बजे के आसपास 20 हजार घूस देते समय डाक सहायक को एंटी करप्शन की टीम ने पकड़ लिया।

बनारस और प्रयागराज में भी खंगाले जाएंगे सबूत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाले में एसआईटी जल्द होगी रवाना
- बड़े अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध, रुपये के फ्लो की भी जांच

अमृत विचार। शिक्षा विभाग के फर्जी भर्ती घोटाले की जांच कर रही एसआईटी जल्द ही बनारस और प्रयागराज जाएगी। इन दोनों शहरों से अब तक एसआईटी की ओर से आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। माना जा रहा है कि गिरफ्तार हो चुके आरोपियों से पूछताछ के आधार पर दोनों जगहों पर महत्वपूर्ण सबूत मिल सकते हैं। उधर जांच के दौरान एसआईटी रुपये के फ्लो को भी जानने का प्रयास करेगी।

मामले में एसआईटी ने अब तक 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें बनारस से पिता पुत्र हरेंद्र पाण्डेय और प्रकाश पाण्डेय को गिरफ्तार किया है। इसी तरह प्रयागराज से आरोपी शिवम विश्वकर्मा और विवेक द्विवेदी को गिरफ्त में लिया है। आरोपियों से पूछताछ के दौरान मिले सुराग को खंगालने जांच टीम दोनों ही शहरों में जाएगी। माना जा रहा है कि शिक्षा विभाग के अन्य रिटायर हो चुके अधिकारी व निवर्तमान अफसरों को भी पूछताछ को बुलाया जा सकता है।

छिनैती के 4 दोषियों को दो साल कैद

सुलतानपुर, अमृत विचारः गोसाईगंज थाना क्षेत्र में 13 साल पूर्व व्यापारी अमरचन्द सोनी से सोने चांदी से भरा बैग छीनने व हमला करने के चार दोषियों को एसीजेएम अमित सिंह ने दो-दो साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 500 रुपए अर्थदंड भी लगाया है।

लोक अभियोजक उषा सिंह के मुताबिक भरथीपुर निवासी अमरचन्द सोनी सोने चांदी से भरा बैग छीनने के आरोप में दोषियों पर केस दर्ज हुआ था। आरोपियों पर आरोप पत्र कोर्ट में भेजा गया। साक्ष्यों के आधार पर भरथीपुर निवासी जब्बार, गफ्फार, इमरान व राजकुमार को कोर्ट ने दोषी पाते हुए दो-दो साल की सजा सुनाई है।

जल्द साढ़े तीन घंटे में पहुंचेंगे गोरखपुर

जून माह के अंत तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन शुरू करने की तैयारी

97 प्रतिशत कार्य माह के पहले सप्ताह तक हुआ पूरा

संवाददाता, गोरखपुर

अमृत विचार : प्रदेश सरकार इस माह के अंत तक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की सुविधा शुरू करने की तैयारी में है। जून के पहले सप्ताह तक इस एक्सप्रेसवे का 97 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ जाएगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल के एक बड़े क्षेत्र के लोगों को लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा।

लिंक एक्सप्रेसवे पर चल रहा कार्य।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त होगा। 91.352 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 5876.67 करोड़ रुपये भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत है। इससे गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ लाभान्वित होंगे। यूपी एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर 10 जून तक अद्यतन जानकारी के अनुसार के अनुसार गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का 97 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मेन कैरिजवे में क्लियरिंग एंड ग्रबिंग का काम 100 फीसद, मिट्टी का काम 100 फीसद पूरा हो चुका है। दो दिन पूर्व गोरखपुर के कमिश्नर अनिल ढींगरा ने बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में निर्माण में तेजी लाते हुए इस माह के अंत तक लिंक एक्सप्रेसवे का काम पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण से गोरखपुर के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। एक्सप्रेसवे से आच्छादित क्षेत्रों में स्थित विभिन्न उत्पादन इकाइयों, विकास केंद्रों तथा कृषि उत्पादन क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी से जोड़ने हेतु एक इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के रूप में सहायक होगा। एक्सप्रेसवे के दोनों तरफ योगी सरकार इंडस्ट्रियल कॉरिडोर भी बना रही है।

बहराइच में घर से बच्चे को उठा ले गया तेंदुआ, मौत

रात करीब डेढ़ बजे की घटना, परिजनों के शोर मचाने पर छोड़ा, सीएचसी में इलाज के दौरान थमी सांस

बिछिया, बहराइच

अमृत विचार। धर्मापुर रेंज के गांव में रात डेढ़ बजे तेंदुआ एक घर में कूद गया। इसके बाद उसने छह वर्षीय बालक पर हमला कर दिया। सीएचसी में इलाज शुरू होते ही बालक की मौत हो गई।

वाहिद।

कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के धर्मापुर रेंज के ग्राम पंचायत जलिहा के मजरा टेपरा गांव निवासी शाहिद का मकान जंगल से 100 मीटर की दूरी पर बना हुआ है। बुधवार रात को परिवार के लोग छत पर सो रहे थे।

जांच करते उप जिलाधिकारी व डीएफओ। अमृत विचार

जबकि अन्य लोग नीचे थे। रात लगभग डेढ़ बजे जंगल से निकलकर तेंदुआ घर में घुस गया। इसके बाद वाहिद (6) को तेंदुआ जबड़े में दबोचकर घर के बाहर चला गया। डीएफओ बी शिव शंकर ने बताया कि तेंदुए पर निगरानी के लिए एसटीपीएफ़, वन विभाग और एक अन्य टीम निगरानी के लिए लगाई गई है। तेंदुए को पकड़ने के लिए तीन पिंजड़ा भी लगाया गया है।

पुल पर बोरी में मिला युवती का शव

संवाददाता, इटियाथोक

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर राजा के मजरा गांव मौहरिया में बुधवार की देर शाम कुआनो नदी पर बने पुराने पुल को पास एक युवती का शव पड़ा मिला। शव बोरी में भरा हुआ था और देखने में तीन से चार दिन पुराना लग रहा है। मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है। युवती की हत्या कर शव बोरी में भरकर जंगल के बीच फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के मुताबिक बुधवार की शाम को अज्ञात शव फेंके जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर जब पुलिस जब कुआनो नदी पर बने पुराने पुल के पास पहुंची तो पुल के उत्तरी छोर पर एक बोरी पड़ी हुई थी। पुलिस ने बोरी खोली तो उसके भीतर एक युवती का शव था। शव देखने में तीन से चार दिन पुराना लग रहा था और पूरी तरह से सड़ चुका था। मृतका की पहचान नहीं की जा सकी है। स्थानीय लोगों का कि कहना है कि युवती की हत्या कर उसका शव जंगल के बीच लाकर फेंका गया है। भवानीपुर खुर्द पुलिस चौकी के इंचार्ज विवेक मौर्य ने बताया कि शव बोरी में बंद था।

भट्ठे की दीवार गिरी, दो महिलाओं की मौत

मजदूरी करके बच्चों के साथ कर रही थीं अपना गुजारा

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। थाना क्षेत्र अतरौली के घेरवा में संचालित शिवम ईंट भट्ठे पर बुधवार देर शाम ईंट निकाल रही दो महिला मजदूरों के ऊपर जर्जर मोटी दीवार भर भराकर गिर गई,दो घंटे में मलबे बाहर निकालने के बाद परिजन सीएचसी भरावन ले गए जहां से चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया । ट्रामा में जांच के दरम्यान डॉक्टरों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर ओखर निवासी 35 वर्षीय पुष्पा पत्नी अयोध्या पटेल व 20 वर्षीय हेमलता पत्नी हरिश्चंद्र अतरौली के घेरवा स्थित शिवम ईंट भट्ठे पर परिजनों के साथ मजदूरी करती थीं । बुधवार देर शाम दोनो महिलाएं भट्ठे से ईंट निकास कर रहीं थी उसी समय जर्जर मोटी दीवाल दोनो के ऊपर भरभराकर गिर गई। इधर उधर उपस्थित साथी मजदूरों ने काफी मशक्कत करते हुए दो घंटे में दोनो को बाहर निकालते हुए सीएचसी भरावन ले गए जहां से डॉक्टर रजनीश ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। इधर घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। ट्रामा पहुंचने पर डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हरिश्चंद्र ने बताया कि उसके दो पुत्री व पुष्पा के दो पुत्र व एक पुत्री है। एसएचओ दिलेश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल उनके पास ऐसी कोई सूचना नहीं है।

हेमलता व पुष्पा की फाइल फोटो।

गिरी हुई ईंट-भट्ठे की दीवार।

आयुष्मान योजनाः डीपीसी ऑडिटर समेत चार गिरफ्तार

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में फ्रॉड करने के मामले में पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला संपरीक्षक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने इनसे 2.10 लाख रुपये नकद, तीन लैपटॉप व करीब 13 लाख की सामग्री बरामद की है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि ये लोग अस्पताल संचालकों को वसूली के लिए ब्लैकमेल करते थे। उनकी बातें न मानने पर आयुष्मान भारत योजना के पोर्टल में छेड़छाड़ कर अस्पताल की आईडी पर अश्लील फोटो और वीडियो डालकर बंद करा देते थे। पुलिस ने इन्हें जेल भेज दिया। एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि इस तरह के दो मामले क्रमशः नेबुआ नौरंगिया और पडरौना कोतवाली में दर्ज थे जिसमें अस्पतालों की आईडी पर अश्लील फोटो डालकर उन्हें बंद करा दिया गया था। साइबर टीम की मदद से इस मामले की तहकीकात की गई जिसमें आया कि मामले में सीएमओ कार्यालय में ही कार्यरत डीपीसी, डिस्ट्रिक्ट ऑडिटर, कंप्यूटर ऑपरेटर और एक अन्य व्यक्ति शामिल था। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में अनीस अहमद निवासी प्रयागराज, हाल मुकाम बैलिस्टर शर्मा पशु अस्पताल के सामने देवरिया रोड कसया, कुशीनगर, डॉ. दीपक कुशवाहा निवासी कुशीनगर, अखिलेश शर्मा निवासी कुशीनगर और मंदीप गौड़ निवासी कुशीनगर शामिल हैं।

हनुमानगढ़ी के तीन साधुओं के खिलाफ रिपोर्ट

अयोध्या,अमृत विचार। रामनगरी के रामपथ स्थित एक दुकान को लेकर हुए विवाद में हनुमानगढ़ी के तीन साधुओं के खिलाफ चोरी, मारपीट, धमकी आदि की धारा में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

पीड़ित अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के रायगंज निवासी विवेक गुप्ता का कहना है कि उन्होंने हनुमानगढ़ी के हरिद्वारी पट्टी से रामपथ पर अपनी पत्नी प्रीती के नाम एक दुकान ली है। वह गुरुवार सुबह दुकान पर गए तो देखा कि ऊपरी हिस्से में रहने वाले हरिद्वारी पट्टी के साधुओं रामदास चेला स्व. भगवान दास, धनजय दास व टीका दास ने दुकान के सामने पक्की दीवार खड़ी कर दी है। भीतर की दीवार तोड़ दुकान में रखा सामान चोरी कर लिया। मुझको मौके पर देख तीनों साधु गाली-गलौच करते हुए हमलावर हो गए और मारापीटा तथा दुबारा दुकान की ओर आने पर परिवार से हाथ धो देने की धमकी दी।

हौज में गिरा हाईटेंशन तार बच्चे की करंट से गई जान

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : कामख्या धाम नगर पंचायत क्षेत्र के एक गांव में ट्यूबवेल के हौज में तार टूटकर पानी में गिर गया। जिससे नहा रहे बच्चे की करंट से मौत हो गई। घटना के बाद से गांव के लोगों में आक्रोश फैल गया है।

शनि (फाइल फोटो)

गोडियन का पुरवा मजरे सैदपुर में गुरुवार सुबह शनि (14) पुत्र रामनेवल गांव में स्थित ट्यूबवेल के हौज में नहाने गया था। इसी दौरान खंभे से तार टूटकर शनि के ऊपर गिर गया। शनि के साथ नहाने गये दो और बच्चे भागकर गांव के अंदर पहुंचे और घटना की जानकारी दी। ग्रामीणों ने पावर हाउस फोन कर लाइन बंद कराई। गंभीर रूप से झुलसे शनि को परिजन सीएचसी रुदौली ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि शनि आठवीं का छात्र था। वह अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था। ग्रामीणों ने बताया कि नई लाइन बनी होने के बावजूद तार गिरना बिजली विभाग के अधिकारियों पर सवाल खड़े करता है। बाबा बाजार थाना अध्यक्ष राजेश सिंह ने बताया कि करंट की चपेट में आने से बालक की मौत हो गई।

सार-संक्षेप

अतीक अहमद की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट में कुर्क

संवाददाता, प्रयागराज। अमृत विचार : माफिया अतीक अहमद की सम्पत्ति पर प्रयागराज पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। गुरूवार पुलिस ने अतीक अहमद की एक और सम्पत्ति कुर्क करने का काम किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में किया है। अतीक अहमद ने इस सम्पत्ति को अपनी पत्नी शाइस्ता परवीन के नाम पर शाहगंज में खरीदी थी। इस खंडहर मकान को जिलाधिकारी के निर्देश पर कुर्क की गयी है। पुलिस के मुताबिक माफिया ने सरदार अब्दुल गफ्फार पुत्र मजीद अहमद निवासी मिंजहापुर में 1998 में अतीक ने अपनी पत्नी के नाम पर रजिस्ट्री कराया था। डीएम के निर्देश पर शाहगंज में रकबा 132 .72 वर्ग मीटर में बने इस खंडहर मकान को कुर्क किया गया है। पुलिस ने बोर्ड लगाकर इसकी मुनादी भी कराई है।

सिद्धार्थ विवि के कुलपति को मिली मानद कर्नल की रैंक

संवाददाता, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : एनसीसी दिल्ली के महानिदेशालय ने सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के कुलपति प्रो . हरि बहादुर श्रीवास्तव को मानद कर्नल रैंक प्रदान किया। 13 जून को एनसीसी प्रदेश निदेशालय के तत्वावधान में, सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के कुलपति प्रो . हरि बहादुर श्रीवास्तव को विश्वविद्यालय, एनसीसी और समग्र रूप से शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के सम्मान में ब्रिगेडियर दीपेंद्र रावत, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप गोरखपुर द्वारा मानद कर्नल की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया। कुलपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने नेतृत्व, समर्पण और उत्कृष्टता के गुणों का उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनके मार्गदर्शन में सिद्धार्थ विश्वविद्यालय समाज में ज्ञान और नवाचार का प्रतीक बनकर विकसित हुआ है।

अमृत योजना में बस्ती रेलवे स्टेशन चयनित

संवाददाता, गोरखपुर, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल पर गोरखपुर-बाराबंकी खंड पर स्थित बस्ती रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 17 .98 करोड़ की लागत से पुनर्विकसित किया जा रहा है। 'अमृत स्टेशन योजना' के अन्तर्गत पुनर्विकसित किया जा रहा बस्ती रेलवे स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा। यहां आने वाले यात्रियों को स्टेशन में स्थानीय स्थापत्य कला का समावेश देखने को मिलेगा। स्टेशन परिसर में उन्नत पार्किंग, वेटिंग हॉल, प्रसाधन केन्द्रों एवं एप्रोच रोड सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। विभिन्न नगरों एवं महानगरों को रेल के माध्यम से जोड़ने वाले इस रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन 116 गाड़ियां संचालित की जा रही हैं तथा लगभग 4000 यात्रियों का आवागमन प्रतिदिन होता है।

पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर टमाटर लदा ट्रक पलटा

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार को बल्दीराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बीही निदुरा के पास पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर लखनऊ से आजमगढ़ टमाटर लेकर जा रही ट्रक का गुरुवार को माइलस्टोन 96 .6 पर अचानक टायर फट जाने से अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक अकरम पुत्र ईशाक निवासी परसरा पाडर थाना गजरौला जनपद अमरोहा व सहायक जाउल दोनों सुरक्षित है। किसी को कोई चोट नहीं आई है। मौके पर यूपीडा टीम व पीआरबी 112 ने पहुंचकर सड़क से क्रेन द्वारा वाहन को हटवाया गया। यातायात पुनः सुचारू रूप से बहाल हो गया है।

पूर्व खेल मंत्री ओपी सिंह के मामले में सुनवाई 27 को

सुलतानपुर, अमृत विचार : पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ दर्ज आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन के मामले में गुरुवार को सुनवाई कोर्ट मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण टल गई। पूर्व मंत्री के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने सुनवाई के लिए 27 जून की तारीख नियत की है। मोतिगरपुर के ढेमा बाजार में दो साल पूर्व आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप मे सरकार में जयसिंहपुर विधानसभा सीट के पूर्व विधायक और खेल मंत्री रहे ओम प्रकाश सिंह समेत छह आरोपियों के खिलाफ विशेष कोर्ट में मामला विचाराधीन है। मोतिगरपुर थाने के उप-निरीक्षक सुशील कुमार राय ने 15 जनवरी 2022 को आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था।

देह व्यापार का भंडाफोड़, तीन महिला समेत छह गिरफ्तार

कुशीनगर, अमृत विचार : जिले के कसया पुलिस व प्रशासन ने देह व्यापार का भंडाफोड़ करते हुए तीन महिला व तीन पुरुष को गिरफ्तार किया व गेस्ट हाउस को सील कर दिया। कसया थाना क्षेत्र के बरवां जंगल हाइवे किनारे स्थित एक गेस्ट हाउस पर सायं सीओ कसया कुंदन सिंह, नायब तहसीलदार शैलेष सिंह के नेतृत्व मे एसएचओ गिरिजेश उपाध्याय ने गेस्ट हाउस पर छापेमारी की। इस दौरान तीन महिला व तीन पुरुष पकड़े गए। अभियुक्तों के पास से पांच मोबाईल व 14480 रुपया नगद, तीन आधारकार्ड, एक ड्राईविंग लाईसेन्स, दो पैनकार्ड आदि बरामद किए गए।

बस पलटी, दर्जन भर यात्री हुए घायल

संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार : माखी थानाक्षेत्र में स्टेयरिंग फेल होने से 20 यात्रियों से भरी बस रोड किनारे पलट गई। इसमें बस सवार करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों को नजदीक के अस्पताल भेजा गया। जहां से वे सभी इलाज कराकर गन्तव्य को रवाना हो गए। वहीं फतेहपुर चौरासी थानांतर्गत एक ई-रिक्शा में डंपर ने टक्कर मार दी। रिक्शा चालक सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चकलवंशी। माखी थानाक्षेत्र चकलवंशी-संडीला मार्ग पर रामपुर गांव के सामने संडीला जा रही बस की स्टेयरिंग फेल होने से वह अनियंत्रित हो गई।

डेरों में मातम, लोगों की आंखों से उड़ी नींद

मोहिउद्दीनपुर हादसा

▸▸ हरदोई में झोपड़ी में ट्रक पलटने से आठ लोगों की मौत का मामला

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

अमृत विचार। बालू लदा ट्रक पलटने से परिवार झोपड़ी में सो रहे आठ लोगों की मौत के बाद बुधवार-गुरुवार की रात बाकी बचे परिजनों पर बहुत भारी रही। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद सभी शवों का एक साथ मेंहदी घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। परिवार में बचे बड़े बेटे बंटी कौशल, बेटी मोनिका और दामिनी का रो-रोकर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार के बाद घर लौटे बेटों और बेटियों के साथ आस-पास की झोपड़ियों में रहने वाले लोग भी सो नहीं सके। गम ऐसा कि रात गुजर गई लेकिन आंखों में नींद का नाम नहीं है। हादसे के बाद जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों के पहुंचने का क्रम गुरुवार को भी जारी रहा।

गमगीन परिजन व हादसे में घायल पोती को गोद में लिए मृतक करन की मां सुशीला।

बीते मंगलवार की आधी रात बालू से ओवरलोड ट्रक बिल्हौर-कटरा हाई-वे पर चुंगी नंबर-2 मोहिउद्दीनपुर के पास स्पीड ब्रेकर पर बेकाबू हो गया। संतुलन बिगड़ने के बाद ओवरलोड ट्रक हाइवे किनारे झोपड़ी में सो रहे अवधेश और उनके परिवार पर पलट गया। इस हादसे ने एक झटके में एक ही परिवार के आठ लोगों की ज़िंदगी निगल ली। हादसे हर तरफ चीख-पुकार मच गई। जेसीबी की मदद से जब ट्रक को हटाया गया तो बालू के ढेर के नीचे से अवधेश और उसकी पत्नी सुधा, पुत्री कोमल उर्फ़ लल्ला, सुनैना, बुद्धू के साथ उसकी ब्याहता बेटी हीरो और उसके पति करन के साथ दो साल के बिहारी के शव निकाले गए। इस हादसे में परिवार में सिर्फ एक बेटी बिट्टो और तमाशा दिखाने वाला बंदर ही बच पाया।

मिले सिर्फ आश्वासन

भाई राजेश ने बताया कि बुधवार से मिलने तो बहुत लोग आए हैं, लेकिन चंद लोग ही मदद करके गए। घायल बिट्टो तक का कोई हाल खबर लेने वाला नहीं है, उसके पैर में चोट आई है एक्सरे कराया है दवा कैसे कराएं समझ में नहीं आ रहा है।

प्रतापगढ़ में किशोर की गला रेतकर हत्या

संवाददाता, लालगंज, प्रतापगढ़

अमृत विचार : लाई चना का ठेला लगाने वाले किशोर की गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को बाग में फेंक दिया गया। शव मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। किशोर की मौत से परिजन रो रो कर बेहाल हैं। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

उदयपुर थाना क्षेत्र के सेमरा निवासी अखिलेश गुप्ता के 17 वर्षीय पुत्र अजय गुप्ता की गुरुवार रात गला रेत कर हत्या कर दी गई। वह लाई चना भूनकर ठेले पर बेचता था। गुरुवार की शाम वह कुम्हीआइमा बाजार में ठेला लेकर गया था। वहां से देर शाम तक घर वापस न लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गये। कोई फोन कॉल न आने पर उसकी तलाश करने लगे। किशोर के परिवार के लोगों के साथ गांव वाले भी खोजबीन में जुट गए। घर से करीब एक किमी दूर मऊहरिया के पास उसका लाई चने का ठेला मिला तो लोगों में अनहोनी की आशंका बढ़ गई। खोजबीन में जुटे लोगों को रात करीब 9.30 बजे पूरे भगवत अधिया की बाग में अजय गुप्ता का शव पड़ा मिला। उसकी धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। शव देखते ही परिजन दहाड़ मारकर रोने लगे।

डॉ. दीक्षा।
इसी परीक्षा भवन की छत से गिरने से हुई डॉ. दीक्षा की मौत। अमृत विचार

डॉक्टर के शरीर पर मिलीं 36 से ज्यादा चोटें

दुखद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मेडिकल कालेज के परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल की डक्ट में गिरने से संदिग्ध हालात में हुई मौत के बाद गुरुवार रात उनके शव का पीएम किया गया। पीएम रिपोर्ट में डॉक्टर के शरीर पर 36 से ज्यादा चोटें मिलीं हैं। शरीर में और बाहर जख्म मिले। दुष्कर्म की आशंका को लेकर स्लाइड बनाई गई। बिसरा सुरक्षित किया गया। पेट में अल्कोहल मिलने की पुष्टि हुई। पैनल और वीडियोग्राफी में हुए पीएम में आंतरिक रक्तस्त्राव से मौत की पुष्टि हुई है।

चप्पल के साथ नीचे गिरी डॉक्टरों पर पूरा शक

- फुफेरे भाई गौरव ने आरोप लगाया कि पुलिस की कहानी पूरी फिल्मी है। कहा कि छत पर पैरों के घसीटने निशान हैं। बहन पैरों में चप्पल के साथ नीचे गिरी है। उन लोगों को पूरा संदेह है कि साथी डॉक्टरों ने उसे छत पर डक्ट में अंदर धक्का देकर हत्या कर दी।

दोनों डॉक्टर अच्छे दोस्त थे

- एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने घटनास्थल पिता को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि दो साथी डॉक्टर हिरासत में हैं उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। परिवार से बात करने के बाद सामने आया कि दोनों साथी डॉक्टर दीक्षा के परिवार के भी टच में हैं और सब अच्छे परिचित हैं।

तीनों डॉक्टर क्यों गए थे भवन की छत पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर, अमृत विचार : डॉ .दीक्षा तिवारी और उनके दोनों साथी डॉ .हिमांशु व डॉ .मयंक कॉलेज की छत पर कैसे और क्यों गए, इसकी जांच पुलिस के साथ ही जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की टीम भी करेगी। कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो .रिचा गिरी ने विभागीय जांच के लिए कमेटी गठन करने की बात कही है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन की छत से गिरकर बरेली निवासी डॉ .दीक्षा तिवारी की मौत हो गई। डॉ .दीक्षा कॉलेज में वर्ष 2018 बैच की पैरा एम-टू की छात्रा थी। डॉ .दीक्षा ने वर्ष 2023 में एमबीबीएस उत्तीर्ण करने के बाद वर्ष 2024 में इंटर्नशिप की थी। मेडिकल कॉलेज की उप प्राचार्य प्रो . रिचा गिरी ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे पुलिस को कॉलेज के परीक्षा भवन की छत से एक छात्रा के गिरने की सूचना मिली।

अपनी मर्जी से जाते हुए दिख रहीं डॉ.दीक्षा

मेडिकल कॉलेज परिसर में कई कैमरे लगे हैं। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक डॉ .दीक्षा अपने साथी डॉ .हिमांशु व डॉ .मयंक के साथ अपनी मर्जी से जाते हुए दिख रही हैं। वह छिपकर अंदर जाते हुए नजर आ रही हैं।

पुलिस व डॉ .दीक्षा के साथी उन्हें लेकर इमरजेंसी पहुंचे थे, जहां उनकी मौत हो गई। जानकारी करने पर पता चला है कि डॉ .दीक्षा कॉलेज के हॉस्टल या परिसर में नहीं रहती थीं। न ही डॉ .हिमांशु व डॉ .मयंक कॉलेज परिसर में रहते थे। रात को वह कॉलेज में कैसे पहुंचे और छत पर क्यों गए, इस संबंध में जांच के लिए विभागीय कमेटी गठित की जाएगी।

राजद्रोह खत्म पर चेन स्नेचिंग के लिए होगा सख्त कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन कर देने वाले नए कानून 1 जुलाई से लागू हो जाएंगे। सर्वाधिक आबादी के नाते उप्र. में आपराधिक मुकदमों की संख्या भी सर्वाधिक है। स्वाभाविक रूप से इसका सबसे ज्यादा फायदा भी उप्र. को मिलेगा। नए क्रिमिनल जस्टिस में जहां राजद्रोह का कानून खत्म कर दिया गया है। पर भारतीय संप्रभुता का किसी भी तरह विरोध करने वालों के लिए कड़े दंड का प्रावधान किया गया है। वहीं, महिलाओं से चेन स्नैचिंग और मोबाइल छिनैती जैसी घटनाओं के लिए कानून अब सख्त होगा।

▸▸ 1 जुलाई से देश में लागू हो जाएंगे नए आपराधिक कानून

दरअसल, महिलाओं के लिए चेन और मोबाइल छीनैती कानून व्यस्था के लिए बड़ी चुनौती के रूप में उभरा है। जिस भी महिला के साथ ऐसी घटना होती है, उसे गहरा आघात लगता है। कभी कभी तो इस छीना झपटी में महिला को गंभीर चोट आती है। ऐसी चोट जो जानलेवा हो सकती है या अपंगता की वजह। इसके लिए भी पहली बार नए कानून लाए गए हैं। अब चेन स्नैचिंग के मामलों में कुछ ही दिन में छूटकर बाहर आना इतना आसान नहीं होगा। नए कानून की धारा 304 के तहत इसमें तीन साल तक की सजा होगी। यदि स्नैचर किसी गैंग का सदस्य है, तो संगठित अपराध के तहत सजा बढ़कर सात साल तक हो सकती है।

आतंकवाद जो देश की प्रमुख समस्याओं में से एक है उसे पहली बार साफ तौर पर परिभाषित करते हुए दंड की व्यवस्था की गई है। इसी तरह संगठित अपराध और मॉब लीचिंग को पहली बार परभाषित किया गया है। लालच, दबाव और डर की वजह से गवाहों का मुकरना आम बात रही है। नए कानूनों में उनकी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। साथ ही तकनीक के जरिए जिस तरह परिस्थितिजन्य साक्ष्य पर जोर दिया गया है। उससे गवाह मुकर भी नहीं पाएंगे। इससे पुलिस भी पूरी प्रक्रिया के दौरान जवाबदेह बनेगी। वह अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल नहीं कर सकेगी।

नये कानूनी बदलावों में सुशासन, पारदर्शिता, संवेदनशीलता, जवाबदेही, बच्चों और महिलाओं के हित पर खासा ध्यान दिया गया है। दंड की जगह न्याय पर सारा जोर दिया गया है। शीघ्र न्याय मिले इसके लिए नीचे से ऊपर तक जांच और साक्ष्य के लिए आधुनिकतम तकनीक को शामिल किया गया है। किसी भी मामले न्याय मिलने की सीमा तय होगी। छोटे मोटे मामलों के निस्तारण के लिए पहली बार कम्यूनिटी सर्विसेज की शुरुआत की गई है। अकेले इस बदलाव से सेशन कोर्ट में ही 40 फीसद मुकदमो का निस्तारण हो जाएगा।

अंग्रेजी कानून के नाम में होगा बदलाव

अब इंडियन पेनल कोड का नया नाम होगा, भारतीय न्याय संहिता। भारतीय दंड संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के नाम से जानी जाएगी। इसी क्रम में इंडियन एवीडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य कानून लागू होगा। ये सारे बदलाव दंड की जगह न्याय पर केंद्रित हैं।

फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे

सात साल से अधिक उम्र के अपराध में फोरेंसिक जांच जरूरी होगी। गंभीर मामलों की विवेचना एसीपी व डीएसपी से कराई जा सकेगी। पोक्सो की विवेचना 2 महीने में पूरी करनी होगी। 3 साल से कम सजा वाले अपराध में गिरफ्तारी के लिए एसीपी से अनुमति लेनी होगी। फोटो, वीडियो, मैसेज भी अहम साक्ष्य बनेंगे। साथ ही, डॉक्टर, पुलिस व अन्य गवाहों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से गवाही हो सकेगी।

भीषण गर्मी से बचाव के लिए लोग पहाड़ों का रुख कर रहे हैं जिससे वहां पर व्यवस्था बेपटरी हो रही है। गुरुवार को हिमाचल प्रदेश के मनाली में रोहतांग दर्रे के पास पर्यटकों की भीड़ के चलते कई घंटे तक यातायात बाधित रहा। इस दौरान वाहनों की लंबी कतार लग गईं जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

विवेचना के दौरान किसी के दबाव में न आने के निर्देश

लखनऊ, अमृत विचार : सीबीसीआईडी के महानिदेशक एसएन साबत ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करते हुए विवेचकों को निर्देशित किया है कि वह किसी के दबाव में न आएं। निष्पक्ष होकर पूर्ण स्वतंत्रता के साथ विवेचना करें। उन्होंने 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून की पूर्ण जानकारी विवेचकों को देने के निर्देश अपने मातहतों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूर्ण स्वतंत्रता से विवेचना कीजिए। प्रत्येक विवेचना गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध, इसका ध्यान रखा जाए। सभी विवेचनाओं के लिए पहले से कार्य योजना बनाइए।

दिल्ली को पानी देने से मुकरा हिमाचल प्रदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट में कहा-उसके पास नहीं है अतिरिक्त पानी
- कोर्ट ने दिल्ली सरकार को यमुना नदी बोर्ड जाने को कहा

हिमाचल प्रदेश ने सुप्रीम कोर्ट में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक अपर यमुना रिवर बोर्ड को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन करने का निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है। पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा कि इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ दिया जाना चाहिए।

काशी और आगरा में उच्चीकृत होंगे मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : वाराणसी का शिवप्रसाद गुप्त मण्डलीय जिला चिकित्सालय (मल्टी सुपर स्पेशलिटी चिकित्सालय) और आगरा का जिला महिला अस्पताल (लेडी लॉयल) उच्चीकृत होगा। ये अस्पताल अत्याधुनिक संसाधनों से युक्त होंगे, इसके लिए इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट व डिजाइन (ईपीसी) स्तर पर निर्माण प्रक्रिया शुरू होगी।

जल्द ही निर्माण कार्यों की निगरानी के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सलाहकार (पीएमसी) नियुक्ति किये जाएंगे और डवलपमेंट प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) सौंपी जाएगी। वाराणसी में 5.55 एकड़ क्षेत्रफल में 161 करोड़ रुपये की लागत से 500 बिस्तर का मल्टी सुपर स्पेशेलिटी हॉस्पिटल बनेगा।

▸▸ निर्माण कार्यों के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट्स होंगे तैनात

जल्द ही प्रोजेक्ट मैनेजर समेत पूरी टीम की तैनाती होगी। वहीं आगरा में पांच एकड़ क्षेत्र में बन रहें 150 बिस्तर के एलएलडी जिला महिला अस्पताल को करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जाएगा।

केजीएमयू में लगेगी एक घंटे में 400 टेस्ट करने वाली मशीन

लखनऊ में केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग (ब्लड बैंक) में कोबास एस 201 सिस्टम और फुली ऑटोमेटेड वॉक अवे सिस्टम अत्याधुनिक मशीनें जल्द ही स्थापित होंगी। कोबास एस 201 सिस्टम फुली ऑटोमेटेड न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग (एनएटी) इनेबल्ड होगी जबकि फुली ऑटोमेटेड वॉक अवे सिस्टम के जरिए ग्रुप टेस्ट्स होने लगेंगे। एयू से एक घंटे में 400 टेस्ट होते हैं। ब्लड ग्रुपिंग, क्रॉस मैच टेस्ट, एंटीबॉडी स्क्रीनिंग टेस्ट, रीसस ग्रुप कन्फर्मेशन (वीक डी आइडेंटिफिकेशन), डायरेक्ट कूम्ब्स टेस्ट (डीसीटी) तथा एंटीजन एक्सटेंडेड फेनोटाइपिंग जैसी प्रक्रियाओं को पूर्ण करने में ये मशीनें सहायक होंगी।

आगरा : 55 पुलिसकर्मियों को किया गया निलंबित

आगरा, एजेंसी

- भ्रष्टाचार एवं लापरवाही को लेकर की गई कार्रवाई

भ्रष्टाचार और काम में लापरवाही को लेकर 55 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इनमें से 16 को पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया में लापरवाही को लेकर निलंबित किया गया है। ये 16 पुलिसकर्मी न्यू आगरा थाने, हरिपारवट, शाहगंज और कमला नगर थाने में तैनात थे। पुलिस ने कहा कि आगरा के पुलिस आयुक्त को पासपोर्ट सत्यापन में गड़बड़ी की कई शिकायतें मिली थीं। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) ने पासपोर्ट सत्यापन में देरी को लेकर शम्साबाद थाने की एक महिला परिवीक्षा उपनिरीक्षक तथा डौकी थाने के एक हेडकांस्टेबल को भी निलंबित कर दिया है। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) सोनम कुमार द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार सरकारी कार्य में देरी और अपनी भूमिका में ढिलाई बरतने के आरोप में उपनिरीक्षक, लिपिक और कांस्टेबल समेत 23 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। साइबर थाने के चार लिपिक और एक सिपाही समेत पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

बर्दाश्त नहीं किया जाएगा लोक कलाकारों का उत्पीड़न : जयवीर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप्र. के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा है कि लोक संगीत हमारी संस्कृति है। इसलिए लोक संगीत एवं कलाकारों को संरक्षित करना जरूरी है। कलाकारों के मानदेय भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एक जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए गए हैं। किसी भी दशा में कलाकारों का शोषण और उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

गोमतीनगर स्तिथ पर्यटन विभाग में संस्कृति विभाग की बैठक में उन्होंने कहा कि हर पंजीकृत कलाकार को साल में तीन कार्यक्रम आवंटित किए जाएंगे। कार्यक्रम से पहले उन्हें पारिश्रमिक का 50 फीसदी अग्रिम और शेष धनराशि कार्यक्रम बाद सीधे उनके खाते में दी जाएगी। संस्कृति मंत्री ने कहा कि प्रदेश में संस्कृति नीति का ड्राफ्ट तैयार कर लिया गया है। सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक कारगर कार्ययोजना एक सप्ताह के अंदर बनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों को रोजी-रोटी की व्यवस्था के लिए अब तक 1500 ग्राम सभाओं को वाद्ययंत्र दिए जा चुके हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक पर्यटक आएं इसके लिए योजनाओं का क्रियान्वयन करें। बैठक में प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम, पर्यटन सलाहकार जेपी सिंह व सहायक निदेशक रीनू रंग भारती मौजूद रही।

▸▸ कलाकारों को कार्यक्रम से पूर्व मिलेगा 50 फीसदी भुगतान

डायरिया रोकथाम को अब चलेगा दस्त रोकें अभियान

लखनऊ, अमृत विचार : डायरिया के रोकथाम के लिए संचालित होने वाले अभियान का नाम बदलकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने दस्त रोकें अभियान कर दिया है। प्रदेश में डायरिया की रोकथाम संबन्धी प्रबंधन व कार्यक्रम अमल में लाए जाएं और दो माह तक उपलब्धता बनाए रखी जाए। ये निर्देश गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने एनेक्सी भवन में केन्द्रीय स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न होने के बाद दिए हैं। उन्होंने कहा कि डायरिया की रोकथाम के लिए सुरक्षित पेयजल, स्वच्छता आदि का विशेष भी ध्यान रखा जाए।

हसनपुर के एसडीएम का तबादला, ईओ को किया निलंबित

जिंदा गोवंशीय पशुओं को दफनाने के मामले में निदेशक नगर निकाय और डीएम ने की कार्रवाई

संवाददाता, हसनपुर (अमरोहा)/ लखनऊ

अमृत विचार : हसनपुर की कान्हा गोशाला में मृत सात गोवंशीय पशुओं के साथ कुछ जिंदा गोवंश को दफनाने का मामला शासन तक पहुंचने के बाद जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने एसडीएम भगत सिंह का तबादला कर दिया। इनकी जगह एसडीएम सुनीता सिंह को हसनपुर तहसील क्षेत्र का कार्यभार सौंपा है। जिलाधिकारी की रिपोर्ट के बाद शासन से ईओ को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

हसनपुर नगर के मोहल्ला खेवान स्थित कान्हा गोशाला में बुधवार रात सात गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई थी। इसके बाद अधिकारियों के कहने पर गोशाला के कर्मचारी मृत गोवंशीय पशुओं के साथ जिंदा को भी जेसीबी से गड्ढा खोदवाकर दफना रहे थे, तभी विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंच गए। उन्होंने घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। गुरुवार को जिलाधिकारी ने घटना की रिपोर्ट शासन को भेजी। इसमें गोवंशीय पशुओं को जिंदा दफनाने को लेकर अधिकारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई।

▸▸ विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया था हंगामा

उधर नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर निदेशक नगरीय निकाय डॉ. नितिन बंसल ने डीएम की जांच रिपोर्ट के आधार पर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रदीप नारायण दीक्षित द्वारा हसनपुर नगर पालिका परिषद अंतर्गत संचालित कान्हा गोशाला में गोवंशों के रखरखाव, संरक्षण और इनके स्वास्थ्य के प्रति घोर अनियमितता बरतने के साथ पदीय दायित्वों व कर्तव्यों के निर्वहन में घोर उदासीनता और लापरवाही बरतने के दोषी पाये गये हैं। निलम्बन अवधि में अधिकारी को मण्डलायुक्त कार्यालय मुरादाबाद से संबद्ध कर दिया गया है। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी का कहना है कि मृत गोवंशीय पशुओं के शवों का सही तरीके से निस्तारण नहीं किया गया। एसडीएम व ईओ की लापरवाही सामने आई है।

> हमारी संस्कृति एवं परम्परा किसी भी रूप में पशु क्रूरता के खिलाफ है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं अनियमितता के प्रति सरकार की सहनशीलता शून्य है। इसी के तहत संबंधित दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की गयी। – **एके शर्मा**, नगर विकास मंत्री

उत्तराखंड

जंगल की आग बुझाने गए चार वन कर्मचारी जिंदा जले

ब्यूरो, अल्मोड़ा

अमृत विचार : अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में लगी आग बुझाने गए कर्मचारी वनाग्नि की चपेट में आ गए। वन बीट अधिकारी समेत 4 कर्मी जिंदा जल गए जबकि 4 गंभीर झुलस गए। घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल हल्द्वानी रेफर किया गया है।

अधिकारियों के अनुसार, गुरुवार दोपहर बिनसर वन्यजीव अभ्यारण्य में आग लगने की सूचना पर आठ वन कर्मियों का दल दोपहर ढाई बजे मौके पर पहुंचा। आग सड़क से नीचे लगी थी। वनकर्मी ढलान से नीचे उतरे। इस बीच आग ने विकराल रूप ले लिया। ऐसे में ऊपर सड़क तक पहुंचने के लिए उन्होंने चढ़ाई शुरू की लेकिन आग की चपेट में आने से वन बीट अधिकारी त्रिलोक सिंह मेहता (56) पुत्र नारायण सिंह निवासी बाड़ेछीना, श्रमिक दीवान राम (35) निवासी सौड़ा, फायर वॉचर करन आर्या (21) निवासी भेटुली और पीआरडी जवान पूरन सिंह (50) पुत्र दीवान सिंह निवासी धौलछीना जिंदा जल गए। वनकर्मियों की चीख सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उनको आग से निकाला हालांकि तब तक वह काफी झुलस गए थे। उन्हें पास के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में आग पर काबू पाकर शवों को भी निकाला गया। घायलों को डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया गया है। सीविल सोयम वन प्रभाग अल्मोड़ा के डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया बेस अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि घायलों को पूरी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मृतकों के परिजनों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। वहीं घायलों में फायर वॉचर कृष्ण कुमार (21) पुत्र नारायण राम निवासी अयारपानी, चालक भगवत सिंह भोज (38) पुत्र बचे सिंह निवासी अयारपानी, पीआरडी जवान कुंदन नेगी (44) पुत्र प्रताप सिंह नेगी निवासी खाकरी अल्मोड़ा, दैनिक श्रमिक कैलाश भट्ट (54) पुत्र बद्री दत्त भट्ट निवासी घनेली अल्मोड़ा हैं।

अल्मोड़ा चिकित्सालय में झुलसे कर्मचारी का उपचार करते चिकित्सा कर्मी।

- मृतकों के परिजन को 10-10 लाख मुआवजा देने की घोषणा

> वनाग्नि से 4 वनकर्मियों का निधन हृदयविदारक है। दुख की घड़ी में सरकार दिवंगतों के परिजनों के साथ है। घायलों को एयरलिफ्ट कर हल्द्वानी बेस अस्पताल पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। – **पुष्कर सिंह धामी**, मुख्यमंत्री

जोशीमठ को उजाड़ना चाहती है सरकारः आर्य

हल्द्वानी, अमृत विचार : नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने जोशीमठ का नाम बदलने पर प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लिया है। जारी बयान में यशपाल आर्य ने कहा कि सरकार जोशीमठ के आपदा प्रभावितों को उजाड़ना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार प्रभावितों को राहत देने में नाकाम रही है, इसलिए शहर का नाम बदलकर अपनी नाकामी छुपाना चाहती है। सरकार के निर्णयों से ऐसा लगता है कि वह जोशीमठ शहर को पूरी तरह से उजाड़ कर परियोजनाओं और सेना के लिए आरक्षित करना चाहती है।

आदर्श चम्पावत के लिए धरा पर उतारें योजनाएं

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचारः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय में चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को आदर्श राज्य बनाने के लिए चम्पावत को मॉडल जनपद के रूप में लिया जा रहा है। चम्पावत ऐसा जनपद है जिसमें राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों के हिसाब से मैदान, तराई, भाबर और पर्वतीय क्षेत्र शामिल हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चम्पावत में धार्मिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के क्षेत्र में अनेक संभावनाएं हैं। यहां श्रद्धालुओं और पर्यटक की सुविधा के दृष्टिगत तीन से चार दिन की यात्रा के लिए एक सर्किट बनाए जाए। पूर्णागिरी में श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रहती है, श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। शारदा कॉरिडोर और चम्पावत के आईएसबीटी को भी विस्तारित करने की जरूरत है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने के लिए बनाई जा रही कार्ययोजनाओं को धरातल पर उतारा जाए। विकास के साथ विरासत को भी आगे बढ़ाना है मगर पारिस्थितिकी और पर्यावरण में समन्वय का ध्यान रखा जाए। आदर्श चम्पावत के लिए नोडल अधिकारी जनपद के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ नियमित बैठक करें और स्थानीय स्तर पर लोगों के सुझाव भी लिए जाएं। इस अवसर पर पर्यटन, कृषि और बागवानी, हेल्थकेयर, शिक्षा, दुग्ध और उससे संबंधित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

चम्पावत के जिलाधिकारी नवनीत पांडेय ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। जनपद में सोलर एनर्जी और ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में पलायन बढ़ रहा है, इसको ध्यान में रखते हुए टाउन प्लानिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, अपर मुख्य सचिव आनन्दबर्द्धन, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगोली, एसएन पांडेय, विशेष सचिव डॉ. पराग मधुकर धकाते, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, अपर सचिव श्री जगदीश चन्द्र कांडपाल मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री धामी ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

हल्द्वानी से भवाली तक बनाए 10 शटल प्वाइंट

हल्द्वानी, अमृत विचार : जिला प्रशासन ने कैंची धाम में श्रद्धालुओं की आवाजाही को शटल सेवा के लिए योजना तैयार कर ली है। हल्द्वानी से भवाली तक 10 शटल प्वाइंट बनाए गए हैं, जहां 385 बसों व मैक्सी वाहनों से श्रद्धालुओं को कैंची धाम पहुंचाया जाएगा। पुलिस-प्रशासन के अनुसार कैंची धाम में 15 जून को होने वाले कार्यक्रम में चार से पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने के आसार हैं। ऐसे में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने और श्रद्धालुओं को सहूलितय देने के लिए पुलिस, प्रशासन, परिवहन विभाग व परिवहन निगम के अधिकारियों ने मिलकर रणनीति बनाई है।

पीएम मोदी के दर्शन करने से विश्व पटल पर छाया आदि कैलाश

देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंच रहे पर्यटक, ओम पर्वत और आदि कैलाश तक आसानी से पहुंच रहे वाहन

भूपेश कन्नौजिया, हल्द्वानी

अमृत विचार : कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जब से ब्रेक लगा है तब से आदि कैलाश और ओम पर्वत में पर्यटकों के आने का सिलसिला बढ़ गया है। हर दिन औसतन 150 से 250 श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां पहुंचने के बाद पूरे विश्व में इस जगह को नई पहचान मिली है। जिससे यह एक बेहद रमणीय, आध्यात्मिक धार्मिक स्थल के रुप में जाने जाना लगा है।

दिल्ली, मुंबई, गुजरात, उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु सहित कई स्थानों से शिव भक्त यहां पहुंच रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन भी पूर्व में सोशल मीडिया पर दर्शन की इच्छा जता चुके हैं। हिंदू पुराणों के अनुसार पांच कैलाशों में से एक आदि कैलाश है, जो उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले से सटी भारत-चीन सीमा पर स्थित है।

आदि कैलाश और ओम पर्वत दोनों ही व्यास घाटी का हिस्सा हैं। आदि कैलाश यात्रा सिर्फ धार्मिक यात्रा नहीं है। इस दौरान रास्ते में गुंजी, कुटी, नाभि जैसे सुंदर गांव पड़ते हैं। जहां भक्तों के ठहरने के लिए होम स्टे बने हैं। यात्रा के बीच प्रकृति के मनोरम दृश्य एक नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

पर्यटन के लिए मिलेंगे कई स्थल

आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन के लिए काठगोदाम रेलवे स्टेशन या पंतनगर हवाई अड्डे सबसे करीब हैं। जहां से आप अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, धारचूला से होकर वाया सड़क मार्ग यात्रा करते हैं। आप हल्द्वानी से वाया टनकपुर, चम्पावत होते हुए भी धारचूला पहुंच सकते हैं। यह सड़क मार्ग काफी अच्छा और सुगम है। आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा के दौरान आप शिव और पार्वती मंदिर, गौरीकुंड, पार्वती सरोवर, कुटी गांव, पांडव किला, पांडव पर्वत, पार्वती मुकुट, ओम पर्वत, नाभिढांग गांव, काली माता मंदिर, काला पानी, व्यास गुफा, शेष नाग पर्वत, गणेश पर्वत, गुंजी गांव, छियालेख से भी घूम सकते हैं।

ऐसे पहुंचें और ये करें तैयारी

आदि कैलाश यात्रा के लिए सबसे पहले इनर लाइन परमिट चाहिए, जो ऑनलाइन भी बना सकते हैं। इस लिंक पर जाकर https://pass.pithoragarh.online/ इसके लिए मेडिकल सर्टिफिकेट, पुलिस सत्यापन, एक फोटो और एफिडेविट चाहिए। ऑनलाइन फॉर्म सबमिट करने के बाद एसडीएम धारचूला द्वारा आपको निर्गत किया जाएगा। मेडिकल के साथ ओपीडी का पर्चा संलग्न करना अनिवार्य है। सेना के हर चेक पोस्ट पर इनर लाइन परमिट चेक होगा। लौटने पर अंतिम चेक पोस्ट पर परमिट जमा कर लिया जाएगा। पहले दिन आप धारचूला पहुंचे, यहां सस्ता होमस्टे अच्छे भोजन के साथ एक हजार रुपये से लेकर आपके बजट के अनुसार मिल जाएगा, आप पहले ही बुकिंग करवा लें तो बेहतर रहेगा।

एक नजर

अब्बास अंसारी की पैरोल खत्म कासगंज जेल लाया गया

कासगंज, अमृत विचार : मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की पैरोल खत्म हो गई है। गुरुवार शाम उसे कासगंज जिला जेल में शिफ्ट कर दिया गया। अब्बास अंसारी 9, 10 और 11 जून को परिवार के साथ रहा। वहां वह पिता की प्रार्थना सभा में शामिल हुआ था। अब्बास अंसारी मऊ से विधायक है। लगभग डेढ़ साल से कासगंज जेल में बंद है।

सांड ने किसान को जमीन पर पटका, मौत

कासगंज, अमृत विचार : ट्यूबवेल पर भाई को खाना देने जा रहे किसान को सांड़ ने दौड़ाने के बाद जमीन पर पटककर मार डाला। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। धनसिंहपुर निवासी सत्यपाल सिंह का गांव से करीब दो किलोमीटर दूरी पर ट्यूबवेल है। बुधवार शाम उन्हें उनके छोटे भाई जसवीर सिंह (50) खाना देने जा रहे थे। रास्ते में उन पर अचानक सांड़ ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने जसवीर को बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन सांड़ ने जसवीर को जान लेने के बाद छोड़ा।

130 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नोएडा : जनपद गौतमबुद्ध नगर के दादरी थाना पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक सूचना के आधार पर दो तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 130 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि बरामद गांजा की कीमत लगभग 22 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त एक कार भी बरामद की है। उन्होंने बताया कि पकड़े गये आरोपियों की पहचान दीपक कुमार तथा अजय भाटी के तौर पर गयी गयी है और दोनों राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के रहने वाले हैं। प्रवक्ता ने बताया कि उनके पास से पुलिस ने कार में रखकर ले जाए जा रहे 130 किलो गांजा बरामद किया है।

प्रधानाचार्य की नियुक्ति को लेकर बीएसए को भेजे गए अनुमोदन मामले पर हाई कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

30 दिनों बाद अनुमोदन स्वतः स्वीकार्य : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक प्रधानाचार्य की नियुक्ति के मामले पर विचार करते हुए कहा कि अगर बेसिक शिक्षा अधिकारी को अनुमोदन के लिए भेजे गए दस्तावेजों को 30 दिनों के भीतर अनुमोदित नहीं किया जाता है तो उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त बेसिक स्कूल नियमावली, 1978 के नियम 10 के अनुसार उन्हें अनुमोदित माना जाएगा।

कोर्ट ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त बेसिक स्कूल (जूनियर हाईस्कूल) (शिक्षकों की भर्ती एवं सेवा शर्तें) नियमावली के अनुसार बीएसए को या तो 30 दिनों की अवधि के भीतर अनुमोदन प्रदान करने के लिए उचित आदेश पारित करना होता है या अगर कोई त्रुटि हो तो उसे दूर करने के लिए दस्तावेज वापस भेजना होता है और अगर 30 दिनों की अवधि बीत जाने के बाद भी कोई सूचना संप्रेषित नहीं की जाती है तो नियमावली,1978 के नियम 10(5)(iii) के तहत यह माना जाता है कि अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। कोर्ट ने इसी न्यायालय के एक पूर्व आदेश पर भरोसा करते हुए कहा कि दस्तावेज प्रस्तुत करने की तिथि से 30 दिनों की अवधि बीत जाने पर अनुमोदन स्वतः स्वीकार्य हो जाता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति

▸▸ एक माह में अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापित करने का दिया निर्देश

पीयूष अग्रवाल ने कविता सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने याची के दावे के समर्थन में दाखिल अनुभव प्रमाण पत्र की प्रमाणिकता के बारे में मूल अभिलेख तलब किए और पाया कि याची द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजों पर हस्ताक्षर थे सिवाय अनुभव प्रमाण पत्र के। याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची के अनुभव प्रमाण पत्र में प्रबंधक द्वारा छेड़छाड़ की गई थी।

अंत में कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को एक महीने के भीतर अनुभव प्रमाण पत्र सत्यापित करने का निर्देश दिया और दस्तावेज वास्तविक पाए जाने की स्थिति में याची को प्रधानाचार्य के पद पर बने रहने की अनुमति प्रदान करने का भी आदेश दिया, साथ ही कोर्ट ने विभाग को याची के उसके मासिक वेतन और बकाया वेतन के भुगतान का भी निर्देश दिया। मालूम हो कि याची ने वर्ष 2016 में रामकली बालिका पूर्व माध्यमिक विद्यालय,प्रयागराज में प्रधानाध्यापिका के पद पर आवेदन किया, जिसके सापेक्ष याची सहित तीन अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। 2 जून 2017 को अनुमोदन हेतु बीएसए के पास पत्र भेजा गया। एक माह बीत जाने के बाद भी मामला लंबित रहा, लेकिन 25 जुलाई 2017 को नियुक्ति पत्र मिलने के बाद याची ने प्रधानाध्यापिका का पदभार ग्रहण किया।

हालांकि वेतन न मिलने पर उसने इसके खिलाफ एक रिट याचिका दाखिल की, जिसमें याची को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के समक्ष अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए एक अभ्यावेदन देने का निर्देश दिया गया। हालांकि अनुभव प्रमाण पत्र और बीएसए द्वारा निर्गत अनुमोदन पत्र रिकॉर्ड में न होने के आधार पर याची को अयोग्य घोषित करने का आदेश पारित किया गया, जिससे व्यथित होकर याची ने हाईकोर्ट के समक्ष वर्तमान याचिका दाखिल की।

संघ प्रमुख ने संगठन विस्तार पर की चर्चा

गोरखपुर, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को गोरखपुर में आयोजित कार्यकर्ता शिविर में संघ के विस्तार, राजनीतिक परिदृश्य और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। काशी, गोरखपुर, कानपुर और अवध क्षेत्र में संघ की जिम्मेदारी संभाल रहे संघ के करीब 280 स्वयंसेवक कार्यकर्ता विकास वर्ग में हिस्सा ले रहे हैं।

सूत्रों ने बताया कि भागवत 'एक-दो दिन' में गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। भागवत ने गुरुवार को शहर के चिउटाहा इलाके के

▸▸ एक-दो दिन में मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात कर सकते हैं भागवत

एसवीएम पब्लिक स्कूल में चल रहे संघ कार्यकर्ता विकास वर्ग शिविर में स्वयंसेवकों को गुरुमंत्र दिए। यह शिविर गत तीन जून से आयोजित हो रहा है। संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि संघ प्रमुख ने स्वयंसेवकों को संघ की शाखाओं की संख्या बढ़ाने और संगठन के विस्तार के सुझाव दिये। साथ ही संघ द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के विस्तार पर जोर दिया। आयोजन स्थल के अंदर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। केवल चुनिंदा स्वयंसेवकों को ही आयोजन स्थल में प्रवेश की अनुमति है।

भ्रष्टाचार के खिलाफ चार महीने से धरना दे रहे बुजुर्ग की मौत

मथुरा, एजेंसी

जिले में सरकारी विभागों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने घर के पास एक मंदिर में पिछले चार महीने से धरने पर बैठे एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।

मांट तहसील के उप जिलाधिकारी आदेश कुमार ने गुरुवार को बताया कि पिछले चार महीने से अपने घर के पास स्थित एक मंदिर में धरने पर बैठे शंकरगढ़ी गांव निवासी देवकीनंदन शर्मा (66) की विगत 11 जून की शाम को तबीयत अचानक बिगड़ गई। कुमार ने बताया कि उन्हें पास के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया लेकिन हालत खराब होने पर

देवकीनंदन शर्मा (फाइल)

▸▸ सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ लंबे समय से लड़ रहे थे लड़ाई

उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां ले जाते वक्त रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। परिजन के मुताबिक देवकीनंदन पंचायती राज तथा अन्य सरकारी विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में पिछले चार महीने से धरना-प्रदर्शन कर रहे थे।

उप जिलाधिकारी आदेश कुमार ने बताया कि तहसील कर्मचारियों को देवकीनंदन शर्मा (66) को धरना समाप्त करने के लिए मनाने के मकसद से कई बार भेजा गया लेकिन वह नहीं माने।

उन्होंने कहा कि मेरे बार-बार अनुरोध पर पहले, 10 जून को वह अपना धरना समाप्त करने के लिए सहमत हुए मगर साथी ग्रामीणों से परामर्श करने के बाद उन्होंने अपना निर्णय बदल दिया। अधिकारियों के मुताबिक जब शर्मा को मनाने के प्रयास 10 जून को विफल हो गए, तो उनके घर पर कानूनी कार्रवाई के लिए एक वैकल्पिक नोटिस चिपका दिया गया था। हालांकि, मृतक देवकीनंदन के भाई ब्रजेंद्र ने आरोप लगाया कि पंचायत सहित सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रहे उनके भाई का अनशन समाप्त कराने के लिए तहसील प्रशासन ने कोई प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनके भाई पिछले चार महीने से अपने घर के सामने एक मंदिर में उपवास पर थे। वह केवल पानी या कुछ ग्लूकोज मिश्रित पानी ले रहे थे। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए मृतक के बारे में विस्तृत जानकारी ली जा रही है। गौरतलब है कि शर्मा पिछले 13 वर्षों से लगातार शिकायतें भेज रहे थे। दर्जनों बार धरना, अनशन, पद यात्रा की, मगर अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके उलट अधिकारियों ने शिकायतों पर गलत आख्या लगाकर रफा-दफा कर दिया। समस्याओं को लेकर ही वह आमरण अनशन पर बैठे थे।

आपराधिक पुनरीक्षण का निस्तारण अभियुक्त का पक्ष सुनने के बाद ही करें

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पुनरीक्षण न्यायालय द्वारा आपराधिक पुनरीक्षण को खारिज करने के मामले में विशेष टिप्पणी की है। कोर्ट ने में कहा कि जब कोई प्रतिकूल आदेश किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रभावित करता है तो केवल एक दोषी होने के कारण इस न्यायालय द्वारा निर्धारित तरीके से उसे उचित उपचार से वंचित नहीं किया जा सकता है, क्योंकि पुनरीक्षण याचिका पर विचार किए बिना आदेश पारित करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद 141 के प्रावधानों का उल्लंघन होगा।

कानून स्पष्ट रूप से अपीलीय न्यायालय से अपील का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर करने की अपेक्षा करता है, ना कि केवल तर्क

और साक्ष्यों के आधार पर। कोर्ट ने आगे सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 385 और 386 स्पष्ट करती है कि अपीलीय न्यायालय को रिकॉर्ड प्राप्त होने के बाद अभियुक्त या उसके अधिवक्ता को सुनने के बाद ही अपील का निस्तारण करना चाहिए।

कानून में चूक या गैर-अभियोजन के लिए अपील को खारिज करने की परिकल्पना नहीं की गई है बल्कि अभिलेखों के अवलोकन के पश्चात योग्यता के आधार पर याचिकाओं पर

▸▸ प्रतिकूल आदेश किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को प्रभावित करता : हाई कोर्ट

▸▸ अपर सत्र न्यायाधीश की ओर से पारित पुनरीक्षण आदेश को पुनर्विचार के लिए भेजा

फैसला लेने की बात कही गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी ने अमन सिन्हा की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक कोर्ट, बरेली द्वारा डिफॉल्ट में आपराधिक पुनरीक्षण को खारिज करने वाला 3 मार्च 2024 को पारित आक्षेपित आदेश सुप्रीम कोर्ट द्वारा निर्धारित कानून के खिलाफ है। अतः मामले पर पुनर्विचार कर नए सिरे से आदेश पारित करने के लिए मामले को पुनरीक्षण न्यायालय के पास वापस भेज दिया गया।

साजिश के तहत बेटियों को किया जा रहा गुमराह : तौकीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : आईएमसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा खान ने कहा कि एक साजिश के तहत हमारी बेटियों को बहला फुसलाकर गुमराह किया जा रहा है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी है कि हम बच्चियों का ख्याल रखें। उन्हें सही रास्ते बताएं और दुनियावी तालीम के साथ दीन की शिक्षा भी जरूर दिलाएं। वह गुरुवार को आवास पर आयोजित पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि बुराइयों से दूर रह कर तालीम पर ध्यान देना

▸▸ बच्चियों को दुनियावी तालीम के साथ दीन की शिक्षा भी जरूर दिलाएं माता-पिता

और आपसी इत्तेहाद से मुल्क और मिल्लत के लिए काम करना ही मुसलमानों के बेहतरी का रास्ता है। मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने बताया कि इन दिनों संगठन को विस्तार देने का कार्य चल रहा है। इस दौरान खानखाहे तहसीनिया के प्रबंधक शुएब रजा खान को आईएमसी युवा प्रदेश अध्यक्ष, मो. मोहसिन को जिला महासचिव, जाहिद कुरैशी को महासचिव, शबान खान वारसी को यूथ महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।

दूल्हे को नशे में गाली-गलौज करते देख दुल्हन ने किया शादी से इनकार

भदोही, एजेंसी

जिले में जौनपुर जिले से आई एक बारात में दूल्हा को शराब के नशे में गाली-गलौज करते और गांजा फूंकते देख दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। युवती के इस कदम के बाद कन्या पक्ष के लोगों ने दूल्हा, उसके पिता और दादा को बंधक बना लिया।

पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि शहर कोतवाली इलाके फत्तूपुर क्षेत्र की शीला देवी की बेटी पिंकी की शादी जौनपुर जिले के जयरामपुर के तहसीलदार गौतम से तय थी। सूत्रों के मुताबिक

▸▸ कन्या पक्ष ने दूल्हे, उसके पिता और दादा को बंधक बनाया

बुधवार रात बारात पहुंची तो दूल्हा शराब के नशे में था और कथित रूप से मंच पर गाली-गलौज कर रहा था। सूत्रों का कहना है कि दुल्हन की मां शीला देवी के मुताबिक यह देखकर कुछ लोग मंच के पास पहुंचे तो दूल्हा उतरकर नीचे चला गया और मंच के पीछे कुछ बैंड-बाजे वालों के साथ गांजा फूंकता दिखाई दिया। वधू पक्ष के लोगों ने जब इसका विरोध किया तो दूल्हा मंच पर आकर गांजा पीने लगा। इससे नाराज दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक इसे लेकर रात भर हंगामा होता रहा। इसी बीच ज्यादातर बाराती मौके से भाग गए और कन्या पक्ष के लोगों ने दूल्हे तहसीलदार गौतम उसके पिता जयप्रकाश और दादा मेवा लाल को बंधक बना लिया तथा उनसे शादी में खर्च हुए आठ लाख वापस देने की मांग करने लगे। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गुरुवार को दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया। उनके अनुसार पुलिस ने वर पक्ष द्वारा कन्या पक्ष को शादी के खर्च के तौर पर दो लाख रुपये वापस करवाये।

मायावती के खिलाफ अभद्र टिप्पणी मामले में केआरके पर रिपोर्ट

सहारनपुर, एजेंसी

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती को लेकर कथित रूप से अभद्र टिप्पणी करने के मामले में फिल्म अभिनेता कमाल राशिद खान उर्फ केआरके के खिलाफ देवबंद थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी।

कमाल खान मूल रूप से सहारनपुर जिले में थाना देवबंद के अंतर्गत ग्राम फुलास अकबरपुर के निवासी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कथित अभद्र टिप्पणी की थी। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि कमाल राशिद खान के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उनके ऊपर यह मुकदमा बसपा नेता एवं पार्टी के देवबंद विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुशील कुमार ने दर्ज कराया है।

कमाल आर खान की इस टिप्पणी के बाद बसपा सुप्रीमो के आदेश पर उनके भाई और सहारनपुर लोकसभा सीट से बसपा प्रत्याशी रहे माजिद अली को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

▸▸ फिल्म अभिनेता का भाई बसपा से निष्कासित किया गया

▸▸ टिप्पणी से अनुसूचित समाज में भारी आक्रोश

सुशील कुमार द्वारा थाने में दी गई तहरीर में कहा गया कि बसपा प्रमुख पर की गयी टिप्पणी से बहुजन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। तहरीर में कहा गया कि दलित समाज बहनजी (मायावती) का दिल से सम्मान और आदर करता है, लेकिन कमाल राशिद खान ने एक्स पर बहनजी पर अभद्र टिप्पणी करके दलित समाज को अपमानित किया है। गौरतलब है कि सहारनपुर से 2024 के लोकसभा चुनाव में कमाल के भाई माजिद अली ने बसपा के टिकट पर चुनाव लड़ा था और वह चुनाव में हार गये। इस संबंध में माजिद अली ने कहा था कि उनका कमाल से पिछले 15 वर्ष से कोई रिश्ता नहीं है, वहीं कमाल ने भी एक और पोस्ट लिख कर कहा कि सहारनपुर में मायावती की पार्टी के कुछ छोटे-मोटे नेता हैं जो मुझे अपना भाई या रिश्तेदार बताकर प्रचार पाने की कोशिश कर रहे हैं।

गौरतलब है कि अपने विवादास्पद बयानों को लेकर कमाल आर खान हमेशा सुर्खियों में बने रहते हैं। माजिद अली की पत्नी बसपा के टिकट पर सहारनपुर जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं।

वर्ग पहेली-100

बाएं से दाएं

2. मुकुट के आकार की एक प्रकार की तिकोनी टोपी जो किसी समय मुसलमान फ़कीर पहना करते थे।
4. लालच, लोभ।
5. 1. निगलने की क्रिया या भाव 2. निगलना।
7. दे. पंचमेल।
8. 1. घिसने

ऊपर से नीचे

1. 1. कीचड़, फिसलन 2. भीड़-भाड़ 3. उलझन, दुविधा 4. व्यर्थ का विवाद।
3. 1. जो किसी तीव्र मनोविकार के कारण ज्ञान या विवेक खो बैठा हो, जिसकी दिमागी हालत ठीक न हो, बावला, विक्षिप्त, सनकी 2. प्रेम या क्रोध में आपे से बाहर व्यक्ति, दीवाना 3. बहुत मूर्ख।
5. 1. गीला और नरम, आर्द्र और कोमल 2. करुणा
6. 1. कामवासना संबंधी 2. भौतिक या शारीरिक।
7. स्नान, सिंचाई, छिड़काव।



वर्ग पहेली -99 का हल

1 जी				2 अ		
वि		3 द	4 ब	का	ना	
त		ग		ड़ी		
	5 ब	6 त	र	स		7 ख
8 झ	ड़	क	ना		9 मौ	न
		री				ख
10 ऐ	ल	ब	म		11 था	ना

सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	2		8			4		6
	4		7				3	
1			2	6	4			7
4	7			5				8
6				9			2	1
5			3	7	1			9
	3				2		5	
2		8			6		7	

सुडोकू - 12 का हल

8	5	2	6	4	1	9	7	3
9	4	1	3	8	7	6	5	2
6	7	3	5	2	9	1	8	4
2	6	5	9	1	4	7	3	8
4	1	7	8	3	5	2	9	6
3	8	9	7	6	2	4	1	5
1	3	8	4	7	6	5	2	9
5	2	4	1	9	8	3	6	7
7	9	6	2	5	3	8	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जून शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 15 जून 12.03 तक तत्पश्चात नवमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी पूर्ण रात्रि तक।

मेष — आज पिता की सेहत की चिंता हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर नियंत्रण रखना जरूरी होगा। संपत्ति विवादों को टालने का प्रयास करें। सरकारी कार्यों में आपको कुछ असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा।

वृष — आज संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है। स्वजनों से मतभेद उभर सकते हैं। आपको अड़ियल रवैया अपनाने से बचना चाहिए।

मिथुन — आज दिन की शुरुआत अच्छी रहेगी, किंतु स्वास्थ्य को लेकर कष्ट हो सकता है। अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। वैवाहिक जीवन में तालमेल बनाकर रखें। अपने काम की जिम्मेदारी दूसरों पर न डालें।

कर्क — आज व्यवसाय में आय वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। भाई-बहनों के माध्यम से आपको लाभ प्राप्त होगा। आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। आपके रुके हुए काम गति में आ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

सिंह — आज नए काम को लेकर आप उत्साहित रहेंगे। विवादित मामलों का समाधान निकालने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक कार्यक्रमों में व्यस्त रहेंगे जिससे कारण सामाजिक लोगों से आपके संबंध घनिष्ठ होंगे।

कन्या — आज आपको अनुभवी लोगों की सलाह से काफी लाभ हो सकता है। आपको अपने सम्मान की चिंता रहेगी। वैवाहिक जीवन को लेकर तनाव हो सकता है,लेकिन दोपहर के बाद आप समझदारी पूर्वक इन समस्याओं का समाधान प्राप्त कर लेंगे।

तुला — आज लोग आपको धोखा देने का प्रयास कर सकते हैं। नए कार्यों को लेकर जल्दबाजी न करें। आपको सावधानी पूर्वक परिस्थितियों का आकलन करना चाहिए। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे, लेकिन इसके बावजूद आपके मन में एक अजीब सा अज्ञात भय भी हो सकता है।

वृश्चिक — आज आपकी परिस्थितियां काफी अनुकूल रहने वाली हैं। शेयर मार्केट में निवेश कर सकते हैं। मित्रों से उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। सामाजिक कार्यक्रमों में आप अपनी सहभागिता बढ़ा सकते हैं। पारिवारिक जीवन में प्रसन्नता रहेगी।

धनु — आज पारिवारिक व्यवसाय में आप कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। शत्रुओं के ऊपर आपको विजय मिलेगी। राजनीतिक लोगों के लिए दिन अच्छा है। जॉब में अचानक पदोन्नति के योग बन रहे हैं।

मकर — आज वैवाहिक जीवन में असंतोष बढ़ सकता है। आप अपने विचारों को थोपने से बचें। संभव है कि कुछ समय पश्चात आप स्वयं अपनी ही बातों से सहमति न रखें। आपके मन में किसी पुरानी बात को लेकर चिंता रहेगी। संतान को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं।

कुंभ — आज वैवाहिक जीवन में तनाव हो सकता है। शाम को मन कुछ उदास रहेगा। अपने काम के प्रति मन में नकारात्मक भाव जाग सकता है। सुबह आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। कार्यक्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण अति आत्मविश्वास में गलतियां कर सकते हैं।

मीन — आज आप अपने ऊपर बड़ी जिम्मेदारी ले सकते हैं जिसका कुछ दबाव भी आपको देखने को मिलेगा। शाम के समय आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब को लेकर आप कुछ यात्रा कर सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षा रखेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — सुबह : 10.46
मजाल — रात : 07.00
रोड साइड राउडी — सुबह : 11.31
वेलकम बैक — शाम : 05.13

SONY PIX
द डार्क नाईट राइसेस — सुबह : 10.44
रैमपेज — रात : 09.00

&pictures

ZEE CINEMA
गुमनाम — सुबह : 09.30
आरआरआर — रात : 08.00

colors CINEPLEX
महा चोर — सुबह : 08.35
जुग जुग जियो — शाम : 05.58

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

दो नाली के कीड़े खाते समय आपस में बाते कर रहे थे।
एक कीड़ा- यह सामने वाला होटल कितना साफ है। हर चीज शीशे की तरह चमकती है।
दूसरा कीड़ा-मेहरबानी करो यार, कम-से-कम खाना खाते समय तो ऐसी घिनौनी बाते मत किया करो।

लड़के वाले- आपकी लड़की क्या करती है?
लड़की वाले- जी, इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट का काम करती है।
लड़के वाले- समझे नहीं।
लड़की वाले- गूगल से शायरियां उठाती है और वॉट्सऐप पर चिपकाती है।

बाजार	सेंसेक्स ↑	निफ्टी ↑
बंद हुआ	76,810.90	23,398.90
बढ़त	204.33	75.95
प्रतिशत में	0.27	0.33

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, शुक्रवार, 14 जून 2024

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 960 फ्लैग 1070 डीएमओ 845 बोल्ड 1130, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 930 फ्लैग 1065 बोल्ड 1105 डीएमओ 850।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कर दरें कम करने, आधार बढ़ाने की जरूरत

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर विशेषज्ञों ने दी सलाह

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है।

उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया। ईवाई इंडिया के वरिष्ठ साझेदार सुधीर कपाड़िया ने कहा-पारंपरिक उच्च कर दरों के परिणामस्वरूप महत्वपूर्ण कर उछाल नहीं आया है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए भारत में 1991 के बाद से सरकारों ने स्पष्ट रूप से मध्यम कर दरों की वकालत की है जिससे अधिक पारदर्शिता तथा अनुपालन को बढ़ावा मिलता है।

थॉट आर्बिट्रेज रिसर्च इंस्टिट्यूट के निदेशक कौशिक दत्ता ने 'थिंक चेंज फोरम' द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी में कहा कि भारत का कर-सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) अनुपात एक संपन्न असंगठित क्षेत्र की उपस्थिति से प्रभावित है, जो अब भी अर्थव्यवस्था में 30 से 35 प्रतिशत का योगदान देता है। दत्ता ने कहा कि सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे।

भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में

सेंटर फॉर डेवलपमेंट इकनॉमिक्स के पुलिन बी. नायक ने कहा-भारत अब भी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं के समूह में है। प्रति व्यक्ति आय कम होने के कारण आयकरदाता कम हैं। कर की दरें बहुत अधिक रखना भी एक अनुचित विचार है क्योंकि इससे कर चोरी को बढ़ावा मिलेगा। नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी। थिंक चेंज फोरम के महासचिव रंगनाथ तन्निर ने भी इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कराधान में सुधार समय की मांग है। सरकार को जल्द से जल्द कर की दरें कम करने और करदाताओं का आधार बढ़ाने पर विचार करना चाहिए।

भारत एशिया-प्रशांत क्षेत्र में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा

नई दिल्ली। रेटिंग एजेंसी मूडीज ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा और पिछले साल की घरेलू स्तर पर जारी रफ्तार को बनाए रखेगा। मूडीज रेटिंग्स ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए दूसरी छमाही के साख परिदृश्य पर जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इंडोनेशिया, फिलिपीन और भारत 2024 की पहली छमाही में वृद्धि के मामले में सबसे आगे रहेंगे। ये देश बढ़ते निर्यात, स्थानीय मांग एवं बुनियादी ढांचे पर सरकारी व्यय के दम पर कोविड-पूर्व वृद्धि आंकड़ों से बेहतर प्रदर्शन करना जारी रखेंगे। रेटिंग एजेंसी ने कहा, ''भारत घरेलू स्तर पर जारी रफ्तार को पिछले साल की तरह बरकरार रखते हुए क्षेत्र की सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार आयात शुल्क में नहीं होगा बदलाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा-बदलाव का नहीं है इरादा

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और यदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है। उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी।

बयान में कहा गया है कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा। रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,500
गिन्नी (प्रति नग)	54,800-55,000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,850
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,700
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	71,500
सोना जेवरात गिन्नी	70,500
चांदी पक्की	876 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	71,400
चांदी आभूषण	89,750।

एनसीएलटी ने दिवालियापन पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया 60 दिन का समय

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) ने बंद हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट को दिवाला प्रक्रिया पूरी करने के लिए 60 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। यह कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) को पूरा करने के लिए गो फर्स्ट को दिया गया चौथा विस्तार हैं।

कंपनी खरीदार खोजने के लिए संघर्ष कर रही है। इससे पहले दिवाला अधिकरण ने आठ अप्रैल को 60 दिन का विस्तार दिया था जो तीन जून 2024 को समाप्त हो गया था। गो फर्स्ट को अब तीन अगस्त 2024 तक की मोहलत दी गई है। दिल्ली स्थित एनसीएलटी पीठ ने विस्तार देते हुए कहा-यह अंतिम विस्तार है। दो सदस्यीय पीठ ने विस्तार की मांग करने पर समाधान पेशेवर को भी कड़ी फटकार लगाई। 'रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल' (आरपी) की ओर से पेश हुए वकील ने अधिकरण को सूचित किया कि वे यह विस्तार दिल्ली उच्च न्यायालय के उस फैसले के बाद उत्पन्न असाधारण स्थिति के कारण मांग रहे हैं, जिसमें डीजीसीए को उसके सभी 54 विमान का पंजीकरण रद करने को कहा गया था।

सोने के दाम में 50 और चांदी में 550 रुपये की आई गिरावट

नई दिल्ली। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलो रह गई। पिछले सत्र में यह 91,500 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा-दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमतें 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर हैं।

बाजार में सेंसेक्स-निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

मुंबई, एजेंसी

- खरीदारी की बदौलत सेंसेक्स 204 और निफ्टी 75 अंक उछला

विश्व बाजार के नकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, इंडस्ट्रियल्स और आईटी समेत पंद्रह समूहों में हुई खरीदारी की बदौलत आज शेयर बाजार एक बार फिर ऊंचाई के नए शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 204.33 अंक उछलकर एक बार फिर 76,810.90 अंक के नए शिखर पर रहा। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 75.95 अंक चढ़कर 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.79 प्रतिशत की छलांग लगाकर 45,521.86 अंक स्मॉलकैप 0.89 प्रतिशत मजबूत होकर 50,678.94 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3984 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2345 में लिवाली जबकि 1539 में बिकवाली हुई वहीं 100 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 35 कंपनियां हरे जबकि 15 लाल निशान पर बंद हुईं।

बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बढ़ गया बाजार पूंजीकरण

नई दिल्ली। बीएसई सेंसेक्स बृहस्पतिवार को सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। इससे बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का सामूहिक बाजार पूंजीकरण (एमकैप) भी 431.67 लाख करोड़ रुपये के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया। दो दिनों में निवेशकों की संपति में 4.72 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

राष्ट्रीय

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 4 आतंकियों के जारी किए स्केच

डोडा आतंकी हमला: गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा

ब्यूरो, जम्मू

अमृत विचार: जम्मू-कश्मीर पुलिस ने डोडा जिले में दो हमलों में शामिल 4 आतंकियों के स्केच जारी किए और उनकी गिरफ्तारी में मददगार सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की।

गौरतलब है कि मंगलवार को भद्रवाह के चत्तरगल्ला में 4 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर आतंकियों ने गोलीबारी की, जबकि बुधवार को जिले के गंडोह इलाके में तलाशी दल पर हमला किया गया, जिसमें एक पुलिसकर्मी समेत सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। पुलिस प्रवक्ता ने कहा-जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चार आतंकियों के स्केच जारी किए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे भद्रवाह, थाथरी, गंडोह के ऊपरी इलाकों में हैं और आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक आतंकी के बारे में सूचना देने वाले को 5 लाख रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की गई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस लोगों से इन आतंकियों की मौजूदगी और आवाजाही के बारे में सूचना देने की अपील करती है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने रियासी जिले में यात्री बस पर हमले में शामिल एक आतंकवादी का स्केच जारी किया और उसके बारे में सूचना देने वाले को 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है।

आतंकियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान जारी

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में हाल ही में हुए हमलों में शामिल आतंकवादियों का पता लगाने के लिए विभिन्न जिलों के वन क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक महिला ने दो व्यक्तियों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ मिलकर जम्मू के बाहरी इलाके नरवाल बाईपास क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस संबंध में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। पिछले चार दिन में आतंकवादियों ने रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार जगहों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी समेत कई अन्य घायल हो गए।

रियासी बस हमले के 50 संदिग्ध हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पर नौ जून को हुए आतंकवादी हमले के सिलसिले में पुलिस ने 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि कांडा इलाके में गहन पुलिस जांच में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनके अधार पर संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। जांच से उन लोगों की पहचान और गिरफ्तारी में मदद मिली है, जो हमले की साजिश रचने में संभावित रूप से शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने गहन जांच के बाद छिपे हुए आतंकवादियों को बाहर निकालने के लिए दूर-दराज के सुदूर इलाकों में अपनी तलाशी बढ़ा दी है। ज्ञातव्य है कि बस पर हमला पौनी के कांडा इलाके में हुआ था, जिसमें 10 लोग मारे गये थे और 33 घायल हुए थे। प्रवक्ता ने कहा-व्यापक जांच सुनिश्चित करने के लिए अरनास और माहोर के दूर-दराज के इलाकों तक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य और सबूतों को उजागर करना तथा उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन दूरदराज के इलाकों में छिपे हो सकते हैं। कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियां अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने और क्षेत्र के सभी निवासियों तथा आगंतुकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

जम्मू-कश्मीर के रामबन में सीआरपीएफ की बस में लगी आग

रामबन/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस में तकनीकी खराबी के कारण आग लग गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बस श्रीनगर से जम्मू जा रही थी और इसमें सवार जवान सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सीआरपीएफ के काफिले की बस में दोपहर को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी चश्मा के निकट आग लग गई। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और कोई हताहत नहीं हुआ है। वाहन को थोड़ा बहुत नुकसान हुआ है। रामबन के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) विजय कोतवाल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग इंजन की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी।

नागपुर के निकट कारखाने में हुए विस्फोट में छह लोगों की मौत

नागपुर के पास एक विस्फोटक-निर्माण फैक्ट्री में विस्फोट के बाद एक घायल को एंबुलेंस से अस्पताल ले जाते लोग। ● एजेंसी

नागपुर, एजेंसी

- विस्फोटक कारखाने में दोपहर में हुई घटना, तीन लोग घायल

महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह श्रमिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर एक बजे हुई। नागपुर के पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने बताया कि कुल नौ घायलों को शहर के दो निजी अस्पतालों में लाया गया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि इनमें से पांच महिलाओं और एक पुरुष की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि जिस समय विस्फोट हुआ तब ज्यादातर श्रमिक विस्फोटक सामग्री पैक कर रहे थे। उन्होंने बताया कि जांच जारी है। केंद्रीय मंत्री और नागपुर के सांसद नितिन गडकरी ने हादसे पर संवेदना व्यक्त की। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा कि भाजपा नेता ने स्थानीय पार्टी कार्यकर्ताओं से यहां शाम को आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को रद्द करने की भी अपील की है। यह कार्यक्रम लोकसभा चुनावों के बाद गडकरी के फिर से केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री के रूप में शपथ लेने पर शहर में उनके स्वागत के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने दावा किया कि विस्फोट के बाद से कारखाने के मालिक और प्रबंधक लापता हैं। उन्होंने कहा-उनके समर्थकों ने पीड़ितों के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की।

एक नजर

दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में एक दुकान में लगी आग

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के चांदनी चौक इलाके में बृहस्पतिवार को एक दुकान में आग लग गयी, लेकिन उसमें कोई जनहानि नहीं हुई है। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने कहा कि शाम पांच बजे चांदनी चौक इलाके से आग लग जाने के बारे में एक कॉल आयी। चांदनी चौक में नयी सड़क क्षेत्र के मारवाड़ी कटरा में आग लग गई थी। उन्होंने कहा कि 14 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गई हैं।

आतंकवादी के मददगार का मकान कुर्क

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को आतंकवादियों के मददगार एक व्यक्ति के दो मंजिला मकान को कुर्क कर दिया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिले में गडोले इलाके के लोहार सेन्जी में स्थित रियाज अहमद भट के मकान पर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत संभागीय आयुक्त कश्मीर के आदेश पर यह कार्रवाई की।

शिक्षा और रोजगार देने में ट्रांसजेंडर को जाति से परे विशेष श्रेणी में रखें

चेन्नई, एजेंसी

- मद्रास उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए की टिप्पणी
- कहा-सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे

मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए।

न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे। सरकार सभी राज्य भर्ती एजेंसियों को निर्देश दे कि वे ट्रांसजेंडर को एक विशेष श्रेणी के रूप में निर्दिष्ट करें और उनके कट-ऑफ अंक के लिए अलग मानदंड निर्धारित करें। भविष्य में रोजगार के अवसरों और शिक्षण संस्थानों में अन्य विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो।

न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ट्रांसजेंडर को पुरुष या महिला श्रेणी में नहीं माना जाएगा। अदालत ने ट्रांसजेंडर आर अनुश्री की याचिका को स्वीकार कर लिया। उन्हें 2017-18 के लिए संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता ने योग्य कट-ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, इसलिए तमिलनाडु लोक सेवा आयोग याचिकाकर्ता को सत्यापन के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दे। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति की महिला श्रेणी में रखा गया था और तमिलनाडु लोक सेवा आयोग (टीएनपीएससी) ने उसे सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति नहीं दी थी, क्योंकि उसने अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए निर्धारित कट-ऑफ से कम अंक प्राप्त किए थे।

पेमा खांडू बने तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री

इटानगर, एजेंसी

भाजपा के नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

सीमावर्ती जिले तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध विधायक निर्वाचित हुए खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह टीम राज्य का विकास और भी तेज गति से करना सुनिश्चित करेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा-अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू को बधाई।

हरियाणा में नाबालिग छात्रा के साथ चार सहपाठियों ने किया सामूहिक दुष्कर्म

जींद। हरियाणा के जींद जिले में एक होटल में नाबालिग छात्रा के साथ उसके चार सहपाठियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो बना कर वायरल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपित छात्रा को जन्मदिन की पार्टी देने के बहाने उसके सहपाठी उसे होटल में ले गए थे। महिला थाना पुलिस ने पीडिता के पिता की शिकायत पर चारों आरोपित छात्रों -शुभम, रजत, शिवम, दर्पण - के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने, बंधक बनाने की धाराओं के अधीन मामला दर्ज किया है।

सिर ढकने की अनुमति मिलने पर भी शिक्षिका का संस्थान में लौटने से इनकार

कोलकाता, एजेंसी

बंगाल हिजाब विवाद

- शिक्षिका ने कॉलेज प्रबंधन को ईमेल भेजकर बता दिया अपना फैसला

कोलकाता के निजी विधि कॉलेज की उस शिक्षिका ने बृहस्पतिवार को संस्थान में काम पर लौटने से मना कर दिया जिसे हिजाब पहनने की वजह से कथित रूप से कक्षाएं लेने से मना कर दिया गया था, लेकिन बाद में दुपट्टे से सिर ढकने की इजाजत दे दी गई थी। जवाब में, कॉलेज ने कहा कि वह उनके निर्णय का सम्मान करता है।

शिक्षिका संजीदा कादर ने कहा कि वह पुनः कार्यभार ग्रहण नहीं करेंगी तथा उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को ईमेल भेजकर अपना फैसला बता दिया है। एलजेडी लॉ कॉलेज, टॉलीगंज के प्रबंधन ने 10 जून को उन्हें भेजे अंतिम मेल में कहा कि वह संकायों के लिए निर्धारित ड्रेस कोड का पालन करते हुए अपनी सामान्य ड्यूटी पर फिर से आ सकती हैं और अपनी कक्षाओं के दौरान, वह (सिर ढकने के लिए) दुपट्टे को स्कार्फ के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। कादर ने प्रबंधन को अपना निर्णय बताने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था। उन्होंने ने बृहस्पतिवार को प्रबंधन को भेजे मेल में कहा-आपके आदेश पर सावधानीपूर्वक विचार किया और फैसला किया है कि मैं आपके संस्थान में दोबारा काम नहीं करूंगी। इसके बजाय नए अवसरों की तलाश करूंगी। उन्होंने बताया कि स्थिति उनके लिए सहज नहीं होगी।

जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को दिया एक महीने का समय

छत्रपति संभाजीनगर। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने छह दिन पहले आरक्षण के मुद्दे पर शुरू किया अपना अनिश्चितकालीन अनशन बृहस्पतिवार को निलंबित कर दिया और समुदाय की मांगों को स्वीकार करने के लिए महाराष्ट्र सरकार को एक महीने का समय दिया। उन्होंने यह घोषणा उस समय की जब महाराष्ट्र के मंत्री और मराठा आरक्षण उप-समिति के सदस्य शंभूराज देसाई, शिवसेना सांसद सांदीपन भुमरे ने जालना जिले में उनके पैतृक गांव अंतरवाली सरती में उनसे मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की। इससे पहले राज्य के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने भी अंतरवाली सरती में जरांगे से मुलाकात की। धरना स्थल पर जरांगे ने कहा कि हम मराठा समुदाय की मांगों को पूरा करने के लिए सरकार को एक महीने का समय दे रहे हैं।

- मनोज ने अपना अनशन निलंबित किया

सुपर आठ में जाने के लिए पीएनजी से भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

टरूबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

अफगानिस्तान की टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में अनुभवहीन पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश जीत के साथ सुपर आठ का टिकट पक्का करने की होगी। अफगानिस्तान अगर यह मैच जीतने में सफल रहा तो वह सुपर आठ में पहुंच जाएगा जिसका मतलब होगा की 2021 की उपविजेता न्यूजीलैंड की टीम विश्व कप के ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाएगी।

इस ग्रुप से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को न्यूजीलैंड पर जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। रहमानुल्लाह गुरबाज (156 रन) और फजलहक फारूकी (नौ विकेट) वर्तमान में क्रमशः सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज और विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में सबसे आगे है। गुरबाज के अलावा युवा गेंदबाज इब्राहिम जादरान ने भी अफगानिस्तान के लिए बल्ले से प्रभावी योगदान दिया है। उन्होंने 70 के उच्चतम स्कोर के साथ 114 रन बनाए। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज फारूकी ने कप्तान राशिद खान के साथ अच्छा संयोजन बनाया है। राशिद अब तक दो मैचों में छह विकेट ले चुके हैं। पीएनजी को अफगानिस्तान को खिलाफ उलटफेर करने के लिए अपने प्रदर्शन के स्तर को काफी ऊंचा करना होगा। मैच भारतीय समयानुसार सुबह छह बजे से होगा।

अमेरिका और आयरलैंड के मुकाबले पर टिकी है पाकिस्तान की आस

फ्लोरिडा, एजेंसी

घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली अमेरिका की टीम शुक्रवार को आईसीसी टी-20 विश्व कप के ग्रुप ए के अहम मुकाबले में आयरलैंड का सामना करेगी तब इस मैच के परिणाम पर पाकिस्तान की भी नजर होगी।

अमेरिका के तीन मैचों में चार अंक है और इस मुकाबले के जीतकर उसके पास सुपर आठ में पहुंचने का सुनहरा मौका है। इससे 2009 की चैंपियन पाकिस्तान की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। पाकिस्तान को हराने के बाद भारत को कड़ी टक्कर देने वाले अमेरिका के लिए हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि आयरलैंड की टीम में कई अनुभवी खिलाड़ी हैं। यह टीम शुरुआती दो मैचों में मिली हार को पीछे छोड़कर जीत की राह पर लौटने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगी। आयरलैंड के बल्लेबाजों ने भारत और फिर कनाडा के खिलाफ न्यूयॉर्क में काफी खराब बल्लेबाजी की है। अमेरिका के लिए नियमित कप्तान मोनाक पटेल की वापसी राहत की बात होगी। इस मैच पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है और मैच रद होने पर पाकिस्तान की टीम सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। इस स्थिति में अमेरिका के पांच अंक हो जाएंगे और पाकिस्तान अधिकतम चार अंक तक ही पहुंच पाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

ध्वस्त हो जाएगा नासाउ स्टेडियम

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- 100 दिनों में ड्रॉप-इन पिचों के साथ तैयार हुआ था स्टेडियम, कई खिलाड़ी हुआ घायल
- टी-20 विश्वकप में रोमांचक मैचों का बना गवाह, छोटे स्कोर पर सिमटी हैं कई टीमें

टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किये गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था 12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा। स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा। इस स्टेडियम की क्षमता क्षमता 34,000 दर्शकों की थी और नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के अहम मुकाबले के दौरान यह खचाखच भरा हुआ था। इस मैच के टिकट 2500 डॉलर से 10,000 डॉलर की भारी कीमत पर बेचे गए थे। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच सहित इस मैदान पर कुल चार मैच खेले।

खेल डायरी

विल्सन बने चेन्नईयिन एफसी के सहायक कोच

चेन्नई। पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग के 2024-25 सत्र से पहले भारत के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नोएल विल्सन को अपना सहायक कोच नियुक्त किया। बेंगलुरु के 44 वर्षीय पूर्व खिलाड़ी विल्सन मुख्य कोच ओवेन कॉयले के साथ फिर से जुड़ गए हैं। इस जोड़ी ने इससे पहले जमशेदपुर एफसी में एक साथ काम किया था। इन दोनों की देखरेख में जमशेदपुर एफसी ने 2022 में पहली बार आईएसएल लीग विजेता शील्ड खिताब जीता था। विल्सन ने रमन विजयन की जगह ली। विल्सन ने कहा चेन्नईयिन एफसी का हिस्सा बनना हमेशा सम्मान और सौभाग्य की बात है। एक क्लब जिसने आईएसएल के दौ चैंपियनशिप और अन्य उपलब्धियां जीती हैं। मैं खिताब जीतने के क्लब के लक्ष्य को हासिल करने के लिए चेन्नईयिन एफसी के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

विधात्री ने बढ़त के साथ शुरू किया करियर

मैसुरु। एमेच्योर खिलाड़ी के तौर पर हीरो महिला प्रो-गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) में जीत का स्वाद चख चुकी विधात्री उर्स ने गुरुवार को यहां अपने पेशेवर करियर का आगाज सातवें चरण के शुरुआती दौर शीर्ष स्थान के साथ किया। विधात्री ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला। उन्होंने इस दौरान एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाए। वह जैस्मीन शेखर और अनन्या गर्ग से दो शॉट आगे हैं। दोनों खिलाड़ी एक ओवर 71 के कार्ड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। शुरुआती छह होल में चार बोगी लगाने वाली खुशी खनिजाउ ने अच्छी वापसी की और वह दो ओवर के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर है।

भारत के पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

लांग एन (वियतनाम)। भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे। इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

ओलंपिक की तैयारियों का खेल मंत्री ने लिया जायजा

नई दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया। मांडविया ने कहा आज मैंने पहली बार आईओए के अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें उन्होंने मुझे पेरिस ओलंपिक खेलों की तैयारी की जानकारी दी। सरकार हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। आईओए अध्यक्ष उषा इस बैठक से संतुष्ट दिखी और कहा कि मंत्री के साथ बातचीत पेरिस जाने वाले खिलाड़ियों के लिए अच्छा संकेत है।

भारत में यूरो कप का बुखार, सोनी नेटवर्क पर प्रसारण

मुबंई। दुनिया भर में सर्वाधिक लोकप्रिय खेल फुटबाल की दिग्गज टीमों के बीच जोर आजमाइश शुक्रवार से जर्मनी में शुरु होने वाले यूईएफए यूरो 2024 में होगी वहीं इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सोनी स्पोर्टस नेटवर्क में होने वाले प्रसारण के कमेंटरी बाक्स में भारत के दिग्गज फुटबॉलर सुनील छेत्री, बाइचुंग भूटिया के अलावा फ्रांस के पैट्रिस एवरा और डेविड जेम्सम मौजूद होंगे। एक महीने तक चलने वाली प्रतियोगिता का ग्रुप चरण 26 जून तक चलेगा जबकि नॉकआउट मुकाबले 29 जून से शुरू होंगे। जर्मनी को ग्रुप ए में रखा गया है जो शुक्रवार 14 जून को म्यूनिख फुटबॉल एरेना में स्कॉटलैंड के खिलाफ शुरुआती मैच खेलेंगे। सोनी स्पोर्ट्स टेन 3 में प्रतियोगिता का प्रसारण हिन्दी में किया जाएगा। सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क ने अपने लाइव स्टूडियो शो फुटबॉल एक्स्ट्रा के लिए एक्सपर्ट पैनलिस्टों के एक समूह की घोषणा की है।

जीत के साथ सुपर आठ में पहुंची वेस्टइंडीज

13 रन से हारने के बाद ग्रुप सी में अंतिम पायदान पर पहुंची न्यूजीलैंड, आगे की राह कठिन

टरूबा, एजेंसी

शरफेन रदरफोर्ड नाबाद (68) की अर्धशतकीय पारी और उसके बाद अल्जारी जोसेफ चार विकेट तथा गुडाकेश मोटी तीन विकेट की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने टी-20 विश्वकप के मुकाबले में न्यूजीलैंड को 13 रनों से हरा दिया है। इस तीसरी जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम सुपर आठ में पहुंच गई है।

वेस्टइंडीज के 149 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ओवर में डेवन कॉन्वे (5) का विकेट गवां दिया। छठें ओवर में जोसेफ ने फिन ऐलन (26) आउट कर वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान केन विलियमसन (1) रचिन रविंद्र (10) को गुडाकेश मोटी ने आउट कर पवेलियन भेज दिया। 11वें ओवर में मोटी ने डैरिल मिचेल (12) को बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। जिमी नीशम (10), ट्रेंट बोल्ट (7) रन बनाकर आउट हुए। ग्लेन फिलिप्स ने 33 गेंदों में सर्वाधिक 40 रन बनाए। मिचेल सैंटनर 21 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 136 रन ही बना सकी और 13 रन से मुकाबला हार गई। इस हार के साथ ही न्यूजीलैंड पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच दिया गया।

68 रनों की शानदार पारी खेलकर शरफेन रदरफोर्ड ने वेस्टइंडीज टीम को संभाला

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	3	3	0	6	1.137	0
अमेरिका	3	2	1	4	0.127	0
पाकिस्तान	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड	2	0	2	0	-1.712	0
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
नामीबिया (बा)	2	1	1	2	-0.309	0
इंग्लैंड	1	0	1	1	-1.800	1
ओमान (बा)	3	0	3	0	-1.613	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
अफगानिस्तान	2	2	0	4	5.225	0
युगांडा	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड	2	0	2	0	-2.425	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	3	3	0	6	0.603	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल	2	0	1	1	-0.539	1
श्रीलंका	3	0	2	1	-0.777	1

स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज 149/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
ब्रैंडन किंग कैच कॉन्वे बोल्ड नीशम	9	12	0/1
जॉनसन चार्ल्स बोल्ड बोल्ट	0	5	0/0
निकोलस पूरन कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी	17	12	3/0
रॉस्टन चेज कैच रविंद्र बोल्ड फर्ग्युसन	0	3	0/0
रोवमन पॉवेल कैच कॉन्वे बोल्ड साउदी	1	5	0/0
शरफेन रदरफोर्ड नाबाद	68	39	2/6
अकील हुसैन कैच नीशम बोल्ड सैंटनर	15	17	0/1
आंद्रे रसल कैच फर्ग्युसन बोल्ड बोल्ट	14	7	2/1
रोमारियो शेफर्ड पगबाधा फर्ग्युसन	13	13	0/1
अल्जारी जोसेफ बोल्ड बोल्ट	6	6	1/0
गुडाकेश मोटी नाबाद	0	1	0/0

अतिरिक्त : 6 रन, **गेंदबाजी** : बोल्ट 4-1-16-3, साउदी 4-0-21-2, फर्ग्युसन 4-0-27-2 नीशम 4-0-27-1, फिलिप्स 1-0-9-0, सैंटनर 2-0-27-1, मिचेल 1-0-19-0

न्यूजीलैंड 136/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
डेवन कॉन्वे कैच चेज बोल्ड हुसैन	5	8	0/0
फिन ऐलन कैच रसल बोल्ड जोसेफ	26	23	3/1
रचिन रविंद्र कैच रसल बोल्ड मोटी	10	13	0/0
केन विलियमसन कैच पूरन बोल्ड मोटी	1	2	0/0
डैरिल मिचेल बोल्ड मोटी	12	13	1/0
ग्लेन फिलिप्स कैच पॉवेल बोल्ड जोसेफ	40	33	3/2
जिमी नीशम कैच किंग बोल्ड जोसेफ	10	11	0/1
मिचेल सैंटनर नाबाद	21	12	0/3
टिम साउदी कैच आउट जोसेफ	0	1	0/0
ट्रेंट बोल्ट कैच चेज बोल्ड रसल	7	4	0/1
लॉकी फर्ग्युसन नाबाद	0	0	0/0

अतिरिक्त : 4 रन, **गेंदबाज** : अकील हुसैन 4-0-21-1, रोमारियो शेफर्ड 3-0-36-0, आंद्रे रसल 4-0-30-1, अल्जारी जोसेफ 4-0-19-4, गुडाकेश मोटी 4-0-25-3, रॉस्टन चेज 1-0-4-0

प्रणय और समीर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

ऑस्ट्रेलिया ओपन

सिडनी, एजेंसी

भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ हालांकि महिला एकल में दूसरे दौर से बाहर हो गई। अनुपमा को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से हार गई।

बांग्लादेश ने नीदरलैंड को 25 रन से हराया

किंग्सटाउन, एजेंसी

- बांग्लादेश ने सुपर आठ की ओर बढ़ाया एक और कदम

शाकिब अल हसन नाबाद (64) की अर्धशतकीय और तंजिद हसन (35) रनों की पारियों और उसके बाद आखिरी ओवरों में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने गुरुवार टी-20 विश्वकप के 27वें मुकाबले में नीदरलैंड को 26 रनों से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही बांग्लादेश ने सुपर आठ की ओर एक कदम और बढ़ा दिया है।

आज यहां नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ओवर में कप्तान नजमुल शान्तो (1) को आर्यन दत्ता ने विक्रमजीत के हाथों कैच आउट करा दिया। चौथे ओवर में लिटन कुमार दास भी (1) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय शाकिब अल हसन और तंजिद हसन ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिये 48 रनों की साझेदारी हुई। नौवें ओवर में पॉल वैन मीकरेन ने तंजिद हसन को आउट कर बांग्लादेश को तीसरा झटका दिया। तंजिद ने 25 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 35 रन बनाये। मो. तौहीद हृदोय (9) और महमुदउल्लाह (25) रन बनाकर आउट हुये। शाकिब अल हसन ने 46 गेंदों में नाबाद 64 रनों की पारी खेली। जाकेर अली 14 रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 159 रन का स्कोर खड़ा किया।

160रनों के लक्ष्य का उतरी नीदरलैंड की भी शुरुआत ठीक नहीं रही। पांचवें ओवर में तस्किन अहमद ने माइकल लेविट (18) का शिकार कर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। छठे ओवर में अंजिम ने मैक्स ओ''डाउड (12) को कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 10वें ओवर में विक्रमजीत सिंह (26) को महमुदउल्लाह की गेंद पर लिटन ने स्टंप किया। साइब्रैंड एंजेलब्रेक्ट ने 22 गेदों में सर्वाधिक 33 रन बनाये। स्कॉट एडवर्ड्स (25), बास डलीडे (शून्य) और लोगन वैन बीक (2) रन बनाकर आउट हुये। आर्यन दत्त 15 रन बनाकर नाबाद रहे। नीदरलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी और 25 रन से मुकाबला हार गई।

विंबलडन में नहीं खेलूंगा : नडाल

लंदन। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल उम्मीद के मुताबिक विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेंगे और इसके बजाय स्वीडन के बस्ताद में क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में भाग लेकर पेरिस ओलंपिक की तैयारी करेंगे। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल ने गुरुवार को कहा कि वह ऑल इंग्लैंड क्लब के लिए घास के कोर्ट पर खेलने और फिर क्ले पर वापस आने की बजाय सिर्फ क्ले कोर्ट पर ही खेलना चाहते हैं। नडाल ने कहा, हमारा मानना है कि मेरे शरीर के लिए सबसे अच्छा यही है कि मैं सतह नहीं बदलूं। ओलंपिक के दौरान 27 जुलाई से रोलां गैरो पर टेनिस प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह फ्रेंच ओपन का आयोजन स्थल है जहां नडाल ने रिकॉर्ड 14 खिताब जीते हैं। वह पिछले डेढ़ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

विंबलडन की इनामी राशि हुई रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड

लंदन। ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे। कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है। ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। एकल के पहले दौर में हारने वाले खिलाड़ियों को 2023 में 55,000 पाउंड (70,000 डॉलर) से बढ़ाकर 60,000 पाउंड (लगभग 76,000 डॉलर) मिलेंगे। क्वालीफाइंग प्रतियोगिता के लिए पुरस्कार 14.9 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख पाउंड (लगभग 60 लाख डॉलर) हो जाएगा।

मेरा आखिरी क्लब होगा इंटर मियामी : मेसी

अटलांटा। दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी का अपने देश अर्जेंटीना के किसी क्लब से जुड़कर खेल को अलविदा कहने का कोई इरादा नहीं है और उन्होंने कहा कि इंटर मियामी उनका अंतिम क्लब होगा। अर्जेंटीना के कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि इंटर मियामी मेरा अंतिम क्लब होगा। आज की तारीख में मैं यही सोचता हूं कि यह मेरा अंतिम क्लब होने जा रहा है। मेसी अमेरिका में अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ कोपा अमेरिका की तैयारी कर रहे हैं। अर्जेंटीना इस टूर्नामेंट का पिछला चैंपियन है। मेसी की अगुवाई में अर्जेंटीना ने 2022 में कतर में विश्व कप जीता था। बार्सिलोना के पूर्व स्टार मेसी का इंटर मियामी के साथ अनुबंध 2025 के सत्र के समापन तक है। यूरोप से यहां आने का फैसला मुश्किल था। विश्व चैंपियन बनने से बहुत मदद मिली, और चीजों को अलग तरह से देखने का मौका भी मिला। मैं खेल का आनंद लेने का प्रयास करता हूं। अर्जेंटीना के कई प्रशंसकों को उम्मीद थी कि मेसी अपने पहले क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज की तरफ से खेलकर अपने करियर का अंत करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

भारतीय मूल के नीति विशेषज्ञ तरल गिरफ्तार

ह्यूस्टन, एजेंसी

- ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में टेक्सास रेंजर्स ने की कार्रवाई

भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक एवं तीस-वर्षीय नीति विशेषज्ञ एवं टेक्सास के कंट्री कमिश्नर पद के लिए उम्मीदवार तरल पटेल को टेक्सास रेंजर्स ने ऑनलाइन गलत पहचान और मिथ्या प्रस्तुति के आरोप में बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। गलत पहचान का अपराध टेक्सास चुनाव संहिता के तहत श्रेणी-'ए' का अपराध है।

फोर्ट बेंड काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी का पब्लिक इंटीग्रिटी डिवीजन टेक्सास रेंजर्स के साथ मिलकर प्रीसिंक्ट-तीन कमिश्नर पद के राजनीतिक उम्मीदवार पटेल के खिलाफ शिकायत की जांच कर रहा है। टेक्सास चुनाव संहिता में ऑनलाइन गलत पहचान के लिए थर्ड-डिग्री और पहचान की मिथ्या प्रस्तुति के लिए श्रेणी-ए के अपराध के आरोप मुख्य शिकायतें हैं। पटेल को घोर अपराध के लिए 20,000 और चूक के लिए 2,500 अमेरिकी डॉलर के बॉण्ड पर रखा गया है और अगर वह बॉण्ड राशि जमा नहीं कराते तो गुरुवार सुबह मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पर केस

वाशिंगटन। अप्रवासी अधिकार संगठनों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन के हालिया निर्देश को लेकर बाइडन प्रशासन पर मुकदमा किया। बाइडन ने हाल ही में दक्षिणी सीमा पर शरणार्थियों के प्रवेश पर प्रभावी रूप से रोक लगा दी थी, जिसका विरोध करते हुए समूह ने दावा किया कि राष्ट्रपति का यह निर्णय ट्रंप प्रशासन के दौरान उठाये गये कदम से बहुत अलग नहीं है, जिसपर अदालतों ने रोक लगा दी थी।

लास अमेरिकाज इमिग्रेंट एडवोकेसी सेंटर और आरएआईसीईएस की ओर से अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन (एसीएलयू) और अन्य ने यह मुकदमा दाखिल किया है। यह मुकदमा सीमा पर बाइडन की व्यापक कार्रवाई की वैधता की परीक्षा है।

जी-7 यानि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं का समूह

जी-7 दुनिया की सात सबसे बड़ी कथित विकसित और उन्नत अर्थव्यवस्था वाले देशों का समूह है, जिसमें कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमरीका शामिल हैं। इसे ग्रुप ऑफ़ सेवन भी कहते हैं। समूह खुद को कम्यूनिटी ऑफ़ वैल्यूज यानी मूल्यों का आदर करने वाला समुदाय मानता है। स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की सुरक्षा, लोकतंत्र और क़ानून का शासन और समृद्धि और सतत विकास, इसके प्रमुख सिद्धांत हैं।

कब हुई पहली बैठक

शुरुआत में यह छह देशों का समूह था, जिसकी पहली बैठक 1975 में हुई थी। इस बैठक में वैश्विक आर्थिक संकट के संभावित समाधानों पर विचार किया गया था। अगले साल कनाडा इस समूह में शामिल हो गया और इस तरह यह जी-7 बन गया।

कैसे करता है काम

जी-7 देशों के मंत्री और नौकरशाह आपसी हितों के मामलों पर चर्चा करने के लिए हर साल मिलते हैं। प्रत्येक सदस्य देश बारी-बारी से इस समूह की अध्यक्षता करता है और दो दिवसीय वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है। शिखर सम्मेलन के अंत में एक सूचना जारी की जाती है, जिसमें सहमति वाले बिंदुओं का जिक्र होता है।

रूस क्यों नहीं शामिल

साल 1998 में इस समूह में रूस भी शामिल हो गया था और यह जी-7 से जी-8 बन गया था, लेकिन साल 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया हड़प लेने के बाद रूस को समूह से निलंबित कर दिया गया था। वहीं दो सालों से यूक्रेन और रूस के बीच चल रहे युद्ध के कारण भी रूस को समूह में पुन: शामिल नहीं किया जा रहा है।

भारत करता रहा है सुधार का आह्वान

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शासनकाल के दौरान भी भारत ने पांच बार जी-7 (तत्कालीन जी-8 समूह) में भाग लिया था। भारत लंबे समय से वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थानों और समूहों में सुधार करने का आह्वान करता रहा है।

जी-7, जी-20 में अंतर

जी-20 समूह देशों का एक बड़ा समूह है, जिसमें जी-7 समूह के सदस्य भी शामिल हैं। जी-20 समूह का गठन वर्ष 1999 में वैश्विक आर्थिक चिंताओं से निपटने हेतु और अधिक देशों को एक साथ एक मंच पर लाने के उद्देश्य से किया गया था। जी-20 समूह वैश्विक अर्थव्यवस्था के तकरीबन 80 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। जी-7 के विपरीत, जो वैश्विक समुदाय से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करता है। वहीं जी-20 में केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाज़ारों से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाता है।

एक नजर

रूस ने यूक्रेन के चार ड्रोन को मार गिराया

मॉस्को। रूस के हवाई सुरक्षा बलों ने यारोस्लाव क्षेत्र में यूक्रेन के तीन ड्रोन और व्लादिमीर क्षेत्र एक ड्रोन को मार गिराया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पिछली रात के दौरान यूक्रेन द्वारा रूसी संघ के क्षेत्र में लक्ष्यों के खिलाफ मानव रहित हवाई (यूएवी) वाहनों का उपयोग करके आतंकवादी हमले करने के कई प्रयासों को रोक दिया गया था। ड्यूटी पर वायु रक्षा प्रणालियों ने यारोस्लाव क्षेत्र में तीन यूएवी और व्लादिमीर क्षेत्र में एक यूएवी को नष्ट कर दिया।

हूती विद्रोहियों ने पोत पर मिसाइल से हमला किया

दुबई। यमन के हूती विद्रोहियों द्वारा अदन की खाड़ी में गुरुवार को कथित रूप से एक पोत पर मिसाइल से हमला किया गया जिससे जहाज पर आग लग गई। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड मारीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' ने बताया कि यह हमला यमन के अपतटीय क्षेत्र में अदन की खाड़ी में हुआ। उसने कहा कि हमले के बाद पोत में आग लग गई। निजी सुरक्षा कंपनी 'एम्ब्रे' ने कहा कि व्यापारिक जहाज ने परेशानी में होने की सूचना देते हुए कहा कि उसपर एक मिसाइल से हमला हुआ है।

लीबिया से 163 बांग्लादेशी प्रवासी निर्वासित

त्रिपोली। लीबिया से बंगलादेश के 163 नागरिकों को निर्वासित किया गया है। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने बुधवार को कहा कि उसने इस सप्ताह लीबिया से 163 प्रवासियों को उनके गृह देश बंगलादेश लौटने में सहायता की है। आईओएम ने ट्वीट किया आईओएम का स्वैच्छिक मानवीय वापसी (वीएचआर) कार्यक्रम फंसे हुए और कमजोर प्रवासियों की सहायता करना जारी रखता है जो लीबिया से अपने गृह देशों में लौटने के लिए सहायता का अनुरोध करते हैं।

ईरान से फ्रांसीसी नागरिक रिहा : मैक्रों

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि ईरान ने फ्रांसीसी नागरिक लुइस अर्नोद को रिहा कर दिया है। मीडिया रिपोर्टों में मैक्रों के हवाले से यह जानकारी दी गयी। रिपोर्टों के मुताबिक मैक्रों ने कहा, लुईस अर्नोद रिहा हो गए हैं। ईरान में लंबे समय तक कैद रहने के बाद कल वह फ्रांस पहुंचेंगे। उन्होंने अर्नोद को रिहा करने में मदद के लिए ओमान को धन्यवाद दिया और ईरान से तीन अन्य फ्रांसीसी नागरिकों को अविलंब रिहा करने का आग्रह किया।

यूक्रेन को 50 अरब डॉलर का ऋण

जी-7 सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाने की संभावना

बोर्गो एग्नाजिया (इटली), एजेंसी

- इटली की प्रधानमंत्री बोलीं- बैठक का संदेश ग्लोबल साउथ के साथ संवाद और एकता का हो
- जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे पोप फ्रांसिस

जी-7 उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के वार्षिक शिखर सम्मेलन की शुरुआत गुरुवार को अमेरिका द्वारा यूक्रेन को 50 अरब डॉलर के ऋण के लिए समर्थन देने के प्रस्ताव पर सहमति के साथ हुई। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने दक्षिणी इटली के एक रिसॉर्ट में आयोजित शिखर सम्मेलन में जी-7 के राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत करते हुए कहा कि वह चाहती हैं कि इस बैठक का संदेश 'ग्लोबल साउथ' के साथ संवाद और एकता का हो। जी-7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में जारी युद्ध और गाजा में संघर्ष का मुद्दा छाया रहने की संभावना है।

पोप फ्रांसिस जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित करने वाले पहले पोप बनेंगे। पोप के यूक्रेन पर रूस के हमले और गाजा में इजराइल-हमास संघर्ष के शांतिपूर्ण अंत के लिए अपनी अपील को भी दोहराने की उम्मीद है। जी7 में कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका शामिल हैं। शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे इटली ने कई अफ्रीकी नेताओं को भी आमंत्रित किया है। अन्य अतिथियों में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईस इनासियो लूला दा सिल्वा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन शामिल हैं। अमेरिकी प्रस्ताव में रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन की मदद के लिए 50 अरब अमेरिकी डॉलर का ऋण देने की बात शामिल है।

शामिल नहीं होंगे सऊदी अरब के प्रधानमंत्री

रियाद, एजेंसी। सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद इटली में होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे। सऊदी प्रेस एजेंसी (एसपीए) ने यह जानकारी दी है। एजेंसी ने बुधवार को बताया कि इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जियो मेलोनी को भेजे गए एक संदेश में सऊदी प्रधानमंत्री ने शिखर सम्मेलन के निमंत्रण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया और कहा कि वह हज सीज़न के कार्यों की देखरेख से संबंधित प्रतिबद्धताओं के कारण सम्मेलन में भाग नहीं ले पाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि क्राउन प्रिंस ने सऊदी अरब-इटली संबंधों की गहराई पर भी ध्यान दिया और सम्मेलन की सफलता की कामना की। जी7 सम्मेलन 13-15 जून तक इटली के अपुलीया क्षेत्र में होगा।

हो सकती है बाइडन और मोदी की मुलाकात

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मिलने की संभावना है। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ जी7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए एयर फोर्स वन के विमान में इटली प्रस्थान के दौरान सुलिवन ने संवाददाताओं से कहा, उन्हें (बाइडन को) उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी वहां आएंगे। भारत ने फिलहाल औपचारिक रूप से उनकी (मोदी) उपस्थिति की पुष्टि नहीं की है लेकिन हमें उम्मीद है कि दोनों नेता एक-दूसरे से मिल सकते हैं। मुलाकात कैसी होगी फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है क्योंकि कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। भारत के विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नयी दिल्ली में संवाददाताओं को बताया कि मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर बृहस्पतिवार को इटली के लिए रवाना होंगे। इटली ने 14 जून को होने वाले 50वें जी7 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को आउटरीच कंट्री के तौर पर आमंत्रित किया है। क्वात्रा ने मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की पुष्टि की।

यूक्रेन को 50 नए बख्तरबंद वाहनों की आपूर्ति शुरू

ओटावा। कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री बिल ब्लेयर ने गुरुवार को कहा कि कनाडा ने यूक्रेन के लिए विशेष रूप से तैयार किये गये पहले चार बख्तरबंद वाहन भेजे है। ब्लेयर ने 'एक्स' पर लिखा, यूक्रेन के लिए कनाडाई श्रमिकों द्वारा निर्मित 50 नए बख्तरबंद वाहनों में से पहले चार यूक्रेन के सशस्त्र बलों के लिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, पहले 10 बख्तरबंद एम्बुलेंस हैं, जो चिकित्सा उपकरण और कवच के साथ आते हैं जो यूक्रेन के सैनिकों को सुरक्षित निकालने और घायल कर्मियों का इलाज करने में सक्षम बनाएंगे।

फेसबुक से मिले अलर्ट से सात मिनट में बचाई जान

मेरठ, एजेंसी

- पत्नी से अनबन के बाद सुसाइड करने जा रहे थे प्रोफेसर

फेसबुक अलर्ट ने मेरठ के सिविल लाइन थानाक्षेत्र में एक प्रोफेसर की जान बचा ली। अनबन के बाद पत्नी के मायके चले जाने से परेशान एक डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर ट्रेन के आगे कूदकर जान देने जा रहे थे। अमेरिका में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा के हेडक्वार्टर में जैसे ही ये लाइव वीडियो दिखाई दिया तो उसने भारत में उत्तर प्रदेश के लखनऊ में पुलिस मुख्यालय को जानकारी दी। हरकत में आए महकमे ने लाइव लोकेशन का पता लगाया और मेरठ पुलिस को सूचित किया, जिसके बाद मात्र सात मिनट में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रोफेसर को आत्महत्या करने से रोका लिया।

जीआरपी इंस्पेक्टर विनोद ने बताया कि फेसबुक लाइव आकर प्रोफेसर आत्महत्या करने जा रहे थे। थाना सदर बाजार के प्रभारी निरीक्षक शशांक द्विवेदी ने प्रोफेसर की जानकारी जुटाई तो पता चला कि वह सिविल लाइन क्षेत्र में रहते हैं। उन्होंने थाना प्रभारी को फोन कर प्रोफेसर के घरवालों को जानकारी देने को कहा।

एलन मस्क और स्पेसएक्स पर मुकदमा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- यौन उत्पीड़न और कार्यशैली को चुनौती देने के कारण नौकरी से निकालने का लगाया आरोप

स्पेसएक्स और उसके मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क पर कंपनी के आठ पूर्व कर्मचारियों ने मुकदमा दायर किया है। इन पूर्व कर्मचारियों का आरोप है कि मस्क ने कंपनी में व्याप्त यौन उत्पीड़न और शत्रुतापूर्ण कार्यशैली को चुनौती देने के कारण उन्हें नौकरी से निकालने का आदेश दिया।

कैलिफोर्निया राज्य की अदालत में मुकदमा दायर करने वाले कर्मचारियों ने कंपनी के प्रबंधन को 2022 में लिखे खुले पत्र में अपनी शिकायतों का विवरण दिया, जिसे उन्होंने कंपनी के इंट्रानेट (किसी कंपनी द्वारा उपयोग किया जाने वाला निजी नेटवर्क) के माध्यम से साझा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि अगले दिन चार लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया और अन्य को बाद में आंतरिक जांच के बाद नौकरी से निकाला गया। जनवरी में संघीय राष्ट्रीय श्रम संबंध बोर्ड ने नौ बर्खास्त कर्मचारियों द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर स्पेसएक्स के खिलाफ अपनी शिकायत दर्ज कराई।

चीन में पढ़ने वाले छात्रों के एफएक्यू जारी किए गए

बीजिंग, एजेंसी

- साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं

भारतीय दूतावास ने चीन में अध्ययन कर रहे भारतीयों के लिए अपनी वेबसाइट पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) प्रकाशित किए हैं ताकि उन्हें चीनी कॉलेजों से प्राप्त दस्तावेजों व डिग्रियों के सत्यापन से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी जा सके। साल 2016, 2017 और 2018 बैच के भारतीय छात्र अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद जून और जुलाई में भारत लौटने वाले हैं, ऐसे में चीनी कॉलेजों से प्राप्त डिग्री के लिए आवश्यक दस्तावेजीकरण से संबंधित कई प्रश्न बुधवार को प्रकाशित किए गए हैं।

एफएक्यू में इन दस्तावेजों के सत्यापन के लिए दूतावास और शंघाई व गुआंगजू में भारतीय वाणिज्य दूतावासों द्वारा ली जाने वाली फीस, त्वरित आधार पर दस्तावेजों के सत्यापन में लगने वाला समय, भारत में स्वीकृति के लिए दूतावास से दस्तावेजों के सत्यापन की आवश्यकता, भारत में विभिन्न चिकित्सा परिषदों द्वारा दूतावास को भेजे गए दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया आदि के बारे में कई प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। चीन में भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत और वाणिज्य दूत नितिनजीत सिंह ने छात्रों से अनुभव जाने।

नए विचार पेश करने से हमास का इनकार

गाजा, एजेंसी

- गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव पर किए गए दावों का किया खंडन

हमास ने गाजा युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश करने से इनकार किया है। हमास ने बुधवार को उन दावों का खंडन किया कि उसने गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित युद्धविराम प्रस्ताव के लिए नए विचार पेश किए हैं। एक सूत्र ने यह जानकारी दी।

हमास के एक करीबी सूत्र ने बताया कि हमने जो कुछ किया वह मध्यस्थों द्वारा गत पांच मई को प्रस्तुत की गई बातों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना था और हमने किसी भी नए विचार या प्रस्ताव पर चर्चा नहीं की। सूत्र ने दावा किया कि प्रस्ताव में ऐसे खंड शामिल हैं कि अगर बातचीत से सकारात्मक परिणाम नहीं निकलते हैं तो यह इज़रायल को दूसरे चरण के बाद युद्ध फिर से शुरू करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने कहा हमने इजरायल को युद्ध फिर से शुरू करने से रोकने और समझौते के चरणों की शर्तों के लिए प्रतिबद्ध होने के लिए आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय गारंटी का अनुरोध किया।

सूत्र ने बताया कि हमास ने स्थायी युद्धविराम, गाजा पट्टी से इजरायली सेना की वापसी, विस्थापित लोगों की उनके घरों में वापसी, गाजा के पुनर्निर्माण और नाकाबंदी की समाप्ति की मांग की है। हमास ने यह बात अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के एक बयान के जवाब में दी है। ब्लिंकन ने कहा था कि हमास ने युद्धविराम और बंधक समझौते में कई परिवर्तन का सुझाव दिया था।

गाजा में मृतकों की संख्या 37,202 हुई

गाजा, एजेंसी। गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हमलों में मृतकों की संख्या बढ़कर 37202 हो गयी है। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों की ओर से जारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 38 फिलीस्तीनी मारे गए और 100 अन्य घायल हो गए। इसके साथ ही अक्टूबर 2023 में फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 37,202 हो गई और 84,932 लोग घायल हो गए। बयान में कहा गया कि भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे रहे। सात अक्टूबर 2023 को दक्षिणी इजरायली सीमा के माध्यम से हमास के हमले के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने के लिए इजरायल ने गाजा पट्टी में बड़े पैमाने पर हमला किया।

आईएसआई पर परेशान करने का आरोप लगाया

लाहौर, एजेंसी

- आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखा

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित मामलों की सुनवाई कर रहे आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश ने खुफिया एजेंसी आईएसआई पर अपने पक्ष में फैसले कराने के मकसद से उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान करने का आरोप लगाया है।

आतंकवाद रोधी अदालत (सरगोधा) के न्यायाधीश मोहम्मद अब्बास ने लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मलिक शहजाद अहमद खान को एक पत्र लिखकर बताया है कि आईएसआई के अधिकारियों ने उन्हें और उनके परिवार के सदस्यों को परेशान किया है।

तोड़फोड़ के मामले में इमरान खान बरी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान, उनके सहयोगी शाह महमूद कुरैशी और पूर्व मंत्री शेख राशिद को तोड़फोड़ के एक मामले में गुरुवार को बरी कर दिया। यह मामला 2022 में तोड़फोड़ में कथित संलिप्तता के आधार पर इस्लामाबाद के आई-9 थाने में दर्ज किया था।

बॉलीवुड हलचल

आनंद महिंद्रा ने कल्कि के हीरो बुज्जी की सवारी की

मुंबई, एजेंसी। महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कल्कि 2898 एडी के पांचवे हीरो बुज्जी की सवारी की है। आगामी विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने हाल ही में हैदराबाद में एक भव्य कार्यक्रम में भविष्य के वाहन बुज्जी का अनावरण किया, जो फिल्म के पांचवें और अंतिम नायक हैं। बुज्जी इस फिल्म में प्रभास के किरदार भैरवा का सबसे अच्छा दोस्त है। आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पर कल्कि 2898 एडी के निर्देशक नाग अश्विन और बुज्जी के लिए उनके दृष्टिकोण की काफी प्रशंसा की थी। आनंद महिंद्रा अब आखिरकार बुज्जी से मिल चुके हैं। बुज्जी से मिलने के तुरंत बाद, आनंद महिंद्रा ने इसमें घूमने का अनुभव करने का फैसला किया। इस ऐतिहासिक मुलाकात का एक वीडियो साझा करते हुए, निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर लिखा, "#बुज्जी की मुलाकात ‹bha›@‹/bha›आनंदमहिंद्रा से हुई नाग अश्विन द्वारा निर्देशित सायंस फिक्शन महाकाव्य फिल्म कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कल्कि 27 जून को रिलीज होगी।

करण की किल का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर की आने वाली फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज हो गया है। धर्मा प्रोडेक्शन के बैनर तले बनीं करण जौहर की फिल्म किल का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म किल में मुख्य भूमिका लक्ष्य लालवानी ने निभायी है। किल के ट्रेलर की शुरुआत लक्ष्य नाम के सैनिक से होती है, जो ट्रेन में अपनी गर्लफ्रेंड तान्या मानिकतला को प्रपोज करता है। हालांकि, उनका ये रोमांटिक सफर कुछ ही देर में एक बुरे सपने में बदल जाता है, क्योंकि ट्रेन में गुंडों की एक टोली आ जाती है और तान्या के किरदार को बंदी बना लेती है। इसके बाद शुरू होता है खूनी खेल। लक्ष्य, एक अचानक रक्षक से राक्षस बन जाता है। इसके बाद एक-एक कर वो गुंडों को ढूंढ- ढूंढ कर मारता है। कुछ ही देर में चलती ट्रेन लाशों से भर जाती है। धर्मा प्रोडक्शंस और गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट ने किल का प्रोडक्शन किया है।

आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बनेगी बायोपिक

मुंबई, एजेंसी। देश की पहली महिला आईपीएस ऑफिसर किरण बेदी पर बायोपिक बनायी जा रही है। ड्रीम स्लेट पिक्चर्स ने हाल ही में इस बायोपिक का ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दिया है, जिसका नाम बेदी : द नेम यू नो है। इस बायोपिक में किरण बेदी की जिंदगी के उन हिस्सों को बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा, जो अबतक कोई नहीं जानता. किन चुनौतियों का उन्हें सामना करना पड़ा? उनके माता-पिता से लेकर बाकी चीजें भी बायोपिक में दिखेंगी। फिल्म के निर्देशक कुशल चावला अपने इंस्टा हैंडल पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, ' 'यह रहा! कुशल चावला की लिखित और निर्देशित डॉ. किरण बेदी के जीवन पर बायोपिक फीचर फिल्म हमारी अनाउंसमेंट है। उम्मीद है आपको मोशन पोस्टर देखने में आनंद आया होगा।

खगोल विज्ञान | नासा का रोवर्स मंगल से पृथ्वी पर पहुंचा रहा है जानकारी

सौर तूफानों से बुरी तरह जूझ रही मंगल की धरती

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : सूर्य से निकलने वाले सौर तूफानों से लालग्रह मंगल की धरती इन दिनों बुरी तरह जूझ रही है। मंगल पर मौजूद नासा के रोवर्स के जरिए यह जानकारी सामने आई है। मंगल की धरती पर अंतरिक्ष मौसम के पड़ने वाले प्रभावों को लेकर वैज्ञानिक निरंतर अध्ययन कर रहे हैं।

पृथ्वी से बाहर इंसान के लिए दूसरा घर बसाने का सपना मंगल ग्रह पर साकार हो सकता है, जिसके चलते मंगल के वातावरण व जलवायु का निरंतर अध्ययन किया जा रहा है। मंगल पर पृथ्वी जैसा मौसम नहीं है। हालाकि मंगल पर धूलभरे हल्के तूफान उठते हैं, जो महीनों तक सक्रिय रह सकते हैं। साथ ही वसंत व शीत का मौसम रहता है, लेकिन मानसून जैसी बारिश नही होती। जिस कारण मंगल को निर्जीव व वियावान माना जाता है। ध्रुवीय हिस्सों में जमी हुई बर्फ रहती है। इस मौसम से परे मंगल पर एक बड़ी बाधा अंतरिक्ष मौसम है। जिस कारण सौर विकिरण मंगल की धरती के वातावरण को बुरी तरह प्रभावित करता है। जिसकी जानकारी नासा का क्यूरियोसिटी रोवर हरपल जुटा रहा है। नई जानकारी के अनुसार 20 मई को भीषण सौर तूफान मंगल की धरती से टकराया था।

इस घटना मे बढ़ी मात्रा में सौर कण क्यूरियोसिटी रोवर पर लगे कैमरे में कैद हो गए। इतना भीषण सौर तूफान पहले कभी नही देखा गया था। यदि इस तरह का तूफान पृथ्वी से टकरा जाय तो बड़ी हानि पहुचा जाता। नासा के अनुसार गहरे अंतरिक्ष में ऐसी घटनाएं कैसे घटित होती हैं और मंगल ग्रह पर पहले अंतरिक्ष यात्रियों को कितना विकिरण जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। जिस कारण यह जानकारी महत्वपूर्ण हो चली है।

एक्स 12 श्रेणी का हुआ था विस्फोट

नैनीताल : नासा के अनुसार मंगल ग्रह पर हुई अभी तक कि सबसे बड़ी घटना 20 मई को हुई थी। सौर विस्फोट में सौर ज्वाला की तीव्रता एक्स 12 आंकी गई थी। यह वास्तव में भयानक सौर ज्वाला थी। ईएसए और नासा के संयुक्त मिशन सोलर ऑर्बिटर अंतरिक्ष यान ने इस विस्फोट को देखा था।

सौर तूफानों से घिरी मंगल की धरती।